
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 95 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 13 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# कागजी फाइल से डिजिटल फॉर्म तक आजादी से अब तक आम बजट में क्या-क्या बदला

समाज जागरण

नई दिल्लीः देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा, और इसी के साथ वह लगातार 9 बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। वहीं, भारत के इतिहास का यह 80वां केंद्रीय बजट होगा।

**भारत का केंद्रीय बजट देश की आर्थिक दिशा, परंपराओं और प्राथमिकताओं में समय के साथ हुए बदलावों का आईना है**

भारत का केंद्रीय बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आर्थिक सोच और नीतिगत दिशा का आईना भी होता है। आजादी के बाद से लेकर अब तक बजट की तारीख, समय, प्रस्तुति की शैली और उसकी प्राथमिकताओं में कई बड़े बदलाव हुए हैं। समय के साथ भारत की अर्थव्यवस्था बदली और उसी के साथ बजट की परंपराएं भी आधुनिक होती चली गईं।

भारत में पहला बजट 1860 में पेश हुआ, जबकि आजाद भारत का पहला बजट 1947 में पेश किया गया, जो देश के पुनर्निर्माण और बुनियादी जरूरतों पर केंद्रित था




भारत में पहली बार बजट 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। हालांकि उस समय देश ब्रिटिश शासन के अधीन था। आजाद भारत का पहला केंद्रीय बजट 26 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे तत्कालीन वित्त मंत्री आर.के. शनमुखम चेट्टी ने संसद में प्रस्तुत किया। यह बजट आजादी के बाद की शुरूआती आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था, जिसमें देश के पुनर्निर्माण और बुनियादी जरूरतों पर फोकस था। इसके बाद से अब तक बजट की प्रक्रिया में कई बड़े और ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं।

भारत में बजट की तारीख 2017 में 28 फरवरी से 1 फरवरी कर दी गई, ताकि योजनाएं नए वित्त वर्ष की शुरूआत से पहले लागू हों और राज्यों को तैयार होने का पर्याप्त समय मिल सके

लंबे समय तक भारत में केंद्रीय बजट हर साल 28 फरवरी को पेश किया जाता रहा। यह परंपरा ब्रिटिश काल से चली आ रही थी। लेकिन साल 2017 में मोदी सरकार ने एक ऐतिहासिक बदलाव करते हुए बजट की तारीख 1 फरवरी कर दी। इसका मकसद यह था कि बजट से जुड़ी योजनाएं नए वित्त वर्ष की शुरूआत यानी 1 अप्रैल से पहले ही लागू की जा सकें और राज्यों को भी अपनी योजनाएं बनाने के लिए ज्यादा समय मिल सके।

**2019 में ब्रीफकेस बंद, 2021 में बजट डिजिटल हुआ, ऐप लॉन्च कर आम लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई गई**

साल 2019 से पहले बजट को चमड़े के ब्रीफ-केस में संसद लाया जाता था। लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस परंपरा को बदलते हुए बजट को लाल रंग के कपड़े में लपेटकर पेश किया। पहले बजट दस्तावेज भारी-भरकम कागजी फाइलों में पेश किए जाते थे। लेकिन साल 2021 में पहली बार भारत का केंद्रीय बजट पूरी तरह डिजिटल फॉर्म में पेश किया गया। इसके साथ ही 'बजट ऐप' भी लॉन्च किया गया, जिससे आम लोग आसानी से बजट से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकें।

2017 में रेल बजट को केंद्रीय बजट में शामिल कर दिया गया और बजट पेश करने का समय सुबह 11 बजे कर दिया गया, ताकि समग्र विकास और आर्थिक योजना अधिक प्रभावी ढंग से लागू हो सके

## महाराष्ट्र की 'महायुती' सरकार को झटका!

### चुनाव आयोग ने 'लाडकी बहिन' योजना की किश्त जारी करने पर लगाई रोक

मुंबई। महाराष्ट्र निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के लिए लागू किए गए आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राज्य सरकार को 'लाडकी बहिन' योजना के लिए जनवरी की किस्त जारी करने से रोक दिया है। कांग्रेस ने राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि वह 'महायुति' सरकार को निर्देश दे कि 'लाडकी बहिन' योजना की दिसंबर 2025 और जनवरी की किस्तें नगर निगम चुनाव समाप्त होने के बाद ही जारी की जाएं। ताकि योजना की एक करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों पर कोई प्रभाव न पड़े। इससे पहले महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने दावा किया था कि 'लाडकी बहिन योजना' के तहत दिसंबर और जनवरी के लिए वित्तीय सहायता मकर संक्रांति से पहले जारी कर दी जाएगी।

## बजट में एलटीसीजी और एसटीटी में राहत मिली तो शेयर मार्केट में लौट सकती है रौनक

शेयर बाजार में गिरावट ने निवेशकों को डरा दिया है। नए साल के दूसरे दिन निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था। उसके बाद मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिली। ऐसे में मार्केट यूनियन बजट 2026 को उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर वित्त मंत्री इनवेस्टर्स के लिए राहत का ऐलान बजट में करती हैं तो इससे मार्केट में रौनक लौट सकती है।

## टीसीएस का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 14% गिरकर 10657 करोड़ रहा

टीसीएस ने दिसंबर तिमाही के नतीजों का ऐलान 12 जनवरी को कर दिया। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट साल दर साल आधार पर 14 फीसदी गिरकर 10,657 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर तिमाही में कंपनी के प्रॉफिट पर रीस्ट्रक्चरिंग, लेबल लॉज में बदलाव और लंबे समय से अमेरिका में चल रही कानूनी लड़ाई जैसे बड़े एक्सेप्शनल चार्जेज का असर पड़ा। कंपनी ने प्रति शेयर 57 रुपये डिविडेंड का ऐलान किया है।

# अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में दिखी भारत-जर्मनी दोस्ती की झलक

## पीएम मोदी और जर्मन चांसलर मर्ज ने उड़ाई पतंग

समाज जागरण

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' में भाग लिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पतंग उड़ाकर उत्सव का आनंद लिया और गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बने।



**पारंपरिक अंदाज में हुआ भव्य स्वागत**

प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के रूप में दोनों नेताओं को पारंपरिक गुजराती स्कार्फ पहनाए गए। राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य शैलियों और लोक संगीत की प्रस्तुति देकर जर्मन चांसलर का अभिनंदन किया और आयोजन को यादगार बना दिया।

**'वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली पतंग बनी आकर्षण**

उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'भारत - वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई पतंग उड़ाते देखा गया। यह पतंग दुनिया को एक परिवार मानने की भारत की सोच को दर्शाती है। इसके अलावा कुछ पतंगों पर तिरंगा, हिंदू देवी-देवताओं और दोनों नेताओं की आकृतियां भी बनाई गई थीं।


**दोनों नेताओं की झलक पाने उमड़ी भीड़**

प्रधानमंत्री और जर्मन चांसलर की एक झलक पाने के लिए साबरमती नदी के किनारे भारी संख्या में लोग जमा हुए। इस दौरान कई लोग भारतीय और जर्मन राष्ट्रीय ध्वज लहराते नजर आए, जो दोनों देशों के बीच पुरानी मित्रता और मजबूत होती साझेदारी का प्रतीक बना।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व और विचार विकसित भारत के संकल्प को लगातार नई ऊर्जा देते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री ने युवाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह दिन देशवासियों, खासकर युवाओं के लिए नई शक्ति और आत्मविश्वास लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा –




"भारतीय युवाशक्ति के सशक्त प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व विकसित भारत के संकल्प में निरंतर नई ऊर्जा का संचार करता है। मेरी कामना है कि राष्ट्रीय युवा दिवस का यह दिव्य अवसर सभी देशवासियों, विशेषकर हमारे युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आए।"

# मकर संक्रान्ति पर अवकाश में परिवर्तन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 12 जनवरी। उत्तर प्रदेश शासन ने मकर संक्रान्ति के अवसर पर घोषित अवकाश में बदलाव किया है। अब 14 जनवरी को निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन अनुभाग की 17 नवंबर 2025 की विज्ञप्ति को संशोधित माना जाएगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# नहीं रहीं दरंभगा राज की आखिरी महारानी! शोक में डूबी मिथिला

समाज जागरण



दरभंगा के स्वर्गीय महाराजा डॉ सर कामेश्वर सिंह की तीसरी पत्नी और आखिरी महारानी कामसुंदरी देवी का आज सोमवार को दरभंगा में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि 'महारानी' पिछले छह महीनों से बीमार थीं और उन्होंने दरभंगा में महाराजा के कल्याणी आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद बिहार के पूरे मिथिला क्षेत्र में शोक की लहर है। शाही परिवार के सदस्यों सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। महारानी की मृत्यु को दरभंगा शाही परिवार के लिए एक युग का अंत माना जा रहा है।

**सबसे बड़े पोते रत्नेश्वर सिंह देंगे मुखाग्नि**

महारानी कामसुंदरी देवी ने राज परिसर स्थित कल्याणी निवास में अंतिम सांस ली। उनके सबसे बड़े पोते रत्नेश्वर सिंह ने महारानी के निधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा, "महारानी का आज सुबह निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। फिलहाल, उनका पार्थिव शरीर मिथिलांचल के लोगों के अंतिम दर्शन के लिए आवास पर रखा गया है। परिवार के सदस्यों के आने के बाद, अंतिम संस्कार मधेश्वर परिसर (श्यामा माई कैंपस) में होगा। चिता को मुखाग्नि कुमार रत्नेश्वर सिंह देंगे।"

**आईसीयू में थी एडमिट**

अपने आखिरी दिनों में महारानी कामसुंदरी देवी की सेहत काफी खराब हो गई थी। 96 साल की महारानी, सितंबर 2025 में बाथरूम में गिर गईं, जिससे उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ और खून के थक्के जम गए। उन्हें तुरंत दरभंगा के एक प्राइवेट अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई।

# रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की चमक दिखावे की, आए दिन सुविधाएं होती हैं ठप, यात्री परेशान

समाज जागरण

भोपाल। राजधानी का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, जिसे देश के पहले विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल स्टेशन के रूप में प्रचारित किया गया, आज अपनी ही चमक खोता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार इस स्टेशन की बनावट और डिजिटल सुविधाएं पहली बार आने वाले यात्रियों को भले ही आकर्षित करती हों, लेकिन यहां नियमित सफर करने वाले यात्रियों के लिए जमीनी हकीकत काफी दर्दनाक है। अत्याधुनिक डिजाइन और डिजिटल ढांचे के दावों के बीच स्टेशन का प्रबंधन मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रखने में नाकाम साबित हो रहा है।




**तकनीक पर लगा 'ताला', यात्री बेहाल-:**

स्टेशन पर आवाजाही करने वाले हजारों यात्रियों की सबसे बड़ी शिकायत यहां लगे एस्केलेटर और डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन को लेकर है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर अक्सर एस्केलेटर बंद रहते हैं, जिसके कारण उन्हें भारी-भरकम सामान लेकर सीढ़ियों से चढ़ने-उतरने को मजबूर होना पड़ता है। इतना ही नहीं, ट्रेनों की आवाजाही और कोच पोजीशन बताने वाली डिजिटल स्क्रीन भी कई बार ठप रहती हैं। इस तकनीकी खराबी की वजह से यात्रियों को सही जानकारी नहीं मिल पाती और वे प्लेटफार्मों के बीच भटकने को मजबूर होते हैं।

**महिलाओं और बुजुर्गों की बढ़ी मुश्किलें-:**

इन अव्यवस्थाओं का सबसे गंभीर असर अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। अक्सर देखा जाता है कि महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लिए, एक हाथ में भारी सामान और दूसरे हाथ से बच्चे को संभालते हुए सीढ़ियां चढ़ती हैं। बुजुर्गों के लिए बंद एस्केलेटर किसी बड़ी बाधा से कम नहीं है। यात्रियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रबंधन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही इन समस्याओं का कोई स्थायी समाधान निकाला जा रहा है।

**भव्यता के बजाय सुविधा पर ध्यान देने की मांग-:**

स्टेशन की भव्यता को लेकर यात्रियों का कहना है कि केवल ऊंची इमारतें और आधुनिक डिजाइन किसी स्टेशन की पहचान नहीं हो सकती। असली पहचान यात्रियों को मिलने वाली सुचारू सुविधाओं से बनती है। जिस स्टेशन को देश के लिए एक 'मॉडल' के रूप में पेश किया गया था, वहां मूलभूत सुविधाओं का बार-बार ठप होना प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यात्रियों ने मांग की है कि स्टेशन प्रबंधन नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था करे ताकि एस्केलेटर, लिफ्ट और डिजिटल स्क्रीन जैसी जरूरी सुविधाएं 24 घंटे चालू रहें

//कहानी//

# उजाले की दिशा

गाँव में उस सुबह की धूप कुछ अलग थी।
ठंड अब भी हवा में थी, लेकिन सूरज की किरणों में एक नरमी उतर आई थी–जैसे किसी ने चुपचाप कह दिया हो, अब आगे बढ़ने का समय है। मकर संक्रांति का दिन था।
राघव अलाव के पास बैठा तिलगुड़ की डली हाथ में घुमाता रहा। पिता की याद उसे हर संक्रांति पर वैसे ही घेर लेती थी जैसे धुंध खेतों को ढक लेती है। पिछले साल इसी मौसम में पिता चले गए थे। वही पिता जो कहते थे–
जब सूरज अपनी दिशा बदलता है, तब इंसान को भी अपने मन की दिशा बदलनी चाहिए।
माँ आँगन में चूल्हे पर तिल भून रही थीं। हर चटख की आवाज राघव के दिल में कोई पुरानी तस्वीर जगा देती। माँ ने बिना उसकी ओर देखे कहा,
आज पतंग नहीं उड़ाओगे?
राघव ने हल्की मुस्कान दी।
पिताजी के बिना मन नहीं करता, माँ।
माँ कुछ पल चुप रहीं। फिर बोलीं,
उड़ाना छोड़ दोगे तो क्या वो वापस आ जाएँगे?
राघव चुप हो गया। सच कड़वा था, लेकिन सच था।
छतों पर बच्चे शोर मचा रहे थे। रंगीन पतंगें आसमान में ऐसे तैर रही थीं जैसे किसी ने सपनों को डोर से बाँध दिया हो। माँ ने तिलगुड़ उसकी हथेली पर रख दिया।
ले, मीठा खा। आज कड़वा सोचने का दिन नहीं है।
राघव ने पहली बार उस दिन आसमान की ओर देखा। सूरज ऊपर था, सीधा, स्थिर–और फिर भी अपनी राह बदल चुका था। उसे पिता की बात याद आई। शायद यही समय था।
उसने छत पर कदम रखा। हाथ काँप रहे थे, लेकिन डोर कसकर पकड़ी। पतंग हवा में गई–डगमगाई, लड़ी, कटते-कटते बची–और फिर थिर होकर उड़ने लगी।
राघव की आँखें भर आईं।
कभी-कभी उड़ना सिर्फ खुशी नहीं होता,
कभी-कभी उड़ना स्वीकार करना होता है।
शाम को गाँव के बुजुर्गों के साथ बैठकर उसने तिलगुड़ बाँटा। किसी ने कहा,
संक्रांति सिखाती है–मीठा बोलो, आगे बढ़ो।
राघव ने मन ही मन उत्तर दिया–और यादों को साथ लेकर चलो।
सूरज ढल रहा था, लेकिन उजाला भीतर उतर चुका था। मकर संक्रांति ने सिर्फ मौसम नहीं बदला था, उस दिन राघव की दिशा भी बदल गई थी।



**होमा आसिया बेंगलुरु**

## लोकतंत्र देश के आर्थिक विकास का पैमाना।

# मजबूत राष्ट्र निर्माण की ओर बढ़ते कदम।

आजादी के 77 वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन अपनी बाट जोह रहा है। लोकतंत्र की यथार्थ सीमाओं में वित्तीय विकास और प्रयास, हमे वैश्विक स्थापना प्रदान करते हैं।आर्थिक विकास के बिना लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत आधार स्तम्भ नहीं दे सकतीं हैं। मजबूत वित्तीय प्रबंधनऔर संवैधानिकता की जुगलबन्दी जी देश के चहुमुखी विकास को मूर्तरूप दे सकतें हैं। हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2024 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गा-रंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा' यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है' जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है' इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है' जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं' 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं' हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है ' भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है' संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है' सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है' आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है' भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है' हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है' महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है' पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है' इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया' भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।



**संजीव ठाकुर, लेखक**
**स्तंभकार,वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर**
**छत्तीसगढ़, 90 09 415 415,**

# ट्रंप का बहुपक्षीय संस्थाओं से हटना, वैश्विक व्यवस्था का विखंडन

अतीत में उनके प्रशासन ने अमेरिका को जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते जैसे ढांचों से बाहर निकाला है, संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय बकायों का भुगतान रोका है अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप कुछ मामलों में हमेशा स्पष्ट रहे हैं। उनके दृष्टिकोण में बहुपक्षीय मंच अमेरिका की संप्रभुता को कमजोर करते हैं और सीधे उनके मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के एजेंडे से टकराते हैं। इसी सोच के चलते उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से बाहर निकलने का निर्णय लिया, जिनमें से अनेक संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं। अतीत में उनके प्रशासन ने अमेरिका को जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते जैसे ढांचों से बाहर निकाला है, संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय बकायों का भुगतान रोका है, और विश्व व्यापार संगठन को प्रभावी रूप से पंगु बना दिया है। लेकिन उनकी नवीनतम कार्रवाई इससे भी आगे बढ़ गई है।

गौर करने की बात है कि अमेरिका हमेशा से कई बहुपक्षीय मंचों में अपेक्षाकृत अनिच्छुक प्रतिभागी रहा है। अमेरिका की राजनीति में एक गहरी संयुक्त राष्ट्र-विरोधी प्रवृत्ति रही है, जिसमें ब्लैक हेलीकॉप्टरों के जरिये संयुक्त राष्ट्र की सेनाओं के असहाय ग्रामीण अमेरिकियों पर हमला करने की निराधार अफवाहें शामिल रही हैं। यह षड्यंत्रकारी दुनिया का एक स्थायी हिस्सा है जिसने ट्रंप के आंदोलन को जन्म दिया। इसके अलावा, मुख्यधारा के अमेरिकी राजनेता भी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जैसे संगठनों में शामिल होने में सतर्क रहे हैं, यह मानते हुए कि यह अमेरिका में असंवैधानिक होगा या उसकी संप्रभुता को छीन लेगा। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो ट्रंप केवल अमेरिकी राजनीति की एक मौजूदा धारा को एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेरिस समझौते में दोबारा प्रवेश तो किया, लेकिन उदाहरण के लिए, उन्होंने अपने पूर्ववर्ती द्वारा विश्व व्यापार संगठन को पहुंचाए गए नुकसान को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।



ऐसे में इस नवीनतम बदलाव का विश्लेषण केवल ट्रंप की विदेशियों के प्रति जाहिर नापसंदगी से अधिक गहराई में जाकर किया जाना चाहिए। इस सूची में कुछ संगठन ऐसे हो सकते हैं जिन्हें निष्क्रिय या अपेक्षाकृत निरर्थक माना जा सकता है, लेकिन अन्य निश्चित रूप से ऐसा नहीं हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा समझौता (यूएनएफसीसीसी) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु कार्रवाई में सहयोग के लिए एक बुनियाद की तरह है।

इससे पूर्ण रूप से बाहर निकलना, साथ ही जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) से भी, जो वैज्ञानिकों द्वारा देखे गए वैश्विक ऊष्मीकरण के वास्तविक प्रभावों पर सा-रांश रिपोर्ट तैयार करती है, उन वैश्विक प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है, जिनका उद्देश्य औसत तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। कुछ छोटे संगठन, उदाहरण के लिए महिला और बाल स्वास्थ्य पर काम करने वाले संगठन ट्रंप के इस निर्णय के परिणामस्वरूप पूरी तरह से वित्तीय सहायता से वंचित हो सकते हैं। इस खोई हुई क्षमता और फंडिंग की भरपाई करने का बड़ा बोझ यूरोपीय संघ और अन्य विकसित देशों पर पड़ेगा।

बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका का यह पीछे हटना इन संगठनों और उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को भी प्रभावित करेगा, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। फिलहाल ऐसा प्रतीत नहीं होता। ट्रंप अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को पुनः आकार देने और पुनर्गठित करने की कोशिश कर सकते हैं ताकि अमेरिका की प्रधानता को अधिक प्रत्यक्ष रूप से बनाए रखा जा सके। लेकिन अब तक उनकी कार्रवाइयां पूरी तरह विध्वंसकारी रही हैं। वे वैश्विक शासन को कमजोर कर सकती हैं, परंतु मौजूदा व्यवस्थाओं की वैधता को नहीं मिटातीं।

यदि वह वास्तव में एक कट्टरपंथी हैं, तो उन्हें एक प्रभावशाली वैकल्पिक कथा प्रस्तुत करनी होगी जिसमें फंडिंग और अन्य प्रतिबद्धताएं भी शामिल हों। ऐसा होता नहीं दिखता। स्पष्ट परिणाम यह होगा कि समय के साथ चीन उस भूमिका को निभाने के लिए आगे आएगा जिसे अमे-रका ने छोड़ दिया है। दूसरे शब्दों में, ट्रंप अमेरिका की संप्रभुता को मजबूत नहीं कर रहे हैं, बल्कि उसकी प्रधानता अपने सबसे बड़े रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी को सौंप रहे हैं।

# सांस्कृतिक रूप से एकता के सूत्र में बांधने वाला पर्व मकर संक्रांति

उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित भारत के अधिकांश पर्व- त्यौहार, व्रत, शुभ तिथियां चंद्रमा की गति को आधार मानकर भारतीय पंचांग के चांद्र मास के आधार पर निर्धारित किये व मनाये जाते हैं, लेकिन सूर्य की गति को देखकर सौर्य मास के आधार पर मनाया जाने वाला पर्व है- मकर संक्रांति। वर्ष भर में सूर्य के बारह राशियों -मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन- में भ्रमण करने के क्रम में सूर्य के धनु से मकर राशि में प्रवेश करने की खुशी में मनाया जाने वाला ऋतु पर्व है- मकर संक्रांति। ऋतु पर्व मकर संक्रांति दो ऋतुओं का संधिकाल है। यह शीत ऋतु के समाप्त होने और वसंत ऋतु के प्रारंभ होने का सूचक, द्योतक व प्रतीक है। मकर संक्रांति का महत्त्व सूर्य के उत्तरायण हो जाने के कारण है। शीतकाल के समाप्त होने पर सूर्य मकर रेखा का संक्रमण करते अर्थात काटते हुए उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो जाता है, इसे ही उत्तरायण कहा जाता है। दरअसल, मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के उत्तरायण होने और मकर राशि में प्रवेश करने के शुभ अवसर पर मनाया जाने वाला त्यौहार है, जो देवताओं के दिन अर्थात देवयान की शुरूआत और शीतकाल के अंत का प्रतीक है। इस अवसर पर ज्ञान, आध्यात्मिक प्रकाश, बुद्धिमत्ता आदि के स्वामी सूर्य की पूजा, शुभ कार्य, स्नान- दान का विशेष महत्व है। यह सामाजिक सद्भाव के साथ ही रबी के नई फसल के आगमन और कृषि चक्र की शुरूआत का प्रतीक है, जिससे कृषक प्रसन्न होकर परमात्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। भगवान को धन्यवाद देते हैं और अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद मांगते हैं। मकर संक्रांति का त्यौहार तिथिवाचक न होकर अयन वाचक है। इस दिन सूर्य का मकर राशि में संक्रमण होता है। सूर्यभ्रमण के कारण होने वाले अंतर की पूर्ति करने हेतु प्रत्येक अस्सी (कुछ गणना 72 वर्ष बताते हैं) वर्ष में संक्रांति का दिन एक दिन आगे बढ़ जाता है। साधारणतः मकर संक्रांति 14 जनवरी को होती है। पिछले कुछ वर्षों से मकर संक्रांति का पर्व कभी 14 तो कभी 15 जनवरी को मनाया जाता रहा है। ज्योतिषीय आकलन के अनुसार सूर्य का धनु से मकर राशि में प्रवेश अर्थात संक्रमण प्रतिवर्ष 20 मिनट के विलंब से होता है। हर तीन वर्ष के बाद सूर्य एक घंटे बाद और हर 72 वर्ष में एक दिन की देरी से मकर राशि में प्रवेश करता है। झारखण्ड के गुमला जिले के प्राचीन ग्राम मुरुनगुर वर्तमान मुरगु ग्राम निवासी पुरोहित व ज्योतिषाचार्य पं. विनोदानंद पाठक के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति पहली बार 1902 में मनाई गई थी। इसके पूर्व 18वीं सदी में 12 और 13 जनवरी को मनाई जाती थी। वहीं 1964 में मकर संक्रांति पहली बार 15 जनवरी को मनाई गई थी। इसके बाद हर तीसरे वर्ष अधिकमास होने से दूसरे और तीसरे वर्ष 14 जनवरी को, चौथे वर्ष 15 जनवरी को मनाई जाने लगी। इस तरह 2077 में आखिरी बार 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस वर्ष 2026 में ग्रहों के राजा सूर्य 14 जनवरी को दोपहर में 3:13 बजे मकर राशि में गोचर करेंगे। इसलिए इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी।

सामान्यतः सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक, आध्यात्मिक व साधकीय दृष्टि से अत्यंत फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छः-छः माह के अंतराल पर होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से इसका मुख्य कारण पृथ्वी का निरंतर 6 महीनों के समय अवधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है। और यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार एक वर्ष में कुल 12 संक्रांतियां आती हैं। इनमें से मकर संक्रांति का महत्त्व सर्वाधिक है, क्योंकि यहीं से उत्तरायण का पुण्य, पवित्र व शुभ काल आरंभ होता है। उत्तरायण को देवताओं के काल के रूप में पूजा जाता है। वैसे तो इस संपूर्ण काल को ही पवित्र माना जाता है, परंतु इस अवधि का महत्त्व कुछ ज्यादा है। इसके बाद से उत्तर भारत में बढ़ी हुई सर्दी कुछ कम होने लगती है। और त्यौहार आदि आरंभ होते हैं। शीत ऋतु के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत का प्रतीक मकर संक्रांति का यह पर्व सूर्योपासना, फसल कटाई, नए मौसम के स्वागत, खिचड़ी, तिल-गुड़ आदि के दान-पुण्य व सेवन और नदी स्नान, पतंगबाजी आदि सांस्कृतिक उत्सवों के माध्यम से मनाया जाता है, जिससे सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक लाभ की कामना की जाती है।

**अशोक प्रवृद्ध**

# लोहड़ी

लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध त्योहार है। पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर में 'लोहड़ी' नाम से मकर संक्रान्ति पर्व मनाया जाता है। एक प्रचलित लोककथा है कि मकर संक्रान्ति के दिन कंस ने कृष्ण को मारने के लिए लोहिता नामक राक्षसी को गोकुल में भेजा था, जिसे कृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था। उसी घटना की स्मृति में लोहिता का पावन पर्व मनाया जाता है। सिन्धी समाज में भी मकर संक्रान्ति से एक दिन पूर्व 'लाल लाही' के रूप में इस पर्व को मनाया जाता है।

**लोककथाएँ**

लोहड़ी से संबद्ध परंपराओं एवं रीति-रिवाजों से ज्ञात होता है कि प्रागैतिहासिक गाथाएँ भी इससे जुड़ गई हैं। दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि-दहन की याद में ही यह अग्नि जलाई जाती है। लोहड़ी को दुल्ला भट्टी की एक कहानी से भी जोड़ा जाता हैं। दुल्ला भट्टी मुगल शासक अकबर के समय में पंजाब में रहता था। उसे पंजाब के नायक की उपाधि से सम्मानित किया गया था। उस समय संदल बार के जगह पर लड़कियों को गुलामी के लिए बल पूर्वक अमीर लोगों को बेच जाता था जिसे दुल्ला भट्टी ने एक योजना के तहत लड़कियों को न केवल मुक्त ही करवाया बल्कि उनकी शादी भी हिन्दू लड़कों से करवाई और उनके शादी की सभी व्यवस्था भी करवाई। दुल्ला भट्टी एक विद्रोही था और जिसकी वंशावली भट्टी राजपूत थे। उसके पूर्वज पिंडी भट्टियों के शासक थे जो कि संदल बार में था। अब संदल बार पाकिस्तान में स्थित हैं। वह सभी पंजाबियों का नायक था।

**अग्नि का पूजन**

जैसे होली जलाते हैं, उसी तरह लोहड़ी की संध्या पर होली की तरह लकड़ियाँ एकत्रित करके जलायी जाती हैं और तिलों से अग्नि का पूजन किया जाता है। इस त्योहार पर बच्चों के द्वारा घरझ्रघर जाकर लकड़ियाँ एकत्र करने का ढंग बड़ा ही रोचक है। बच्चों की टोलियाँ लोहड़ी गाती हैं, और घरझ्रघर से लकड़ियाँ माँगी जाती हैं। वे एक गीत गाते हैं, जो कि बहुत प्रसिद्ध है



इस दिन सुबह से ही बच्चे घर-घर जाकर गीत गाते हैं तथा प्रत्येक घर से लोहड़ी माँगते हैं। यह कई रूपों में उन्हें प्रदान की जाती है। जैसे तिल, मूँगफली, गुड़, रेवड़ी व गजक। पंजाबी रॉबिन हुड दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाते हैं। दुल्ला भट्टी अमीरों को लूटकर, निर्धनों में धन बाँट देता था। एक बार उसने एक गाँव की निर्धन कन्या का विवाह स्वयं अपनी बहन के रूप में करवाया था।

**शीत ऋतु और अलाव**

इस दिन शीत ऋतु अपनी चरम सीमा पर होती है। तापमान शून्य से पाँच डिग्री सेल्सियस तक होता है तथा घने कोहरे के बीच सब कुछ ठहरा सा प्रतीत होता है। लेकिन इस शीत ग्रस्त सतह के नीचे जोश की लहर महसूस की जा सकती है। विशेषकर हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में लोग लोहड़ी की तैयारी बहुत ही खास तरीके से करते हैं। आग के बड़े-बड़े अलाव कठिन परिश्रम के बाद बनते हैं। इन अलावों में जीवन की गर्म-जोशी छिपी रहती है। विश्राम व हर्ष की भावना को लोग रोक नहीं पाते हैं। लोहड़ी पौष मास की आखिरी रात को मनायी जाती है। कहते हैं कि हमारे बुजुर्गों ने ठंड से बचने के लिए मंत्र भी पढ़ा था। इस मंत्र में सूर्यदेव से प्रार्थना की गई थी कि वह इस महीने में अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दें कि लोगों को पौष की ठंड से कोई भी नुकसान न पहुँच सके। वे लोग इस मंत्र को पौष माह की आखिरी रात को आग के सामने बैठकर बोलते थे कि सूरज ने उन्हें ठंड से बचा लिया।

**मकर संक्रान्ति और लोहड़ी**

हिन्दू पंचांग के अनुसार लोहड़ी जनवरी मास में संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाई जाती है। इस समय धरती सूर्य से अपने सुदूर बिन्दु से फिर दोबारा सूर्य की ओर मुख करना प्रारम्भ कर देती है। यह अवसर वर्ष के सर्वाधिक शीतमय मास जनवरी में होता है। इस प्रकार शीत प्रकोप का यह अन्तिम मास होता है। पौष मास समाप्त होता है तथा माघ महीने के शुभारम्भ उत्तरायण काल (14 जनवरी से 14 जुलाई) का संकेत देता है। श्रीमद्भागवदगीता के अनुसार, श्रीकृष्ण ने अपना विराट व अत्यन्त ओजस्वी स्वरूप इसी काल में प्रकट किया था। हिन्दू इस अवसर पर गंगा में स्नान कर अपने सभी पाप त्यागते हैं। गंगासागर में इन दिनों स्नानार्थियों की अपार भीड़ उमड़ती है। उत्तरायणकाल की महत्ता का वर्णन हमारे शास्त्रकारों ने अनेक ग्रन्थों में किया है।

**अलाव जलाने का शुभकार्य**

सूर्य ढलते ही खेतों में बड़ेझबड़े अलाव जलाए जाते हैं। घरों के सामने भी इसी प्रकार का दृश्य होता है। लोग ऊँची उठती अग्नि शिखाओं के चारों ओर एकत्रित होकर, अलाव की परिक्रमा करते हैं तथा अग्नि को पके हुए चावल, मक्का के दाने तथा अन्य चबाने वाले भोज्य पदार्थ अर्पित करते हैं। 'आदर आए, दलिदर जाए' इस प्रकार के गीत व लोकगीत इस पर्व पर गाए जाते हैं। यह एक प्रकार से अग्नि को समर्पित प्रार्थना है। जिसमें अग्नि भगवान से प्रचुरता व समृद्धि की कामना की जाती है। परिक्रमा के बाद लोक मित्रों व सम्बन्धियों से मिलते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सफाई कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान व पुनर्वास पर दिए गए निर्देश
## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव ने की विभागीय समीक्षा बैठक

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 12 जनवरी। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव राहुल कश्यप ने सोमवार को जनपद गौतम बुद्ध नगर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने सेक्टर-63, सेक्टर-37 नोएडा तथा लीग्रैंड सोसाइटी सेक्टर-150 में संबंधित घटनास्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में सचिव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान सचिव ने हाथ से मैला ढोने का कार्य प्रतिषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम का गंभीरता से अध्ययन कर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इसका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम-2013 के अंतर्गत पात्र मामलों में 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का स्पष्ट प्रावधान है, जिसका कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कानून का उद्देश्य केवल हाथ से मैला ढोने पर रोक लगाना नहीं, बल्कि सफाई कर्मियों को गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक सम्मान और सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना भी है।

सचिव ने निर्देश दिए कि जनपद में कार्यरत सभी सफाई एजेंसियां एवं अनुबंधित कंपनियां अपने-अपने सफाई कर्मियों का पूर्ण विवरण संबंधित विभागों को उपलब्ध कराएं। इस विवरण में कर्मियों के उत्तराधिकारी, पारिवारिक स्थिति, बीमा, भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा से संबंधित जानकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी सफाई कर्मी को खतरनाक अथवा जीवन जोखिम वाले कार्यों में न लगाया जाए और सभी कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने बताया कि सफाई कार्य हेतु आवश्यक आधुनिक उपकरणों की खरीद भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत की जा सकती है। सचिव ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में सीवर एवं नालों की सफाई पूर्ण रूप से यांत्रिक माध्यमों से की जाए तथा किसी भी स्थिति में मैन्युअल सफाई न कराई जाए। इस संबंध में नगर निगम, विकास प्राधिकरण, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को पर्याप्त मशीनरी एवं संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सफाई से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु टोल फ्री नंबर 14420 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सफाई कार्य के दौरान मृत कर्मियों के मामलों पर भी चर्चा की गई। सचिव ने निर्देश दिए कि ऐसे कर्मियों के आश्रितों को अधिनियम-2013 के अंतर्गत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सहित सभी देय लाभ शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं तथा किसी भी पात्र परिवार को सहायता प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो।

सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की अद्यतन रिपोर्ट तैयार कर आयोग को प्रेषित करने तथा जिला स्तर पर गठित निगरानी समिति के माध्यम से सफाई कर्मियों की कार्य परिस्थितियों, सुरक्षा मानकों एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त सभी नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मियों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराने, गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मियों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने तथा एजेंसियों द्वारा नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में आधुनिक उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, गैस जांच प्रक्रिया एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी शामिल करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने आश्वस्त किया कि सचिव द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का पूर्ण रूप से अनुपालन कराया जाएगा और संबंधित विभागों के माध्यम से प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) सतीश कुमार, एसीपी ट्रैफिक पवन कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव कुमार, एडीओ दीपक चौहान सहित प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## मकर संक्रांति पर 14 की बजाय 15 को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

समाज जागरण

लोनी, 12 जनवरीः सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रशासन ने पहले वर्ष 2026 की अवकाश सूची में 14 जनवरी 2026 (बुधवार) को मकर संक्रांति के कारण अवकाश निर्धारित था, मगर अब इसमें संशोधन करते हुए 15 जनवरी मुबारक की है।

गौरतलब हो कि संशोधित आदेश के तहत मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के अंतर्गत प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा. बता दे कि अब इसके चलते 14 जनवरी को घोषित अवकाश को निरस्त कर दिया गया है और उसकी जगह 15 जनवरी को अवकाश प्रभावी रहेगा।

## कार सहित चार वाहन चोरी,पुलिस कार्य प्रणाली पर हुए सवाल खड़े

समाज जागरण

लोनी, 12 जनवरीः अंकुर विहार थाना पुलिस की लचर कार्य प्रणाली एक बार फिर उस समय उजागर हुई जब अज्ञात बदमाशों ने वाहन चोरी की सिलसिलेवार चार घटनाओं को अंजाम देते हुए मानो पुलिस को खुली चुनौती दी हो। स्थानीय नागरिकों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर स्थानीय पुलिस ऐसी कौन सी कुंभकर्णी नींद सो रही थी जो बदमाश चार वाहनों को चुरा कर रफूचक्कर हो गए और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। प्राप्त सूत्रों के मुताबिक अज्ञात वाहन चोर बदमाश एक कार के अलावा तीन दुपहिया चुराकर गए गए हैं। जबकि पुलिस जांच पड़ताल की बात कह कर मामले में हाथ पैर मारती नजर आ रही हैं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज़ पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## ठिठुरती ठंड और कोहरे ने लोगों की बढ़ा दी मुश्किल है

समाज जागरण

लोनी, 12 जनवरीः ठंडी हवाओं के के चलते लोनी क्षेत्र में सर्दी का सितम लगातार जारी है। कड़ाके की ठंड, घना कोहरा और शीतलहर लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। तड़के का समय और दिन ढलते ही ठंड अपने यौवन पर होती है। यही कारण है कि आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है।



मौसम विभाग के अनुसार एनसीआर क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि अधिकतम तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ है। तापमान में लगातार गिरावट के चलते ठंड का असर पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो जा रही है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है।

शीतलहर के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। बाजारों में सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि शाम होते-होते लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आते हैं। ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए सर्दी परेशानी का सबब बनी हुई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते अभी कुछ दिन और सर्दी से राहत मिलने की संभावना बहुत कम है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। चिकित्सक विनीत तोमर ने खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की जा रही है।

## विद्यालय में महर्षि ज्ञान युग दिवस महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

संवाददाता |समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 12 जनवरी 2026। विद्यालय परिसर में सोमवार को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक उल्लास से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जब महर्षि ज्ञान युग दिवस महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में शांति, ज्ञान तथा समग्र शिक्षा के मूल्यों का प्रसार करना रहा।



कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के शिक्षा निदेशक सी. डी. शर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वीणा बहुगुणा तथा महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अध्यक्ष अनुज तिवारी की उपस्थिति रही। अतिथियों की सहभागिता से आयोजन प्रेरणादायक एवं सार्थक बन गया।

महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक गुरु पूजा से हुआ, जिसके उपरांत दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद आयोजित सामूहिक ध्यान सत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र के दौरान पूरे परिसर में शांति और सकारात्मकता का वातावरण बना रहा।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. वीणा बहुगुणा ने श्री ब्रह्मचारी गिरिश की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए भवातीत ध्यान एवं भवातीत सिद्धि कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक विकास, तनाव प्रबंधन और आंतरिक शांति में सहायक हैं।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। महर्षि ज्ञान युग दिवस महोत्सव ने उपस्थित सभी लोगों को शांति, ज्ञान एवं सद्भावना से परिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी।

## राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 18 मंडलों के 464 युवाओं ने दिखाया कौशल

**योगी सरकार के कौशल अभियान को मिली नई गति, लखनऊ में प्रतियोगिता का सफल शुभारंभ**

*9 संस्थानों की 16 कार्यशालाओं में 6 स्किल्स का ओरिएंटेशन, विशेषज्ञों ने दी तकनीकी ट्रेनिंग*

*13 जनवरी से शुरू होंगी मुख्य प्रतियोगिताएं, श्रेष्ठ प्रतिभाएं अगले चरण के लिए होंगी चयनित*



समाज जागरण

लखनऊ, 12 जनवरी 2026 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक, रोजगारपरक एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा इंडिया स्किल्स कंपटीशनझ 2026 के एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में लखनऊ में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रदेश के समस्त 18 मंडलों से आए 464 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के प्रथम दिन लखनऊ स्थित 9 प्रमुख संस्थानों की 16 कार्यशालाओं में 6 विभिन्न स्किल्स के अंतर्गत प्रतिभागियों का ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। इस दौरान संबंधित स्किल्स के विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को प्रतियोगिता के प्रारूप, वर्ल्ड स्किल्स मानकों, अद्यतन तकनीकों तथा आधुनिक मशीनों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने के गुर सिखाए, जिससे वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है। राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने का सशक्त माध्यम है।

कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रतिभागियों के कौशल का निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित विशेष निर्णायक समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां प्रत्येक स्किल में युवाओं की दक्षता, तकनीकी समझ, नवाचार और प्रदर्शन क्षमता के आधार पर श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि सभी नौ संस्थानों में आयोजित गतिविधियों को लेकर प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि मुख्य कौशल प्रतियोगिताएं 13 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित कुशलतम युवा अगले चरण की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे, जिसके पश्चात प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन राष्ट्रीय स्तर तथा शंघाई, चीन में आयोजित होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

## योगी सरकार में एमएसएमई, खादी, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

*मंत्री राकेश सचान ने एमएसएमई, खादी एवं हथकरघा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की*

*यूपी दिवस पर विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षुओं को टूलकिट वितरण के निर्देश*

*मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तहसील-ब्लॉक स्तर तक सशक्त बनाने के निर्देश*

*एमएसएमई क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़कर रोजगार सृजन बढ़ाने पर जोर*

*योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत बजट उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश*

लखनऊ, 12 जनवरी 2026: प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, 8 तिलक मार्ग, लखनऊ के सभागार में विभागीय योजनाओं के लिए बजट में की गई व्यवस्था के सापेक्ष व्यय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में एमएसएमई विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योगी सरकार की प्राथमिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो और सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।

मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी प्रशिक्षुओं को टूलकिट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया, जिससे सांसद, विधायक एवं प्रभारी मंत्री इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से सहभागिता कर सकें। उन्होंने विश्वकर्मा योजना की प्रगति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कैंपों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और अधिक से अधिक युवा उद्यमिता से जुड़ सकें।




बैठक में मंत्री सचान ने कहा कि योगी सरकार खादी को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहचान के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि खादी के कंबलों एवं अन्य उत्पादों को आधुनिक परिवेश और बाजार की मांग के अनुरूप तैयार किया जाए तथा गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उत्पादन क्षमता में वृद्धि पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। मंत्री ने खादी से जुड़े कारखानों का नियमित निरीक्षण करने तथा कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि खादी उत्पादन से संबंधित जो समितियां निष्क्रिय हैं, उनकी भूमि एवं परिसंपत्तियों का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जाए। उन्होंने सरकारी भूमि के उचित उपयोग, अवैध कब्जों से मुक्त कराने तथा परिसंपत्तियों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली प्रशासनिक बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में रोजगार सृजन, पारंपरिक उद्योगों के संरक्षण और आधुनिक तकनीक के समावेश के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें और सरकार की मंशा के अनुरूप परिणामोन्मुखी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को सशक्त किया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## सनातनी मित्र मंडल द्वारा भव्य खिचड़ी सहभोज संपन्न, हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

समाज जागरण

नोएडा। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सेक्टर-22 स्थित शिव-दुर्गा धाम मंदिर में सनातनी मित्र मंडल द्वारा सामाजिक समरसता का पर्व खिचड़ी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भक्ति और सेवा का ऐसा उत्साह दिखा कि पूरा मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से सराबोर हो गया। आयोजन के दौरान लगभग 3000 से अधिक श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी डॉ पीयूष द्विवेदी, ब्रह्मदेव शर्मा, गोपाल गौर, रीना भाटी (पूर्व चेयरमैन), वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल पांडेय, अनीता मिश्रा, हरिश्चंद पाण्डेय, मनोज तिवारी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र तिवारी एवं सुदामा पाठक के साथ आनंद द्विवेदी, राहुल त्रिपाठी, राकेश राय, देवेंद्र पांडेय, पंकज तिवारी, सोनू शुक्ला, धर्मराज तिवारी, जीवन पांडेय, के के शर्मा, अतुल सक्सेना, सुरेंद्र मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, संदीप मौर्य, प्रशांत मौर्य, ज्ञानेंद्र चौधरी, पंकज दीक्षित, राजेश मिश्रा, विनोद मिश्रा, रामदत्त मिश्रा, सुरेश मिश्रा, राजेश तिवारी तथा नारीशक्ति के रूप में बिंदु, रश्मि, साधना, श्वेता, प्रतिभा, रीता, नीलम, रूपाली, रेखा आदि का विशेष योगदान रहा। मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को एक साथ लाने तथा जोड़ने के उद्देश्य से किया गया।



## थाना सेक्टर-63: हत्या के प्रयास के मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।




### थाना नॉलेज पार्क: वायर चोरी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने वायर चोरी की घटनाओं में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 40 बंडल बिजली के तार तथा घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।




## ताश खेलने को लेकर विवाद, 10-12 लोग हिरासत में


संवाददाता |समाज जागरण

अलीगढ़ 12 जनवरी 2026: थाना इगलास क्षेत्र के ग्राम जवाहर में ताश खेलने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी इगलास भेजा गया है। पुलिस ने मौके से 10-12 लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम जवाहर में पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है।

वर्तमान में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी इगलास महेश कुमार ने बताया कि पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## साइबर ठगी के 1.98 लाख पीड़ित को वापस दिलाए




समाज जागरण

संतकबीरनगर : संतकबीरनगर पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित को राहत दिलाते हुए कुल 1,98,500 की धनराशि वापस कराई है। पीड़ित के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1,50,000 तथा यूपीआई के जरिए 48,500 की साइबर ठगी की गई थी।

पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई के बाद पूरी राशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपने बैंक खाते, कार्ड या ओटीपी से संबंधित जानकारी साझा न करें। यदि खाते से धोखाधड़ी की आशंका हो तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## कानपुर देहातः नकली नोट चलाने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

समाज जागरण

कानपुर देहात पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 78,500 मूल्य के जाली नोट और नोट छापने में प्रयुक्त प्रिंटर बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी100 और 200 के नोट कलर प्रिंटर के माध्यम से छापते थे और उन्हें बाजार में असली रुपयों की आधी कीमत पर बेचते थे।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नकली नोट रखना या चलाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और समाज को आर्थिक नुकसान से बचाने में सहयोग करें।

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

**समाज जागरण**

चंदौसी। आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में लोहड़ी पर्व का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता से विविध 1 मिनट गेम हाऊजी नृत्य गिद्दा एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, अग्नि प्रचलित कर मूंगफली और रेवाड़ी के प्रसाद स्वरूप सुख समृद्धि की कामना की गई। जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्व का उल्लास मनाना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता एवं सुधार के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना भी रहा। समिति की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि हम समाज में समृद्धि के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन करते है सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा आयोजकों लोहड़ी पर्व पर संस्कृति, उल्लास और सामाजिक सरोकारों का भव्य संगम है। आपसी सद्भाव, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण तथा पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने पर विशेष जोर दिया गया।

एसोसिएशन की पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को सामाजिक कर्तव्यों के प्रति सजग बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा उपस्थित लोगों ने आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, दुर्गा टंडन, योगिता कोहली, मीनू आहूजा , प्रियंका सिंह, रानी अरोरा, रीमा ग्रोवर, ज्योति , रेखा रस्तोगी, रीमा ग्रोवर, गीतु महाजन आदि ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

# गोशाला में खुले में मिले पशुओं के शव और कंकाल, बजरंग दल का हंगामा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर/बेगावाला। रावली स्थित गोशाला में संरक्षित पशुओं की दुर्दशा हो रही है। भीषण ठंड में पशुओं को सर्दी से बचाव के इंतजाम नहीं मिले। वहीं दो पशुओं के शव और दो के कंकाल खुले में पड़े देख बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मौके पर हंगामा किया। साथ ही पशुओं की हड्डियां भी गोशाला परिसर में इधर-उधर पड़ी मिली। हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे एडीओ ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर शवों को जमीन में दबाया। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रावली में गोशाला का संचालन ग्राम प्रधान मुजफ्फरपुर केशो और एडीओ राकेश कुमार कर रहे हैं। रविवार की दोपहर बजरंग दल और गोरक्षा दल के कुछ लोग गोशाला पहुंचे। उन्होंने वहां अव्यवस्था देखी। गोशाला के बाहर एक बछड़े का शव खुले में पड़ा हुआ था। इसे कुत्ते नोंच रहे थे। पास ही एक और संरक्षित पशु का शव तालाब में पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि दो पशुओं के कंकाल पास में ही पड़े हुए थे जबकि पूरे गोशाला परिसर में पशुओं की हड्डियां बिखरी पड़ी थीं। यह देखकर कार्यकताओं ने हंगामा किया।

मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुछ लोग भी वहां पहुंचे। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान और एडीओ पंचायत को कॉल किया। ग्राम प्रधान के बाहर होने के कारण एडीओ पंचायत राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने जेसीबी मंगवाई और गड्ढा खोदकर शवों को दफनाया। कार्यकताओं ने बताया कि पशुओं को कई दिन से हरा चारा नहीं मिला। उन्हें सर्दी से बचाने की व्यवस्था नहीं की गई। एडीओ ने तिरपाल मंगवाकर कुछ पशुओं को सर्दी से बचाने की व्यवस्था की।

बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चौधरी जिला, गोरक्षा प्रमुख विषय परिषद सिंधु राज, अनिल चौधरी, रॉकी नायक आदि ने रोष जाहिर करते हुए पशुओं की दुर्दशा के बारे में अधिकारियों से शिकायत की। एडीओ ने बताया कि गोशाला के बाहर एक बछड़े का शव खुले में पड़ा था। शव को दफनाया गया था लेकिन कुत्तों ने उसको बाहर निकाल लिया था। जेसीबी मंगवाकर गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया गया है। तिरपाल की व्यवस्था की जा रही है। आगे से कोई अव्यवस्था देखने को नहीं मिलेगी तो सुधार कराया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 15वें दिन भी धरना जारी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 15वें दिन सोमवार को डी एफ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी रहा ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी है




धरने पर पहुंचकर संतोष कुमार तहसीलदार नजीबाबाद ने पहुंचकर वार्ता की और शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार , भ्रष्टाचार के खिलाफ वन विभाग से जंग जारी, खेतों में गुलदार का आतंक, बढ़ापुर क्षेत्र में वन कटवा दिए। वन विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है न 74 पर नाला निर्माण कर दिया मंडावली में, उत्तरांचल के लोगों को वनों में बसा रखा, और किसानों पर मुकदमे दर्ज करता है,। भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे।

लड़ाई आर पार की होगी। दफ्तर में तालाबंदी, और सड़क जाम भी की जाएगी। इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन-रात शामिल रहे। धरने पर, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, विजेंद्र सिंह,ज्ञान सिंह,सोनू, प्रमोद कुमार,जाहिद,देवेंद्र सिंह,पप्पू, युसूफ, , सरदार महेंद्र सिंह,सत्यपाल,, रजत ,सोमवीर, बलराम सिंह, तनवीर,अनिल चौहान,नीतू, पवन, मोनू

# विदुर ब्रांड शुद्ध पेयजल व गृह सुरक्षा उत्पाद प्लांट का भव्य उद्घाटन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। विकासखंड अफजलगढ़ की ग्राम पंचायत शाहपुर जमाल में रविवार को महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैप्पी होम स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थापित विदुर ब्रांड शुद्ध पेयजल एवं गृह सुरक्षा उत्पाद प्लांट का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक के प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली ने की। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) इकबाल अहमद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एनआरएलएम, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना,मातृ वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, वर्मी कंपोस्ट, कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार ने महिलाओं से स्वदेशी विदुर ब्रांड के उत्पादों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगे।



वही खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ने ग्राम में समूह की महिलाओं के लिए शीघ्र बहुउद्देशीय कार्यशाला स्थापित करने का आश्वासन दिया,जिससे महिलाएं गांव में ही अपने उत्पादों का निर्माण कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। साथ ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं को ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में जिला महिला कल्याण अधिकारी रविता राठी ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए विदुर ब्रांड उत्पादों के उपयोग व प्रचार-प्रसार की अपील की तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। समारोह के अंत में हैप्पी होम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रीनू चौहान ने सभी अतिथियों को समूह द्वारा निर्मित विदुर ब्रांड उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गन्ना समिति अध्यक्ष मलकीत सिंह,पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र सिंह,मदन सिंह राणा,अवनीश कुमार,विवेक कुमार,ग्राम प्रधान वीर सिंह पाल, ग्राम सचिव राजीव कुमार,ब्लॉक मिशन प्रबंधक विशेष कुमार, सीएलएफ अध्यक्ष कलावती जोशी,अकाउंटेंट पूजा देवी, विश्वास कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामवासी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# शादी समारोह के दौरान एक युवक ने मारपीट कर एक व्यक्ति को किया घायल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन में एक शादी समारोह के दौरान एक युवक ने अचानक किसी बात को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। सिर पर धारदार हथियार से किए गए हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी पीड़ित अनीस अल्वी पुत्र हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि



वह मौहल्ले में ही कफील के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। आरोप है कि इसी दौरान मौहल्ले के ही निवासी सादान पुत्र नौशाद तथा उसके पिता नौशाद ने अनीस अल्वी को देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की और इसके बाद आरोपी सादान पुत्र नौशाद ने जान से मारने की नीयत से सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अनीस अल्वी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उधर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मंडावली थाना क्षेत्र में वाहन चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जहूर हसन पुत्र ईलमदीन निवासी गुज्जर बस्ती गैडीं खाता थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) को एक बिना नम्बर प्लेट मोटरसाईकिल सहित रोककर उक्त मोटरसाईकिल के रजिस्ट्रेशन नम्बर के बारे में ई-चालान ऐप पर चैक किया गया तो उक्त मोटरसाईकिल स्पलैण्डर प्लस का



रजिस्ट्रेशन संख्या DL5SBT1692 पाया गया जिसके वाहन स्वामी का नाम जितेन्द्र कुमार पुत्र काली चरण निवासी वी-709, गली नं0-10, विजय पार्क नोर्थ ईस्ट, डी0एल0-110053 है। वाहन स्वामी से फोन पर वार्ता की गयी तो वाहन स्वामी द्वारा बताया गया की उसका बेटा लक्ष्य सिडकुल हरिद्वार में नौकरी करता है दिनांक 10.09.2025 को यह मोटर साईकिल किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बेटे के अपार्टमेंट के सामने से ही चोरी कर ली थी। जिस सम्बन्ध मे उसके बेटे लक्ष्य ने चोरी की आनलाईन ऋक्षक की थी। थाना मंडावली पुलिस ने बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त जहूर हसन पुत्र ईलमदीन को गिरफ्तार किया गया तथा बाइक सहित 40-40 लीटर के दूध के चार खाली डिब्बों को कब्जे में लिया गया और अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

# ग्रामीणों ने जिओ ऑफिस पर सांकेतिक धरना देते हुए नेटवर्क ठीक करने की मांग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। टावर लगा होने के बाद भी नेटवर्क नहीं आने से गुस्साए ग्रामीणों ने यहां नेशनल हाईवे स्थित जिओ ऑफिस पर सांकेतिक धरना देते हुए नेटवर्क आने के लिए संचालित टावर की व्यवस्था ठीक कराऐ जाने की मांग की विकासखंड कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरबंस वाला के दर्जनों दर्जनों ग्रामीण सोमवार की सुबह 10:30 बजे नेशनल हाईवे एक बैंकट हॉल के सामने स्थित जिओ ऑफिस पहुंचे जहां उन्होंने गांव के तिलक सिंह के खेत में लगे जिओ के टावर होने के बाद भी क्षेत्र में जिओ का नेटवर्क ठीक तरह से नहीं आने की शिकायत जिओ कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने उनसे कहा कि यहां कोई अधिकारी नहीं है इसलिए इस समस्या का समाधान उनके आने पर ही किया जाएगा यह सुनकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और यह कहते



हुए जिओ ऑफिस के बाहर सांकेतिक धरना देकर बैठ गए के जब तक अधिकारी से हमारी मुलाकात और समस्या का समाधान नहीं होता तब तक ऑफिस के बाहर ही बैठे रहेंगे। यह सुनकर और घंटे बैठे रहने के बाद जिओ ऑफिस के कर्मचारियों ने अपने सीनियर अधिकारी बिजनौर को फोन द्वारा पूरे प्रकरण की जानकारी दी। बिजनौर जिओ कार्यालय से एक अधिकारी नगीना ऑफिस पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की बिजनौर से आए जिओ अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही जिओ टावर में आई तकनीकी खराबी को ठीक करा कर नेटवर्क सोचारू रूप से चालू कर दिए जाएंगे। इस आश्वासन पर ग्रामीण अपने ग्राम और घरों को लौट गए।इस मौके पर कैलाश सिंह, हरदीप सिंह, बृजपाल, प्रमोद सिंह, संदीप कुमार, जगजीवन सिंह, लक्ष्मण सिंह, राहुल सिंह, अमन कुमार, सौरभ सिंह, विशाल सिंह, बृजेश कुमार, रविंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, शरजीत सिंह, सौरभ कुमार, दिग्विजय सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जज के घर चोरी कर गर्ल फ्रेंड को दे दिए आभूषण

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। किशोर न्यायालय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट के घर में 14 दिन पहले हुई चोरी में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। दरअसल चोरी करने वाले आरोपी ने वारदात को अंजाम देकर सामान और आभूषण महिला मित्र को दे दिए थे। पुलिस ने आरोपी की महिला मित्र को हिरासत में ले लिया है।

आवास विकास कॉलोनी में किराए पर रहने वालीं प्रधान मजिस्ट्रेट स्वाति वर्मा के घर में 29 दिसंबर की रात चोरी हो गई थी। कुछ दिनों बाद स्वाति वर्मा घर लौटीं तो चोरी का पता लगा। इसके बाद शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी जांच में सामने आया कि चोरी को कुटिया कॉलोनी में रहने वाले सोनू ने अंजाम दिया। आभूषण और कपड़े आदि उसने महिला मित्र को दे दिए थे। इसके बाद आरोपी ने एक बाइक चोरी कर ली। बाइक चोरी के मामले में आरोपी सोनू को नजीबाबाद पुलिस एक सप्ताह पहले जेल भेज चुकी है। आरोपी की महिला मित्र कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। इसकी निशानदेही पर ही मोहल्ला खत्रियान में उसके भाई के घर भी दबिश देकर पुलिस ने कुछ आभूषण बरामद कर लिए हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि मामले में जांच चल रही है।

# डिप्टी CM ब्रजेश पाठक की बड़ी सर्जरी, 17 लापरवाह डॉक्टरों को किया बर्खास्त, कइयों से जवाब तलब

**समाज जागरण**

लखनऊ. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लापरवाह डॉक्टरों पर बड़ी कार्रवाई की है. उपमुख्यमंत्री ने अनियमितताओं और लापरवाही में संलिप्त कुल 17 डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है इतना ही नहीं कई अन्य डॉक्टरों से स्पष्टीकरण और रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों से पेंशन कटौती का भी निर्देश दिया है.



डिप्टी सीएम ने ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 डॉक्टरों को तत्काल बर्खास्तगी का आदेश दिया गया है. ये डॉक्टर लंबे समय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं. मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है. स्थानांतरण के बाद नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डॉ. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं. बीकेटी ट्रामा सेंटर के 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के आरोप में स्पष्टीकरण तलब किया गया है. कार्य में लापरवाही बरतने वाले 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं. कार्य में लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना पर 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक के साथ परिनिंदा दंड लगाया गया है. क्रय नीति का उल्लंघन कर दवाइयां खरीदने वाले 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश जारी किए गए हैं.

### डिप्टी सीएम का सख्त रुख

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया है कि जनता को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा, मरीजों की सेवा ईश्वर की सेवा है. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. स्वास्थ्य विभाग में ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा से वंचित करते हैं.

# समिति ने स्वामी विवेकानंद जी की मनाई जयंती

**समाज जागरण**

चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान मे महान देशभक्त, आध्यात्मिक नेता, समाज सुधारक, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कृष्णानगर गली नंबर दो में ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे "उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"स्वामी विवेकानंद जी ओजस्वी विचारों से सकल विश्व को भारतीय संस्कृति की सुगंध से पल्लवित करने वाले



युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत "युग प्रवर्तक "थे। स्वामी विवेकानंद जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवम प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होने पश्चिमी दुनिया को सनातन धर्म के बारे में जागरूक करते हुए भारतीय संस्कृति से अवगत कराया। सिद्ध किया कि सनातन धर्म श्रेष्ठ क्यों है? उसे क्यों आत्मसात करना चाहिए? वह आध्यात्मिक नेता के साथ समाज सुधारक भी थे। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12जनवरी 1863को कलकत्ता (कोलकाता) मे हुआ था। आपके पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकालत करते थे। आपकी माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं जिसके कारण घर में साधु संत के आगमन के साथ भजन कीर्तन चलता रहता था जबकि पिता आधुनिकता पर विश्वास करते थे। बचपन का नाम नरेन्द्र था। वह ईश्वर को जानने के लिए चिंतन करते धार्मिक ग्रंथो को पढ़ते थे। ईश्वर जानने की प्रबल इच्छा के कारण साधु संत की संगति में रहते। नरेन्द्र 1881मे स्वामी रामकृष्ण परमहंस के पास पहुंचे और उनसे पूछा कि आपने ईश्वर को देखा है। परमहंस ने उत्तर दिया बिल्कुल ऐसे देखा है जैसे तुम्हें देख रहा हूं। स्वामी परमहंस के ओर पास अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति देख नरेंद उनके शिष्य बन गए। गुरु की सेवा में लगे नरेंद्र के पिता बहुत बीमार हुए और आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ा। गुरु परमहंस ने अपने शिष्य को परेशानी में देखा और उन्हें काली के मन्दिर में मूर्ति के सामने धक्का दे दिया वह मूर्ति के पैरो में जाकर गिरे और परमहंस ने कहा जो मांगना है वह मांग लो नरेंद्र यह मां तुम्हें आज सब कुछ देगी जब वह मूर्ति के सामने से उठे और गुरुजी ने पूछा क्या मांगा तब नरेन्द्र (स्वामी विवेकानंद जी) ने कहा कि ज्ञान। गुरु जी ने उसी समय उन्हें कहा अब तू विवेकानंद बन गया। कुछ दिनों बाद स्वामी रामकृष्ण परमहंस बीमार हुए और 16अगस्त 1886को अपनी सभी आध्यात्मिक शक्तियों को स्वामी विवेकानंद जी मे स्थानांतरित करते हुए स्वर्ग सिधार गए। अध्यक्षता दुष्यन्त कुमार सिंह, संचालक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि वेदराम मौर्य, अनिल कुमार शर्मा, अरविन्द कुमार, डॉक्टर जितेन्द्र वर्मा, भुवनेश्वरी पचौरी, गंगा देवी, शिव शंकर मिश्रा, ओम शंखधार, कल्याण सिंह, संजीव मिश्रा, अंशुल मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। भास्कर मिश्रा, देव शंखधार, आर्यन मिश्रा, वंश मिश्रा, यश मिश्रा, रजनी शर्मा आदि मौजूद रहे। पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# युवा महिला मंडल की महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मिलन समारोह का किया आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। गीता सत्संग भवन में आयोजित अग्रवाल युवा महिला मंडल, चंदौसी द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह आज अत्यंत हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मनोरंजक खेलों, उपहार वितरण तथा आपसी मेल-मिलाप के माध्यम से उत्सवधर्मी वातावरण बना रहा। इस आयोजन का सफल संचालन संयोजिका इंदु अग्रवाल के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जलपा अग्रवाल ने की। वित्तीय व्यवस्थाओं का दायित्व वित्त मंत्री शुभा अग्रवाल द्वारा अत्यंत




सुव्यवस्थित रूप से निभाया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्वेता अग्रवाल, रेशु, कामना, शिखा, रितु, नेहा, स्वाति अग्रवाल, प्रिया, प्रियंका, दीपाली, शालिनी, शालिनी अग्रवाल, निमिषा, सुप्रिया, मानसी, शिवानी, निधि, निधि अग्रवाल तथा अलका मंगल का सक्रिय एवं सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

समारोह के समापन पर आयोजकों द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा सम्मान के साथ मनाई विवेकानंद जयंती

**समाज जागरण**

सम्भल। भारतीय इतिहास संकलन समिति ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की सिद्धहस्त 20 युवा प्रतिभाओ को सम्मानित करके भारतीय संस्कृति के अद्वितीय पुरोधा स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई।

नगर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सुशील गुप्ता भगत जी, मीनू रस्तोगी, कमल कांत तिवारी, नेहा मलय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुशील कुमार गुप्ता भगत जी ने कहा कि जिस ओर जवानी चलती हे उस ओर जमाना चलता है। अर्थात वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने अनुभव साझा करके युवाओं का मार्गदर्शन हो और युवा अपने से बड़ों का सम्मान करते हुए धर्म समाज राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान करें। तो इस देश को महान और विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित स्वरचित कविता पाठ किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बनाने वाले 20 युवाओं को सम्मानित करना प्रेरणादाई एवं परिणाम दायक सुकृत्य बताया। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला संरक्षक डा. अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापार, राजनीति, समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, ज्योतिष, वकालत, प्रशासनिक कार्य, अध्यापन,योग एवं अन्य तकनीकी विधा में अपना विशेष स्थान रखने वाले पीयूष गुप्ता, हर्षित शर्मा, मयंक कुमार, कशिश कौशल, पीयूष वर्मा, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, सत्यवीर सिंह पाल, शोभित शास्त्री, डॉ. सारा सक्सेना, डॉ. संकल्प त्रिवेदी, प्रिंस शर्मा एड., मयंक कुमार, अंकुश त्यागी, विकास कुमार वर्मा, स्वाति गुप्ता, आकाश गर्ग, गौरी शंकर चौधरी, राजेंद्र सिंह, सुबोधपाल आदि 20 युवा प्रतिभाओं को आज स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में सम्मानित किया गया है। बताया कि भविष्य में भी विभिन्न तरीकों से युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। उन्होंने युवाओं से उठो जागो और लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश देते हुए अपनी बात कही। भारतीय इतिहास संकलन समिति के मनीष चौधरी, अत्यंत त्यागी, उमेश सैनी, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अतुल कुमार शर्मा, चंद्रभान आर्य, आदि ने सभी 20 युवा प्रतिभाओं को शॉल ओढ़ाकर, भगवा पटका धारण करके, श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ भेंटकर, विवेकानंद अलंकरण से सम्मानित किया। अंत में सामूहिक रुप से वंदे मातरम का गायन हुआ। युवा सम्मान समारोह की अध्यक्षता भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने की। संचालन जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के छठे स्थापना दिवस पर पुलिस कर्मियों को स्नेहपूर्वक भोजन परोसा

**समाज जागरण लखनऊ**

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित बड़े खाना कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, राजीव कृष्ण ने स्वयं पुलिस कर्मियों को भोजन परोसा। इस दौरान उन्होंने कर्मियों के साथ संवाद स्थापित किया



और आत्मीय पल साझा किए। महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों को भविष्य में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ जनसेवा करने, सराहनीय कार्यों को आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर ने पुलिस कर्मियों में आत्मीयता और संगठन के प्रति गर्व की भावना को और बढ़ाया।

# युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद के विचार विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित होने वाले युवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। युवा सप्ताह के प्रथम दिन युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद के विचार विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश कुमार राठी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं, जो आत्मविश्वास, निर्भयता और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं,कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजभूषण ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महानता प्राप्त करने के लिए सुख का त्याग तथा सत्य की खोज में कठिन परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया,कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक परिषद एवं सद्भावना कल्चरल क्लब की संयोजिका डॉ. नयना शर्मा द्वारा किया गया।

# जमीन कब्जाने के प्रयास का विरोध करने मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी सुरेशपाल पुत्र धूम सिंह ने बताया कि रविवार देर रात उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर जब वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर डंडे से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और घायल का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के बाद उसने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच कर की कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े लाखों के जेवरात व हजारों की नगदी चोरी, पुलिस ने घटना को माना संदिग्ध

**समाज जागरण कांधला।**



कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में दिनदहाड़े चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से हजारों रुपये की नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिजनों से जानकारी जुटाई। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी हुई है।सोमवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी यामीन पुत्र सनव्वर ने बताया कि उनके बड़े भाई शहजाद के पुत्र तासीम का दो दिन पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिस कारण घर पर लगातार मेहमानों का आना-जाना लगा हुआ था। घटना के समय यामीन अपने बेटे के पैन कार्ड में सुधार कराने के लिए बाजार गए हुए थे, जबकि घर के अंदर बेड पर दो बच्चे सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर सेफ अलमारी को खंगाल डाला।बाजार में रहते हुए यामीन को फोन के माध्यम से चोरी की सूचना मिली। जांच करने पर पता चला कि चोर सेफ अलमारी से 69 हजार रुपये की नगदी तथा 10 से 12 सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए आभूषणों में एक लॉकेट और एक अंगूठी भी शामिल बताई गई है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दिनदहाड़े हुई चोरी की यह घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नवीन कलेक्ट्रेट में स्थित पार्क का नाम शहीद पार्क रखने की मांग

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जिले के पूर्व सैनिकों ने नवीन कलेक्ट्रेट शामली परिसर में स्थित पार्क का नाम शहीद पार्क रखने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि यह पार्क जिले के उन वीर सपूतों की स्मृति को समर्पित होना चाहिए जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। पूर्व सैनिकों ने मांग की है कि पार्क का नाम शहीद पार्क घोषित किया जाए तथा पार्क में एक उपयुक्त स्थान पर शहीद स्मारक का निर्माण भी कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां जिले के शहीदों के बलिदान को याद कर सकें और उनसे प्रेरणा ले सकें। पूर्व सैनिकों ने कहा कि शहीदों के सम्मान में इस प्रकार का स्मारक न केवल उनकी वीरता का प्रतीक होगा, बल्कि समाज में देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। पूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन से राष्ट्रहित से जुड़ी मांग को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर धीरेन्द्र सिंह, विनय कुमार, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों का उत्पीडन नहीं होगा बर्दाश्त, घनश्याम दास गर्ग

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा है कि प्रदेश भर में व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने प्रदेश व जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने पद की गरिमा के अनुरूप आगे आकर व्यापारी की सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करें। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि 14 दिसंबर को शामली में हुए शपथ ग्रहण समारोह के बाद वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2029 तक चार वर्षों का है। इस अवधि में प्रत्येक जिला व प्रदेश पदाधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह अपने क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे व्यापारी उत्पीड़न पर अंकुश लगाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी जिले में किसी छोटे या बड़े व्यापारी का उत्पीड़न होता है तो उसकी जिम्मेदारी उस जिले के संगठन पदाधिकारी की होगी।
उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विभिन्न विभागों के कई अधिकारी भ्रष्ट और निरंकुश हो चुके हैं तथा वे ईमानदारी से व्यापार कर रहे व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारी व्यापारी का सम्मान करना सीखें, अन्यथा व्यापारी भी चुप नहीं बैठेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मांग की कि महंगाई के इस दौर में व्यापारी दुर्घटना बीमा की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाए।

# राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**



शामली। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही के नेतृत्व में सोमवार को तिरंगे के कथित अपमान को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने विजय चौक से सिटी बिजलीघर तक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी की और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद शामली कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी से मुलाकात करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी जगह पालिका अध्यक्ष अरविन्द संगल से मुलाकात हुई। पालिका अध्यक्ष ने कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि जिन स्थानों पर तिरंगे का अपमान हो रहा है, वहां से उसे आज शाम तक हटा लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की शान और सम्मान का प्रतीक है और उसका किसी भी प्रकार से अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अमित गिरी, तहसील महामंत्री सावन, ग्राम अध्यक्ष धीरेंद्र, तहसील मंत्री दीपक, सर्वेश गिरी, सोनू, पारस बंसल, राजू, तहसील मंत्री नीरज, संजय, रितिक मौजूद रहे।

# हाई टेंशन लाइन खींचे जाने पर फिर भड़का विरोध, पुलिस की मौजूदगी में शुरू हुआ कार्य

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक बार फिर आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन खींचे जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। विद्युत विभाग द्वारा लाइन खींचने का कार्य शुरू किए जाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद कार्य पुनः शुरू कराया गया। क्षेत्र के कस्बा एलम में विगत दिनों आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन निकाले जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन सहित ग्रामीणों ने एक सप्ताह से अधिक समय तक धरना-प्रदर्शन किया था। धरने के दौरान कई ग्रामीणों की तबीयत भी बिगड़ गई थी। बाद में विद्युत विभाग के अधिकारियों और भाकियू नेताओं की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें यह तय हुआ था कि हाई टेंशन लाइन को आबादी के बीच से नहीं निकाली जाएगा। इस समझौते के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया था।सोमवार को एक बार फिर विद्युत विभाग के कर्मचारी गांव में पहुंचे और आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन खींचने का कार्य शुरू कर दिया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंच गए और कार्य का विरोध करते हुए उसे रुकवा दिया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर हाई टेंशन लाइन खींची जा रही है और यदि किसी ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया तो पुलिस कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। थाना प्रभारी के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हो गए और लाइन खींचने का कार्य शुरू कराया गया। मौके पर जयकुमार, हेमंत कुमार, सुरेश पाल, अंकित, निशु, मनोज, कुलदीप, संतोष पाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्मैक पीने से मना करने पर दो सगे भाइयों के साथ मारपीट, हालत गंभीर

-मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के सामने किया स्मैक तस्करों के खिलाफ हंगामा प्रदर्शन

-जन्नत कॉलोनी में कई स्थानों पर खुलेआम होता है स्मैक का कारोबार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे की जन्नत कॉलोनी में स्मैक पीने से मना करने को लेकर नशेड़ियों ने दो सगे भाइयों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। मोहल्ले के लोगों को आता देख स्मैक पीने वाले लोग मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने स्मैक तस्कर और स्मैक पीने वालों के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दोनों पीड़ित भाइयों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर स्मैक बेची जाती है। शिकायत के बाद भी पुलिस स्मैक तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रही है। सोमवार को आधा दर्जन से भी अधिक नशेड़ी जन्नत कॉलोनी में खुलेआम स्मैक का नशा कर रहे थे। मोहल्ले के ही दो सगे भाइयों इजहार और अनस ने नशेड़ियों को मोहल्ले में नशा करने से रोका तो नशेड़ी आग बबूला हो गए। नशेड़ियों के झुंड ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर बस्ती के सैकड़ो लोगों के पर जमा हो गए। बस्ती के लोगों को आता देख नशेड़ी मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से जानकारी ली। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के सामने ही जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि पुलिस अगर स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करे तो कस्बे से नशे को खत्म किया जा सकता है, लेकिन कुछ पुलिस कर्मी स्मैक तस्करों से मिले हुए हैं, जो समय-समय पर स्मैक तस्करों को सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं, जिसके चलते स्मैक तस्कर मौका पाकर फरार हो जाते हैं।
मोहल्ले के लोगों ने स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही अभियान चलाकर स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बार चुनाव: जांच में सही पाए गए सभी नामांकन पत्र

**समाज जागरण**

कैराना। बार एसोसिएशन कैराना के वार्षिक चुनाव में दाखिल सभी नामांकन पत्र जांच पूरी होने के बाद सही पाए गए हैं। इसी के चलते कोई नामांकन खारिज नहीं हुआ। मंगलवार को नामांकन वापस हो सकेंगे। बार एसोसिएशन की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 16 जनवरी को मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद पर अवनीश कुमार, ईशपाल सिंह व शैलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयपाल व सतपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयदीप चौहान व महेश, महासचिव पद पर अफसर अली, शहजाद अहमद व सरवेज जंग, सह सचिव पद पर जानशेर अली व राहुल सिंह, सह सचिव पुस्तकालय पद पर अदनान, फरमान अली व विशाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर अख्लाक, प्रदीप कुमार शर्मा व राकेश कुमार प्रजापति ने नामांकन दाखिल किए थे। वरिष्ठ सदस्य पद पर हेमराज गुप्ता, खड़क सिंह चौहान, पंकज, मोहम्मद आरिफ, महेन्द्र सिंह, नसीम अहमद, सदारत अली, विकास कुमार व विनय शर्मा तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर आकाश भारद्वाज, अमीर हेदर, अमरीश कुमार राणा, दुष्यंत भार्गव, गौरव चौहान, कृष्णा गौत्रा, खालिद अली, महताब, राहुल, सचिन चौहान व तहसीम अहमद ने अपने नामांकन जमा कराए थे। मंगलवार को नामांकन वापसी का दिन है। प्रत्याशी यदि चाहें तो अपना नाम वापस ले सकते हैं। साथ ही, आपत्तियों का निस्तारण कराया जाएगा।

# हाईवे पर भिड़ी दो कार, एक चालक घायल

**समाज जागरण**



कैराना। हाईवे पर दो कारों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक कार चालक घायल हो गया। रविवार रात करीब नौ बजे पानीपत निवासी विकास कार द्वारा हाईवे से जा रहा था। बताया जा रहा है कि तभी खुरगान फ्लाईओवर पर गलत दिशा में आ रही ईको कार से भिड़ंत हो गई। कार का एयरबेग खुलने से विकास व उसके साथी बाल–बाल बच गए, जबकि ईको चालक धमेन्द्र निवासी पटेल नगर सोनीपत हरियाणा घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को सीएचसी पहुंचाया। इसके अलावा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों करों को कब्जे में ले लिया है।

# शहर को जाम से मुक्त कराने को लेकर यातायात पुलिस के साथ बैठक

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर को जाम से मुक्त कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नगर पालिका, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरटीओ रोहित राजपूत एवं यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज सहित पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल मौजूद रहे। बैठक में शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से ई-रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही को समस्या का बड़ा कारण बताया गया। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने बताया कि शहर में लगभग 3000 से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं, जिनमें केवल करीब 1500 का ही पंजीकरण है, शेष आसपास के गांवों से या अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। एआरटीओ रोहित राजपूत ने कहा कि शहर में चलने वाले सभी ई-रिक्शाओं पर नंबर अंकित कर उनका रूट निर्धारित किया जाना जरूरी है, ताकि वे केवल निर्धारित मार्गों पर ही संचालित हों। इससे शहर में जाम की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बड़ा बाजार से कबाड़ी बाजार मार्ग पर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। फव्वारा चौक, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार और गांधी चौक की ओर रिक्शाओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाऐगा। बैठक में ई-रिक्शाओं के सुचारू संचालन के लिए शहर में 10 रूटों के निर्धारण पर सहमति बनी, जिनमें विजय चौक, अजन्ता चौक, गुरुद्वारा, रेलवे स्टेशन, नई मंडी, गढ़ी बस स्टैंड, भिक्की मोड़, बुढ़ाना रोड, सिम्भालका सहित प्रमुख मार्गों को शामिल किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि यातायात विभाग के साथ मिलकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, विनोद तोमर, डॉ. राजेन्द्र संगल, रामनिवास सैनी, गुलजार मंसूरी, इरशाद उर्फ कालू कुरैशी, कर अधीक्षक योगेश कुमार, राजस्व निरीक्षक चन्द्र किशोर पटेल, अनिल कुमार शर्मा, उपस्थित रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) विद्युत संविदा कर्मचारी संघ शामली के पदाधिकारियों ने सोमवार को अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन (राजस्व) कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। संघ का कहना है कि लंबे समय से संविदा कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है।
संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद में कार्यरत विद्युत संविदा कर्मचारी उत्तर प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो विभाग और न ही कंपनी उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। नई कंपनी के आने के बाद से अधिकांश कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं में समय पर वेतन न मिलना, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराना, ईएसआई व ईपीएफ से संबंधित लाभ न मिलना, आईडी कार्ड जारी न किया जाना तथा ईपीएफ की लंबित राशि खातों में जमा न किया जाना शामिल है। संघ ने कहा कि पूर्व में अनिश्चितकालीन धरना समाप्त करने के दौरान विभाग द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक जनपद के सभी संविदा कर्मचारी अपने-अपने विद्युत उपकेंद्रों पर रहकर केवल विरोध दर्ज कराएंगे और किसी भी प्रकार का राजस्व संबंधी कार्य नहीं करेंगे। यदि इस दौरान किसी कर्मचारी पर दबाव बनाया गया या कार्रवाई की गई तो सभी संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस अवसर पर रविन्द्र कुमार, यशवीर सिंह, ललित कुमार, रवि पाल आदि मौजूद रहे।

# किसके संरक्षण में फलफूल रहा मौत का कारोबार

**समाज जागरण कांधला।**

जन्नत कॉलोनी में खुलेआम स्मैक तस्करी का धंधा जोरों पर है मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि दिनभर नशेड़ी मोहल्ले में जमा रहते हैं, जो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं, मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आखिर यह मौत का कारोबार किसके संरक्षण में फल फूल रहा है जो की शिकायत के बाद भी बंद नहीं हो रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि एक महिला उसका पति सहित अन्य परिवार के लोग भी मौत के सामान का कारोबार खुलेआम कर रहे हैं, पुलिस शिकायत के बावजूद भी उन्हें पकड़ने नहीं आती जो मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तस्करी के मकान पर मोहल्ले के लोग लेकर पहुंचे पुलिस

**समाज जागरण**

कांधला। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने मादक पदार्थ तस्कर और नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की मोहल्ले के दर्जनों लोग पुलिस को लेकर तस्करी के लिए आरोपियो के मकान पर पहुंचे, आरोप है जहां पर तस्करी कर रही महिला पुलिस के सामने ही सीना जोरी करने लगी. हंगामा कर रहे लोगों ने कार्रवाई की मांग की मगर पुलिस खाली हाथ लौट आई।

# आधार अपडेट सेंटर खुलवाने की मांग

**समाज जागरण**

कैराना। भाजपा नेता ने गांव में आधार कार्ड सेंटर खुलवाए जाने की मांग की है। दभेड़ीखुर्द गांव के पूर्व प्रधान व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री चौधरी मुंशाद अली चौहान ने आईजीआरएस पार्टल पर शिकायत की है। बताया है कि आधार कार्ड अपडेट के लिए एक हजार ग्राम पंचायतों में आधार जनसेवा केंद्र खुलवाए जाने हैं। दभेड़ीखुर्द खादर क्षेत्र का गांव है, जहां से जिला मुख्यालय की दूरी करीब 25 किमी. व तहसील एवं ब्लॉक की दूरी करीब 13 किमी. है। ऐसी स्थिति में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने गांव में आधार अपडेट सेवा केंद्र खुलवाए जाने की मांग की है।

# छत से गिरकर बालक घायल, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

कैराना। छत पर खेल रहा दो वर्षीय मासूम बालक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को चिंताजनक हालत में दिल्ली रेफर किया गया।
गांव नंगलाराई निवासी मजदूर वकील का दो वर्षीय बेटा ताबिश रविवार दोपहर छत पर खेल रहा था। इसी दौरान बालक छत से नीचे गिर गया, जिस कारण उसे सिर में गंभीर चोट लगी। परिजन घायल को सीएचसी में ले गए। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बाद में परिजन बालक को शामली प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने चिंताजनक हालत बताते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया है।

# कांग्रेस पदाधिकारियों ने मनाया सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सोमवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों ने केक काटा और एक-दूसरे को मिष्ठान वितरित कर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने प्रियंका गांधी के राजनीतिक संघर्ष और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।



सहारनपुर कोआर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रियंका गांधी हमेशा आमजन, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और किसानों की आवाज बनकर सामने आई हैं। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया है, वह कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी के दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व नगर अध्यक्ष वैभव गर्ग ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए आगामी समय में जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर वैभव गर्ग, बाबूखान, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, विनोद अत्री, डॉ. श्रीपाल सिंह, रविन्द्र आर्य, ज्योति प्रसाद शर्मा, सोहिल धीमान, मास्टर नरेन्द्र सिंह, आदेश कश्यप, सागर कालखंडे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अरविन्द कुमार उपाध्याय को अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा समिति का राष्ट्रीय महासचिव एवं संगीता उपाध्याय को बनाया गया प्रदेश अध्यक्ष

**समाज जागरण छपरौली।**
गांव बाछौड़ में अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा समिति द्वारा आयोजित बैठक में समिति के विस्तार व पुनर्गठन पर विचार विमर्श के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव करते हुए सर्वसम्मति से अरविन्द कुमार उपाध्याय नांगल को समिति का राष्ट्रीय महासचिव एवं संगीता उपाध्याय को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया तथा अन्य प्रबुद्ध व्यक्तियों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया। समिति के संस्थापक बाबूराम उपाध्याय को पगड़ी और फूल मालायें पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज व समिति के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक बाबूराम उपाध्याय ने कहा समिति के पुनर्गठन का निर्णय समाज हितों के लिए अत्यन्त आवश यक है। पिछले दिनों कुछ लोगों ने समिति के रजिस्टेशन नम्बर 622 का दुरुपयोग करते हुए समाज को गुमराह किया। जानकारी मिलने के बाद ऐसे व्यक्तियों को समिति से निष्काषित करते हुये समस्त कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। भविष्य में जो व्यक्ति अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा समिति के नाम व रजिस्टेशन नम्बर 622 का दुरुपयोग कर समाज को गुमराह व चन्दें का नाम पर धन इकट्ठा करेगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ उसका सामाजिक बहिष्कार किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष बाबूराम उपाध्याय ने की और संचालन अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विशाल चौहान, ओमपाल, रजनीश, दीपक, रणवीर, डॉ० कोकिल, संजीव उपाध्याय, चन्द्रपाल, शलेख, सुमित उपाध्याय, सत्यवान, पंकज, देवेन्द्र आदि उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुई खण्ड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

**समाज जागरण बागपत।**
राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार बागपत के तत्वावधान में स्व रुपेश कुमार फौजी व्यायामशाला में खण्ड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संघचालक बागपत गजेंद्र आचार्य तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रधानाचार्य जुगल किशोर, सेवानिवृत्त खण्ड विकास अधिकारी सुरेश आर्य, खण्ड कार्यवाह मनोज कुमार, शारीरिक प्रमुख बृजेश चौहान एवं राहुल शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मसंयम एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करते हैं। ऐसे आयोजन स्वस्थ, सक्षम एवं मजबूत भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में खण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए पहलवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों के परिणाम रहे। 45 किग्रा भार वर्ग तरुण प्रथम स्वेज द्वितीय, विशाल तृतीय 55 किग्रा भार वर्ग लक्की प्रथम, गोलू द्वितीय सहदेव तृतीय 57 किग्रा भार वर्ग दक्ष प्रथम, सावन द्वितीय,नितिन तृतीय 60 किग्रा भार वर्ग वैभव प्रथम,अमन द्वितीय, निखिल तृतीय 67 किग्रा भार वर्ग आशु प्रथम, वंश द्वितीय अमन तृतीय 75 किग्रा भार वर्ग भीम प्रथम, शिवम् द्वितीय, मुकुल तृतीय 92 किग्रा भार वर्ग सचिन पहलवान प्रथम उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रशिक्षक खलीफा लाल पहलवान, नीरज खलीफा, विपिन पहलवान, गौरव पहलवान सहित अनेक वरिष्ठ पहलवान एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।



# कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया

**समाज जागरण**
बड़ौत। नगर के शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने सघर्ष निडर दूरदर्शिता करूणा सरलता गम्भीरता की प्रतीक देश के करोड़ों लोगों की उम्मीद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का जन्म दिवस केक काटकर उत्साहपूर्वक धूमधाम के साथ मनाया। उन्हे हार्दिक बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की और दीर्घायु होने अच्छे स्वास्थ की सभी ने कामना कर मिष्ठान्न वितरण किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ नेता शिवकुमार कटारिया ने किया। देश की जनता किसान मजदूर गरीबों दलितो शोषितो वंचितों अल्पसंख्यको महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज प्रियंका गांधी के हाथों को मजबुत करने का संकल्प लिया। कार्यकताओं ने एक स्वर मे कहा प्रियंका गांधी परिवर्तन नहीं एक आंधी है दुसरी इंदिरा गांधी है। जिला संगठन प्रभारी नसीम खान ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार तानाशाही पूर्ण रवैया अपना कर जनता का उत्पीडन कर रही है। जिसे देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हर मोर्चे पर विफल है। बोखलाहट मे जनता का ध्यान भटकाने मे लगी रहती है। मनरेगा मे बदलाव कर किसान मजदूर गरीबों का गला घोटा जा रहा है। आगामी चुनावों मे कांग्रेस परचम लहरायेगी। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा हर वर्ग किसान मजदूर गरीब की निगाहे कांग्रेस की और लगी है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो। किसानों गरीबों मजदूरों को साथ लेकर चलती है। मनरेगा मे किये गये बदलाव मे होने वाले नुकसान को किसानों मजदूरों को गांव गांव जाकर जागरूक किया जायेगा। जनता भाजपा के कुशाशन से तंग आ चुकी है। बेरोजगार सडकों पर भटक रहे है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कमिश्नर बेगराज सिंह, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्दर राणा, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा, सरफराज एडवोकेट ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बिजेन्द्र शर्मा, रामाश पंवार, समीर, आरिक हुसैन, औम बीर दुहण, डा सुभाष शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, प्रवेज, इरशाद, शोकेन्द्र तोमर, दिलशाद, शमीम खान, ब्रजमोहन शर्मा, जय प्रकाश सरोहा, रविन्द्र तोमर, रामरंग पंवार, नन्दकिशोर शर्मा, सोमपाल, मिथुन, औकार दत्त, आदि उपस्थित रहे।



# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे की जमानत डालने के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**-गांव के व क्षेत्र के सैकड़ों लोग रहे मौजूद**
**-गांव गढ़ी दौलत में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च**

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। आरोपी की जमानत डालने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने निकाला कैंडल मार्च। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था। घटना को लेकर महिलाओं तथा लड़कियों में भय व आतंक तथा पुरुषों में आक्रोश की भावना पैदा हो गई थी। परिजनों ने आरोपी की जमानत के लिए याचिका दायर की थी। सोमवार को मृतका के परिजनों गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोग गांव गढ़ी दौलत में जमा हुए। सैकड़ो लोगों ने आरोपी फारुख की जमानत डालने के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई तथा आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सोपा है। इस दौरान जुम्मन, अबरार, आसिफ, आमिर, इकबाल, दानिश, मीर हसन, शाहीन, फुरकान व वाजिद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस ने किया जागरूक

**समाज जागरण कैराना।**
एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं एएसपी सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस के द्वारा 'ऑपरेशन सवेराःनशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर' अभियान के तहत सोमवार को कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला में एक प्रभावशाली नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। इस दौरान बताया गया कि खुशहाल व सुखद जीवन के लिए नशे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचाता है तथा उसके शैक्षिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव, युवाओं को नशे की लत से बचाने के प्रभावी उपायों, नशा तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्यवाही, नशा छोड़ने हेतु परामर्श, सहयोग एवं उपलब्ध हेल्प लाइन सेवाओं आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक करें। किसी भी प्रकार की नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। पुलिस टीम में एसआई चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।




# अवैध शराब तस्करी समेत तीन मामलों तीन आरोपियों को सजा

**समाज जागरण**
कैराना। न्यायालय ने अवैध शराब तस्करी व असलहा बरामदगी समेत तीन अलग-अलग मामलों में दोष सिद्ध पाए जाने पर तीन आरोपियों को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष-2017 में विजयपाल निवासी ग्राम मस्तगढ थाना थानाभवन के विरुद्ध थाना गढ़ीपुख्ता आबकारी अधिनियम की धारा-60 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। पुलिस द्वारा प्रभावी एवं सशक्त पैरवी के चलते सोमवार को कोर्ट ने आरोपी विजयपाल को दोषी मानते हुए न्यायालय उठने तक के कारावास व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।
दूसरा मामला वर्ष-2025 का है। अहसान उर्फ अपुन निवासी ग्राम मन्नामाजरा के विरुद्ध कोतवाली कैराना पर अवैध हथियार बरामदगी के आरोप में आयुध अधिनियम की धारा-4/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने मामले की जांच करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। सोमवार को अदालत ने आरोपी अहसान उर्फ अपुन को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। तीसरा मामला भी वर्ष-2025 का ही है। मुद्दसिर निवासी मोहल्ला पंसारियान शामली के विरुद्ध आरपीएफ थाना शामली पर रेलवे संपत्ति अधिनियम-1966 की धारा- 03 के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। यह मामला भी कैराना कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को अदालत ने आरोपी मुद्दसिर को दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने तीनों मामलों में अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए है।

# नर से नारायण बनने की यात्र का शुभारंभ है संयम : विमर्श सागर

**समाज जागरण बागपत।**
आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ धर्मशाला बडौत में धर्मसभा के मध्य कहा कि मनुष्य के जीवन के दो मार्ग है ,एक योग का, दुसरा भोग का। योग का मार्ग संयम का मार्ग है। जब मनुष्य त्याग से,धर्म से, संयम से जुड़ जाता है तब उसकी यात्रा जगदीश्वर की यात्रा हो जाती है, अन्यथा वह जीवन जानवर की भाति व्यतीत करता है। नर से नारायण बनने को यात्रा का शुभारम्भ संयम से होता है। संयम में पंचेन्द्रिय के विषयों का त्याग कराया जाता है। संयम से रहित जीवन दीमक लगे वृक्ष के समान होता है। उन्होंने कहा कि संयम जीवन का संगीत है, परम आनन्द है, आत्मा का सौन्दर्य है, जो जीव सम्यक दृष्टि हो जाता है वह संयम की ओर अग्रसर होता है।संयम निराकूलता का साधन है। जिन्होंने भी जीवन में शान्ति, सफलता पायी है, उन्होंने संयम को अवश्य ही स्वीकारा है।संयम ही आत्म-दर्शन का साधन है।अन्त में कहा कि जन्म एवं मृत्यु का कोई मुहूर्त नहीं होता, उसी प्रकार संयम धारण करने का कोई मुहुर्त नहीं होता। जब आत्मोत्थान की भावना जाग्रत हो,संयम स्वीकार लेना चाहिए। संयम के बिना हमारा जीवन मरूस्थल की भॉति है जहाँ सुख के एक नीर की बून्द भी नहीं है। इस संसार में भाग्यशाली वही है, जिसका मन पवित्र है, संयमी है, जिसने अपनी इन्द्रियों और कषाय को वश में कर लिया है, क्योंकि संयम प्राणी मात्र में परमात्मा को देखता है और प्राणी पीड़ा से मुक्त होकर परमात्मा को पाने की चेष्टा करता है। अतः परमात्मा को पाने-के लिए संयम को स्वीकारें।सभा का संचालन श्रेयांस जैन ने किया। सभा में सुरेश जैन, महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, अमित जैन, त्रिशला जैन, इंद्राणी जैन आदि उपस्थित थी।




# महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया

**समाज जागरण**
बड़ौत। नगर के पठानकोट मोहल्ले में महिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी का जन्मदिन महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में लगातार कांग्रेस की सदस्यता बढ़ती जा रही है। भारी संख्या में कांग्रेस के साथ महिलाएं जोड़कर चल रही है। महिलाओं के साथ कांग्रेस की प्रियंका गांधी कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रही है। कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बागपत उर्मिला सिंह ने कहा कि जनपद बागपत में सदस्यता अभियान चलाकर कांग्रेस से महिलाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेसी महिलाओं ने प्रियंका गांधी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर गुड़िया, सलमा, आसमा, नजराना, माया, संतोष, गीता, नसीमा खातून, राखी, कोमल, सुनीता, गुलसिता आदि मौजूद रही।



# दहेज की भूख में आठ माह गर्भवती विवाहिता की हत्या हुई

## स्कार्पियो और मकान के लालच में ससुरालियों ने ली जान बेटी

**समाज जागरण बागपत।**
दहेज की लालच में एक और बेटी की जिंदगी खत्म कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुजफ्फरनगर जनपद के ग्राम परासौली निवासी रेखा पत्नी स्वर्गीय ज्योति राम ने थाना दोघट में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी आठ माह की गर्भवती बेटी कनक की उसके ससुराल वालों ने मिलकर हत्या कर दी। यह घटना समाज के उस काले चेहरे को उजागर करती है, जहां आज भी दहेज की भूख इंसानियत पर भारी पड़ रही है।
रेखा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कनक की शादी 12 नवंबर 2024 को धनौरा निवासी आशीष कुमार से पूरे रीति-रिवाज और लगभग आठ लाख रुपये खर्च कर की थी। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही कनक को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष स्कॉर्पियो गाड़ी और पांच लाख रुपये की मांग कर रहा था। इतना ही नहीं, मायके पक्ष पर परासौली के मेन बाजार में स्थित करीब सत्तर लाख रुपये की कीमत वाले मकान को बेचने का दबाव भी बनाया गया। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर कनक के साथ लगातार मारपीट की जाती रही। आशीष कुमार हरिद्वार में प्राइवेट नौकरी करता था और वहीं कनक को रखे हुए था। 27 दिसंबर 2025 को वह गर्भवती कनक को लेकर गांव धनौरा आया, जहां उसी रात उसकी मौत की सूचना दी गई। परिजनों का कहना है

कि यह कोई सामान्य मौत नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, लेकिन सदमे और अंतिम संस्कार के कारण परिजन तुरंत तहरीर नहीं दे सके। अब पीड़िता की मां ने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह मामला दहेज रूपी दानव पर कठोर प्रहार की मांग करता है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों में कोहराम

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित एक मोहल्ला नाला पटरी निवासी एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक की पत्नी द्वारा गर्दन पर काटे जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद संक्रमण फैलने से उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला नाला पटरी निवासी एक युवक की करीब 8 माह पूर्व एक युवती से शादी हुई थी। बताया जाता है कि नवविवाहित जोडे के भी सबकुछ ठीक चल रहा था। दोनों एक दूसरे से अधिक प्रेम करते थे। आरोप है कि रात्रि में विवाहिता द्वारा अपने पति की गर्दन पर काट लिया गया। दोनों में किसी बात का कोई विवाद नही था तो पति ने एक स्थानीय चिकित्सक के यहां जाकर मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन कुछ दिन बाद ही घाव में संक्रमण (सेप्टिक) फैल गया। जिसके बाद परिजनों ने दिल्ली के ऐम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर घाव को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन सेप्टिक ज्यादा फैलने से युवक की करीब एक सप्ताह पूर्व मौत हो गई। जहां युवक का पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया और परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार को मृतक युवक के परिजनों ने पत्नि पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन पुलिस को कोई शिकायत नही की गई। युवक की असामयिक मौत से पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। वही पति से बिछडी नवविवाहित पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

# मौलाना वासिल अल हुसैनी ने किया दौरा मदरसा संचालक के कार्य की सरहाना।

**समाज जागरण कैराना ।**
क्षेत्र के गांव जिडाना में स्थित जामिया एहतेशामिया जिडाना में प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना वासिल अल हुसैनी का दौरा हुआ। इस दौरान उन्होंने मदरसे के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करना भी बेहद जरूरी है, ताकि बच्चे समय की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ सकें और समाज व देश की बेहतर सेवा कर सकें। मौलाना वासिल अल हुसैनी ने मदरसे में दी जा रही तालीम और व्यवस्था की सराहना करते हुए मदरसे के जिम्मेदार कारी फुरकान की मेहनत और लगन को काबिल-ए-तारीफ बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान बच्चों की अच्छी तरबियत में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर मदरसे के शिक्षक, जिम्मेदारान और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कारी फुरकान ने मौलाना वासिल अल हुसैनी सहित तमाम मेहमानों के आगमन पर उनका शुक्रिया अदा किया।



# केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से की मुलाकात

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बजट पूर्व कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पक्षों से किया विस्तृत संवाद, प्राप्त सुझावों की रिपोर्ट वित्त मंत्री को सौंपी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह ने आज दिल्ली में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। श्री चौहान ने हाल के सप्ताहों में देश के विभिन्न राज्यों का दौरा किया और राज्यों के अलावा दिल्ली में भी प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं तथा ग्रामीण उद्योगों एवं दोनों मंत्रालयों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से व्यापक संवाद स्थापित किया। इन चचाओं से प्राप्त विचारों और सुझावों को एक समग्र कृषि एवं ग्रामीण विकास के सुझाव के रूप में तैयार कर उन्होंने वित्त मंत्री को सौंपा। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी आम बजट किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरक होगा।

# गली-मकानों के नंबर न होने से नागरिक परेशान, भाजपा मंडल महामंत्री ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

कालांवाली, 12 जनवरी (सुरेश जोरासिया): शहर में गली और मकानों पर क्रमवार नंबर अंकित न होने से आम नागरिकों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी, कालांवाली के मंडल महामंत्री महेश कुमार आजाद ने नगर पालिका चेयरमैन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कालांवाली नगर की अधिकांश गलियों और मकानों पर अब तक क्रमवार नंबर अंकित नहीं हैं, जिसके कारण बाहरी लोगों, डाक विभाग, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को सही पते तक पहुंचने में समय की बबार्दी होती है। कई बार समय पर सहायता न मिलने से गंभीर परिस्थितियां भी उत्पन्न हो जाती है। महेश कुमार आजाद ने बताया कि गली-मकान नंबर न होने से सरकारी विभागों, बैंकिंग सेवाओं, गैस एजेंसियों, ऑनलाइन डिलीवरी और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी लगातार दिक्कतें आ रही हैं। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है, जिससे नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका प्रशासन से मांग की गई है कि कालांवाली नगर के सभी वाडों की गलियों में क्रमवार और स्थायी रूप से गली नंबर लगाए जाएं तथा मकानों पर भी स्पष्ट नंबर अंकित किए जाएं। इससे न केवल नगर की व्यवस्था सुचारू होगी, बल्कि आम जनता को भी बड़ी राहत मिलेगी।




भाजपा मंडल महामंत्री ने कहा कि गली-मकान नंबरिंग केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि नगर की पहचान और सुव्यवस्थित विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई है कि नगर पालिका प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेकर इस समस्या का समाधान करेगा। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते यह व्यवस्था लागू की जाती है तो आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली बेहतर होगी और शहर की व्यवस्थाएं अधिक सुदृढ़ होंगी। इस मौके पर युवा नेता महेश आजाद, संतोक सिंह वीर सिंह आदि मौजुद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सही मार्गदर्शन और प्रारंभिक देखभाल अत्यंत आवश्यक है : सुपरवाइजर वंदना शर्मा

**समाज जागरण**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 12 जनवरी। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सही मार्गदर्शन और प्रारंभिक देखभाल अत्यंत आवश्यक है। बच्चों की शुरूआत देखभाल भविष्य की सशक्त बुनियाद होती है। अतः हर अभिभावक को अपने नवजातक शिशुओं के जन्म से पूर्व जननी के स्वास्थ्य व जन्म के बाद जननी व नवजातक शिशू की बेहतर ढंग से की गई केयर रोग मुक्त व कुपोषण को समूल नष्ट करेगी। यह विचार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर वंदना शर्मा ने गांव नूनसर की आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ऐसे आयोजित कार्यक्रम में जागरूक कार्यक्रम चलाए जाते रहे हैं और इसकी सकारात्मक परिणाम भी मिले हैं।


बहल के गांव नूनसर की आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करते सुपरवाइजर वंदना व अन्य।

वंदना शर्मा ने बताया कि ईसीसीई योजना के अंतर्गत शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के लिए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं देखभाल से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राथमिक विद्यालय के लिए तैयार करना है, ताकि वे आगे की शिक्षा को आत्मविश्वास के साथ ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अवस्था में दी गई सही शिक्षा और देखभाल बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उनके सामाजिक व्यवहार और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही ईसीसीई कार्यक्रम सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से भी जुड़ा हुआ है। जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित पोषण एवं समान अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान सीबीई बैठक का रिकार्ड दर्ज किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों का वजन एवं लंबाई की जानकारी ली गई। जिसमें बच्चों का पोषण स्तर संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बच्चों की नियमित निगरानी, पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा रानी, भतेरी देवी हेल्पर, मायापति हेल्पर, सरपंच सुषमा देवी, पंच माया यादव इटीसी सहित अनेक महिलाएं बैठक में उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विभागीय योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

# भक्ति भाव से सराबोर भक्ति पर्व समागम का दिव्य आयोजन

## भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है : निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 12,जनवरी :भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित भक्ति पर्व समागम के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।संत निरंकारी मिशन ब्रांच जैतो के मुखी अशोक धीर और जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज ऐन एस गिल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास की अनुपम छटा देखने को मिली। दिल्ली-एन.सी.आर सहित देश-विदेश से पधारे हजारों श्रद्धालु भक्तों ने इस दिव्य संत समागम में सहभागिता करते हुए सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद एवं आत्मिक शांति की अनुभूति प्राप्त करी।इस पावन अवसर पर परम संत संतोख सिंह जी सहित अन्य संत महापुरुषों के तप, त्याग एवं उनके ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भक्ति, सेवा एवं समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से गुरु महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। संतों की प्रेरणादायक शिक्षाओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को छूते हुए उनके जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध किया।भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं, बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है। सच्ची भक्ति तब है जब हम आत्म मंथन द्वारा दूसरों से पहले स्वयं को जाँचें, अपनी कमियों को सुधारें और हर पल जागरूक जीवन जिएँ। अज्ञान में हुई गलती सुधर सकती है, पर जानबूझकर चोट पहुँचाना, बहाने या चालाक शब्द भक्ति नहीं हैं, क्योंकि भक्त का स्वभाव मरहम का होता है। हर एक में निराकार देखकर सरल, निष्कपट व्यवहार करना और ब्रह्मज्ञान के बाद सेवा, सुमिरन व सत्संग से इस एहसास को बनाए रखना ही भक्ति है। अंततः भक्ति एक चुनाव है-नाम की नहीं, जीवन की। सतगुरु माता जी से पूर्व निरंकारी राजपिता जी ने भक्ति पर्व के अवसर पर यह समझाया कि भक्ति कोई पद, पहचान या अपनी बनाई परिभाषा नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान पाकर करता-भाव के समाप्त होने से उपजा जीवन जीने का ढंग है। संतों ने वचन इसलिए माने क्योंकि गुरु का वचन मानना उनके लिए स्वाभाविक था, जबकि हम कई बार न मानने को भी सही ठहरा लेते हैं। सत्य और भक्ति की परिभाषा एक ही है, यदि भक्ति को उपलब्धियों या अहंकार से जोड़ा जाए तो करता-भाव जीवित रहता है। भक्ति कोई सौदा नहीं, प्रेम का चुनाव है, जहाँ प्रयास रहते हैं पर दावा नहीं इसलिए अरदास यही है कि अपनी सारी परिभाषाएँ छोड़कर ऐसा जीवन जिएँ जहाँ वचन, सेवा, सुमिरन और संगत स्वभाव बन जाएँ क्योंकि भक्ति अपनी परिभाषा से हो, तो भक्ति नहीं।सतगुरु माता जी ने माता सविंदर जी एवं राजमाता जी के जीवन को भक्ति, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा का सजीव प्रतीक बताते हुए कहा कि इन मातृशक्तियों का संपूर्ण जीवन निरंकारी मिशन के लिए एक श्रेष्ठ उदाहरण है, जो प्रत्येक श्रद्धालु को सेवा एवं समर्पण की प्रेरणा प्रदान करता है।निरंकारी मिशन का मूल सिद्धांत यही है कि भक्ति, परमात्मा के तत्व को जानकर ही अपने वास्तविक एवं सार्थक स्वरूप को प्राप्त करती है। निःसंदेह, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के अमूल्य प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान के माध्यम से भक्ति के वास्तविक अर्थ को समझने तथा उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्रदान की।



# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन संग पहुँची 72 वीं पैदल ध्वजा यात्रा

- श्री बालाजी धाम डोभ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लगाया जाता है निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर
- सभी मरीजों को दिये जाते है दवाईयां और चश्मे निशुल्क

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 12 जनवरी। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार श्री बालाजी धाम डोभ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संकीर्तन,भंडारा एव निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

आज छोले चावल का भंडारा पवन चोपड़ा गाँव डोभ द्वारा लगाया गया आज का संकीर्तन बालाजी अमावस्या सेवा समिति जनता कॉलोनी रोहतक द्वारा किया गया जिसमें बालाजी के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर-सुन्दर झांकियों प्रस्तुत की गई



आगे प्रधान जी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं

श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में दो जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस एवं रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं इस अवसर पर मुख्य रूप हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता, प्रदीप बंसल,जन्नू आंवल, राम अवतार डिब्बे वाले, अंकित गर्ग, जगदीश बुधवार, दीपक पंचाल, ग्रीस मिनोचा, देव दुबे, दिनेश रोहिल्ला, बल्लू शाह,सोनू तनेजा, बिट्टू दुआ, रवि चिटकारा, कत्याल, वंश, सैंटी, खुशाल, पंडित नरेश कौशिक,राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी,अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# म्हारी योजना कॉलम के लिए

## - एक लाख 80 हजार रुपये तक है आय तो बेटी की शादी के लिए मिलेंगे 71 हजार रुपये

**समाज जागरण**

सिरसा,श/कालांवाली 12 जनवरी (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बेटियों के विवाह को लेकर परिवारों पर पडड्डे वाले आर्थिक दबाव को कम करना है। योजना के अंतर्गत वे परिवार पात्र माने गए हैं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। योजना के तहत अबतक जिला के 2334 लाभपात्रों के खाते में 13 करोड़ 99 लाख 66 हजार रुपये की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि योजना के अनुसार कन्या के विवाह के बाद छह माह के भीतर आधिकारिक पोर्टल www.shaadi.edisha.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने पर ही लाभ राशि सीधे लाभार्थी को प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति / विमुक्त जाति वर्ग के लाभार्थियों को 71,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। वहीं सभी वर्गों की विधवा, बेसहारा महिला या अनाथ बेटियों को 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 41,000 रुपये की राशि दी जाती है।

दिव्यांगजनों के लिए भी इस योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। यदि विवाह करने वाले दंपती दोनों दिव्यांग हों तो उन्हें 51,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि दंपती में से केवल एक के दिव्यांग होने की स्थिति में 41,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा महिला खिलाड़ी (26 ओलंपिक, 16 गैर ओलंपिक और 22 टूनामेंट/चैंपियनशिप में से किसी एक में भाग लिया हो) को भी 41,000 रुपये की सहायता दी जाती है।

# भाजपा मुक्तसर में माघी मेला पर पहली बार राजनीतिक सम्मेलन करेंगी, कई राष्ट्रीय नेता होंगे शामिल

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,12 जनवरी : श्री मुक्तसर साहब में लगने वाले माघी मेले पर 14 जनवरी को सत्तधारी आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल (बादल), भारतीय जनता पार्टी, शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर), अकाली दल वारिस पंजाब दे आदि पार्टियां अपनी -अपनी राजनीतिक कांफ्रेंस आयोजित कर रही हैं जिन्हें इन पार्टियों के प्रमुख नेता संबंधित करेंगे। पंजाब भारतीय जनता पार्टी माघी मेला मुक्तसर साहिब में पहली बार राजनीतिक कांफ्रेंस करने जा रही हैं।आम आदमी पार्टी लगभग आठ साल के अंतराल के बाद माघी मेले में अपनी राजनीतिक रैली की परंपरा को फिर से शुरू कर रही है। आखिरी बार पार्टी ने 2016 में यहाँ एक बड़ा सम्मेलन किया था। सूत्रों के अनुसार पंजाब कांग्रेस कमेटी मेला पर अपनी कांफ्रेंस नहीं कर रही।यह कांफ्रेंस 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए सभी पार्टियों के अभियान की शुरूआत के रूप में देखी जा रही है। माघी मेला 1705 में मुक्तसर की लड़ाई में शहीद हुए 40 मुक्तों की याद में मनाया जाता है, और पंजाब की राजनीति में इस दिन होने वाले सम्मेलनों का विशेष महत्व होता है। सूत्रों के अनुसार मेले में 10 लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। भाजपा की कांफ्रेंस को संबोधित करने के लिएकई वरिष्ठ और राष्ट्रीय नेताओं के शामिल होने की संभावना है जिसमें अनुराग ठाकुर,तरुण चुघ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव, रवनीत सिंह बिट्टू केंद्रीय राज्य मंत्री,सुनील जाखड़ पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष इसके अलावा स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने पार्टी के केंद्रीय आलाकमान से केंद्रीय मंत्रियों शिवराज सिंह चौहान,हरदीप सिंह पुरी, पंजाब और चंडीगढ़ के संगठन महासचिव मंथरी श्रीनिवासुलु आदि के पहुंचने की उम्मीद है।

# पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन को मिला नया वाइस चेयरमैन

## व्यापारियों की आवाज बने अनिल ठाकुर, सरकार ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

बठिंडा, 12 जनवरी :पंजाब सरकार ने व्यापारियों को राहत देने और उनके हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से गठित पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन को मजबूती देते हुए अनिल ठाकुर को इसका वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अनिल ठाकुर राज्य स्तर पर व्यापारियों के मुद्दों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में इस अहम भूमिका में कार्य करेंगे।

पंजाब के गवर्नर द्वारा गठित यह आयोग व्यापारियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को जमीनी स्तर पर लागू करने, उनकी समस्याओं के समाधान और सरकारी नीतियों को सरल बनाने की दिशा में काम करेगा। अनिल ठाकुर की नियुक्ति को व्यापारिक समुदाय के लिए एक सकारात्मक और भरोसेमंद कदम माना जा रहा है।



### व्यापारी हितों के लिए तीन-स्तरीय व्यवस्था

पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र–तीन स्तरों पर कार्य करेगा। वाइस चेयरमैन के तौर परअनिल ठाकुर की भूमिका राज्य स्तर पर व्यापारियों की चिंताओं को सरकार तक पहुंचाने और नीतिगत फैसलों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की होगी।व्यापारियों को मिलेगा सीधा मंच यह आयोग एक शिकायत निवारण फोरम के रूप में कार्य करेगा, जहां स्थानीय बाजारों से जुड़ी समस्याएं, रेगुलेटरी अड़चनें, नगर निगम, पुलिस, खाद्य आपूर्ति, श्रम और कराधान से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाएगा। इसके साथ-साथ व्यापारियों के लिए चलाई जा रही वेलफेयर स्कीमों और जागरूकता अभियानों की निगरानी भी की जाएगी।

बिना किसी वित्तीय बोझ के सेवा सरकार ने स्पष्ट किया है कि आयोग के चेयरमैन और सदस्य ऑनरेरी आधार पर कार्य करेंगे और इससे सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। आयोग का कार्यकाल प्रारंभ में दो वर्ष का होगा। व्यापारिक संगठनों में खुशी की लहर अनिल ठाकुर की नियुक्ति से प्रदेश के व्यापारिक संगठनों में उत्साह है। व्यापारियों को उम्मीद है कि उनके अनुभव और समझ से व्यापार-अनुकूल माहौल बनेगा और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान तेजी से होगा।

# शिरोमणि कमेटी पवित्र स्वरूपों के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेशों के अनुसार कार्रवाई करेगा : धामी

**समाज जागरण**

जैतो ,12 जनवरी( रघुनंदन पराशर ):शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, शिरोमणि कमेटी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूपों के मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगी। जारी बयान में



एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि पवित्र स्वरूपों के मामले में जांच पहले ही श्री अकाल तख्त साहिब के संरक्षण में की जा चुकी है और श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार, शिरोमणि कमेटी द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई थी। अब नवीनतम आदेश के अनुसार, शिरोमणि कमेटी आगे की कार्रवाई करेगी, जिसमें एस.आई.टी. से संपर्क करने के बाद आदेश की भावना के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे ट्रैक अथवा ओएचई तारों के आस-पास पतंग उड़ाना हो सकता है जानलेवा : परमजीत सैनी

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,12 जनवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा रेलयात्रियों एवं आम नागरिकों को रेलवे परिसर में सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में, मंडल द्वारा ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओ.एच.ई.) तारों के आस-पास पतंग न उड़ाने के संबंध में विशेष




जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। रेलवे की ओएचई लाइनों में 25,000 वोल्ट की बिजली प्रवाहित होती है। पतंग की डोर इन तारों के संपर्क में आने पर गंभीर विद्युत दुर्घटना, झटका अथवा जान-माल की हानि भी हो सकती है। खासकर बच्चे अनजाने में रेलवे ट्रैक एवं ओएचई तारों के पास पतंग उड़ाते हैं, जो अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को ओएचई तारों के खतरे के प्रति जागरूक करें जिससे वे रेलवे ट्रैक के समीप पतंग न उड़ाएं। फिरोजपुर मंडल आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

# भारत में गढ़े जा रहे जेन जेड असंतोष पर वैश्विक चेतावनी, भाजपा नेता ने मोदी व अमित शाह से निर्णायक कार्रवाई की अपील की: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 12 जनवरी :राष्ट्रीय भाजपा नेता एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां ने आज राष्ट्र के नाम एक भावपूर्ण, ईमानदार और गहरी चिंता से भरी अपील जारी की, जिसमें उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा भारत सरकार से, सभी केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों और खुफिया संस्थानों के साथ मिलकर, पूर्ण सतर्कता बरतने और अग्रिम एवं निवारक कदम उठाने का आग्रह किया, ताकि देश के युवाओं की भावनाओं का दुरुपयोग कर भारत में अस्थिरता पैदा करने के किसी भी प्रयास को समय रहते रोका जा सके।ग्रेवाल ने कहा कि उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंचों फेसबुक, लिंक्डइन, पिंटरेस्ट, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और विशेष रूप से एक्स के माध्यम से यह बात रखी है कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अधिक डिजिटल रूप से जुड़ी हुई जेन जेड आबादी से संपन्न है। ये युवा भारतीय बुद्धिमान, संवेदनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, सामाजिक न्याय तथा रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर गहराई से प्रतिबद्ध हैं। उनकी चिंताएं वास्तविक हैं और उन्हें सम्मान एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि विश्व इतिहास यह भी बताता है कि इन्हीं भावनाओं को शक्तिशाली ताकतें तोड़-मरोड़ कर, सरल बनाकर और हथियार बनाकर अस्थिरता फैलाने के लिए इस्तेमाल करती रही हैं।उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में सोशल मीडिया ने वैश्विक राजनीतिक लामबंदी की प्रकृति ही बदल दी है। अरब स्प्रिंग से लेकर श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल तक की राजनीतिक उथल-पुथल में डिजिटल प्लेटफॉर्म केवल जनभावनाओं की अभिव्यक्ति तक



सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्हें कथानक गढ़ने, गुस्सा भड़काने, भीड़ जुटाने और सरकारों को अस्थिर करने के लिए भी इस्तेमाल किया गया। जो कुछ वास्तविक जन-आक्रोश से शुरू हुआ, वह छिपे हुए हितों और संगठित नेटवर्कों के हस्तक्षेप से अराजकता में बदल गया। ग्रेवाल ने बताया कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत और स्थिर नेतृत्व में राजनीतिक रूप से स्थिर, आर्थिक रूप से सक्षम और वैश्विक रूप से सम्मानित राष्ट्र के रूप में खड़ा है। बड़े पैमाने पर अवसंरचना विकास, डिजिटल शासन, कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी और लगातार जनादेश ने शासन व्यवस्था में निरंतरता और विश्वास पैदा किया है। ऐसी स्थिरता, उनके अनुसार, भारत को पारंपरिक तरीकों से अस्थिर करना कठिन बनाती है, और यही कारण है कि कुछ ताकतें अब युवाओं की भावनाओं को भड़का कर अशांति पैदा करने की कोशिश कर सकती हैं।उन्होंने आगे कहा कि पड़ोसी देशों में जेन जेड-प्रेरित आंदोलनों ने राजनीतिक उथल-पुथल, अस्थिरता और आर्थिक नुकसान को जन्म दिया है। वहीं भारत में भी कुछ राजनीतिक आवाजों और मीडिया के हिस्सों द्वारा जेन जेड पर अचानक और आक्रामक ध्यान केंद्रित करना, तथा वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और खनन जैसे मुद्दों पर भावनात्मक अभियानों को बढ़ावा देना, गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ये मुद्दे महत्वपूर्ण और वास्तविक हैं, लेकिन जब इन्हें जागरूकता के बजाय आक्रोश और संवाद के बजाय टकराव के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो यह अत्यंत खतरनाक हो जाता है।ग्रेवाल ने कहा कि जब समझ की जगह गुस्सा ले लेता है, तो यह भारत जैसे बड़े, विविध और संवेदनशील देश के लिए अत्यंत घातक हो सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के युवाओं को कभी भी अस्थिरता, दुष्प्रचार या मनोवैज्ञानिक युद्ध के औजार नहीं बनने दिया जाना चाहिए। उन्होंने विनम्रता और देशभक्ति के साथ प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, कैबिनेट सचिवालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा संपूर्ण केंद्रीय एवं राज्य नौकरशाही, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय विदेश सेवा शामिल हैं, से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि भारत के युवा किसी भी प्रकार के हेरफेर और दुष्प्रचार से सुरक्षित रहें। उनकी ऊर्जा को राष्ट्र-निर्माण, नवाचार और लोकतांत्रिक भागीदारी में लगाया जाना चाहिए, न कि अदृश्य ताकतों द्वारा रची गई अराजकता में है।ग्रेवाल ने कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और भारत की जेन जेड उसकी सबसे बड़ी ताकत है। ह्लकिसी को भी इस ताकत को भारत के खिलाफ हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमारे युवा एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निमार्ता बने रहें, उन्होंने दृढ़ता से कहा है।

# मेडिकल कॉलेज में हुआ संकल्प दौड़ का आयोजन

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! युवाओं एवं विद्यार्थियों के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य, डा0 योगेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में संकल्प दौड़ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन मेडिकल कॉलेज कैंपस में किया गया। संकल्प दौड़ प्रधानाचार्य कार्यालय से प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ होकर गेट नंबर 1 से बाहर निकलकर गेट नंबर 2 से अंदर प्रवेश होकर प्रधानाचार्य कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन, डा अपराजिता गोयल, प्रोफेसर पैथोलॉजी विभाग, नोडल पैरामेडिकल विंग द्वारा कराया गया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन अपरान्हः 01 बजे एल0टी0-1 में आयोजित किया गया , जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रसंग, संस्मरण, उनके जीवन से जुड़ी विशेष घटनाओं पर अपने-अपने व्याख्यान, वक्तव्य किये गये। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ नीता गर्ग, विभागध्यक्ष बायोकेमेस्ट्री विभाग, नोडल कल्चरल कमेटी द्वारा कराया गया। दौड़ एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम में समस्त फैकल्टी, संकाया सदस्य, सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट, इंटर्न, कर्मचारीगण एवं मेडिकल छात्र-छात्राएं, पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राएं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती मनाई गई।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! शहीद भगतसिंह युवा सेवा समिति (रजि.) फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती उनकी प्रतिमा स्थल पर सुबह 10 बजे मनाई गई जिसमें उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये । वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला

स्वामी विवेकानंद के विचारों में आत्म-विश्वास, निस्वार्थ कर्म, एकता, शिक्षा और आध्यात्मिकता पर जोर दिया गया है, जिनका सार है "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" और हर व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति पहचाननी चाहिए, क्योंकि "तुम्हें अंदर से बाहर की ओर विकसित होना चाहिए" और "ईश्वर पर विश्वास करने के लिए पहले स्वयं पर विश्वास करना होगा"।।

स्वामी विवेकानंद की की जंयती पर कोटि कोटि नमन.. कार्यक्रम में भाजपा नेत्री अनुपम शर्मा , संरक्षक रामबाबू धनगर, लोकेश गुप्ता, समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील धनगर, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेश झा , वैभव मुर वारिया ,प्रदेश संगठन मंत्री अमन यादव , प्रदेश महामंत्री विशाल सक्सेना, पंकज बघेल , मीडिया प्रभारी संदीप निषाद, महानगर सयोजक देशराज सिंह राठौर, सचिव अंशुल वर्मा, ,ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष किशन झा ,महानगर उपाध्यक्ष शिवा यादव, विधानसभा सचिव आकाश यादव उपस्थिति रहे ।।

# फर्जी फर्म से 2.20 करोड़ की GST चोरी का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार, SIT जांच में सामने आया फ्रॉड

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकर 2.20 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा की गई।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से जीएसटी धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 5 मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना उत्तर में मु0अ0सं0 603/2025 के तहत बीएनएस और जीएसटी अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इस धोखाधड़ी का खुलासा सहायक आयुक्त राज्य कर खंड-2 फिरोजाबाद शृष्टि जैन द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को थाना उत्तर में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हुआ। शिकायत में बताया गया था कि अभियुक्तों ने कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी रेंट एग्रीमेंट का उपयोग कर M/S DIVYAHYBRID PRIVATE LIMITED नामक फर्म का जीएसटी पंजीकरण कराया था। जांच में यह बात सामने आई कि पंजीकरण के लिए इस्तेमाल किया गया 18 फरवरी 2024 का रेंट एग्रीमेंट पूरी तरह फर्जी था। इस फर्म के माध्यम से बिना किसी वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का फर्जी लेन-देन दशार्या गया।

एसआईटी जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 2023-24 में बिना किसी माल की खरीद के 8.32 करोड़ रुपये का फर्जी विक्रय दिखाया गया था। इसी तरह, वर्ष 2024-25 में 7.58 लाख रुपये का विक्रय दशार्या गया। इन दोनों वर्षों में कुल 2.20 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी बनती थी, जिसका भुगतान नहीं किया गया।

अभियुक्तों ने इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ उठाने के लिए फर्जी बिल, कूटरचित दस्तावेज और काल्पनिक परिवहन विवरण का इस्तेमाल किया।

पुलिस ने बताया कि इस पूरे जीएसटी फ्रॉड में चार्टर्ड अकाउंटेंट कमल कुमार (निवासी लोहामंडी, आगरा) की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि उसने अपने कंप्यूटर संसाधनों का उपयोग कर फर्जी फर्म का पंजीकरण, बिल-बाउचर और अन्य दस्तावेज तैयार किए। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में पवन कुमार पुत्र कोमल सिंह (निवासी शांति नगर आसफाबाद, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद), रोहित पुत्र बनवारीलाल (निवासी नयापुरा तारागंज, ग्वालियर, म.प्र.) और पवन पुत्र राम स्वरूप (निवासी विभव नगर, थाना उत्तर, फिरोजाबाद) शामिल हैं।

# जिला अधिकारी की चौखट पर भाजपा नेता की करतूत बताते हुए पीड़ित की आंख से छलके आंसू

- वाह रे डबल इंजन की सरकार भाजपा के नेता ही गरीब की जमीन को फर्जी तरीके से कराया अपने नाम
- भाजपा नेता पर फर्जी तरीके से जमीन लिखवाने का पीड़ित ने लगाए गंभीर आरोप
- अशिक्षित किसान से जमीन हड़पने और बंधक बनाने का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत



**समाज जागरण**

फतेहपुर जनपद के असोथर थाना क्षेत्र से जमीन फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम रिठवां निवासी एक गरीब और अशिक्षित किसान ने कुछ लोगों पर साजिश के तहत उसकी जमीन हड़पने, बैंक खाते से रुपये निकालने और बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित राजू पुत्र जगदेव के अनुसार, उसे अपने घर की मरम्मत के लिए पैसों की जरूरत थी। इसी कारण उसने अपने खेत गाटा संख्या 918 में से केवल 2 बिस्वा जमीन बेचने की बात गांव के ही राम सुमेर पुत्र जगरूप कैथल से कही। आरोप है कि उस व्यक्ति ने अपने साले सुनील कुमार पुत्र रामगुलाम निवासी ग्राम टीकर परगना हसवा थाना असोथर के साथ मिलकर साजिश रची और 2 बिस्वा की जगह एक बीघा जमीन का बैनामा करा दिया।

पीड़ित का कहना है कि वह पढ़ा-लिखा नहीं है और उससे धोखे से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। वही पीड़ित ने बताया कि सुनील राज पासवान अपने आप को भाजपा का एक कट्टर नेता बताते हैं और उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा नेता ने अपने षड्यंत्र का जाल राज कर लखनऊ तक की पहुंच का दावा किया था और मदद के बहाने उनकी पूरी जमीन फर्जी तरीके से लिखने का काम किया है आरोप है कि उन्होंने ने पीड़ित को अपने घर पर रोककर हस्ताक्षर सिखाए, बैंक खाता खुलवाया और एटीएम, पासबुक व चेकबुक अपने पास रख ली। इसके बाद खाते से बार-बार पैसे निकाले गए।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि दोनों लोगों ने पीड़ित को अपने घर में बंधक बनाकर रखा और हत्या की साजिश तक रची। पीड़ित के परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को मुक्त कराया।

पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और उसे न्याय दिलाया जाए।

# पुलिस ने किया 24 घण्टे के अंदर घटना का खुलासा

## अवैध सम्बन्धों के चलते पत्नी ने प्रेमी से मिलकर की पति की गला काटकर हत्या

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! थाना नारखी क्षेत्र के गाँव जारखी मे रविबार को सिर कटी लाश मिलने का एसओजी, सर्विलांस, तथा नारखी पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी का प्रेमी और उसके मित्र को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है पुलिस से मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त पैर में गोली लग जाने के कारण घायल हो गया जिसे घायल अवस्था मे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है

पुलिस ने मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार किया है दोनो की निशानदेही पर मृतक का कटा हुआ सिर बोरवेल से बरामद करने के साथ आलाकत्ल छुरी व मृतक का मोबाइल, मोटरसाइकिल , दो तमन्चा 315 बोर मय कारतूस को भी बरामद किया है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में रविवार को थाना नारखी क्षेत्र के गाँव जारखी मे अवैध सम्बन्धों के चलते पति की गला काटकर की गयी हत्या का खुलासा 24 घण्टे के भीतर करते हुए दो अभियुक्तो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। साथ ही मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार किया है।

जाखई में रविवार को पूर्व ग्राम प्रधान जयवीर सिंह के ट्यूबवेल की कोठरी से एक व्यक्ति का सिर कटा धड़ बरामद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में थाना नारखी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजिकृत कराया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद घटना का खुलासा करने हेतु एस ओ जी, सर्विलांस सहित पुलिस की 04 टीमो का गठन किया था।

पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 11 जनवरी को थाना नारखी क्षेत्र के जाखई में एक बोरबेल से सर कटा शव मिला था, जिसमे मृतक के भाई की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजिकृत किया गया था। मृतक के भाई ने ससुराल के समीप रहने वाले सूरज पर शक जाहिर किया था।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि सूरज अपने एक मित्र सलमान के साथ श्रीराम गढ़ी से कही जाने की फिराक में है, और मृतक सौरभ की मोटरसाइकिल व आलाकत्ल को ठिकाने लगाने के प्रयास में है। सूचना मिलते ही नारखी पुलिस ने वहाँ पहुंचकर चैकिंग अभियान चलाया उसी दौरान सूरज अपने एक साथी के साथ आता दिखाई दिया, पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया तो दोनों ने पुलिस को देखते हुए जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिसके आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी फायर कर दिया, जिससे सूरज के पैर में गोली लग गयी और वह घायल हो गया। और पुलिस ने उसे घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया, वही दौड़कर उसके साथी सलमान को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को जानकारी देते हुए सूरज ने बताया कि मृतक सौरभ की पत्नी प्रीती से उसके प्रेम प्रसंग के चलते अवैध सम्बन्ध थे। इनको आपस मे मिलने के दौरान दिक्कत होती थी, जिसके कारण सौरभ को रास्ते से हटाने के लिये जाखई निवासी सलमान को भी पैसों का लालच देकर हत्या करने के लिये शामिल कर लिया।

09 जनवरी को सूरज ने सौरभ को फोन कर जाखई बुलाया और बात बात में आग तापते समय मफलर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी, और उसके शव को समीप बने बोरवेल की कोठरी में ले जाकर उसका गला रेत कर सिर को बोरबेल में डाल दिया। दोनो की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के सिर को बोरबेल से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। साथ ही मृतक के जो कपड़े थे, उन्हें कल ही रजवाहे से बरामद कर लिया गया था। इनके कब्जे से मृतक की मोटर साइकिल दो तमन्चा 315 बोर मय कारतूस, एवं आलाकत्ल छुरी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी प्रीती की गिरफ्तारी के लिये भी टीम भेजकर गिरफ्तार कर लिया है।

इन तीनो के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# विज्ञान भारती ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**समाज जागरण**




सिरसागंजः- विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के तत्वाधान में विज्ञान भारती फिरोजाबाद के कार्यालय पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यार्थियों ने युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर उन्हें माल्यार्पण करके नमन किया।

जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को उनके विषय में बताया कि स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी सन 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ दत्त के परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। परिवार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के प्रभाव से उनके मन में बचपन से ही धर्म एवं अध्यात्म के संस्कार गहरे होते गए। वे दर्शन, धर्म, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला और साहित्य सहित विषयों के एक उत्साही पाठक थे। सन 1880 में नरेंद्र, ईसाई से हिन्दू धर्म में रामकृष्ण के प्रभाव से परिवर्तित केशवचंद्र सेन की नव विधान में शामिल हुए। 25 वर्ष की अवस्था में उन्होंने गेरुआ वस्त्र धारण कर लिए थे। तत्पश्चात उन्होंने पैदल ही सम्पूर्ण भारतवर्ष की यात्रा की। स्वामी विवेकानन्द ने 31 मई 1893 को अपनी यात्रा प्रारंभ की और जापान, चीन और कनाडा होते हुए अमेरिका के शिकागो पहुँचे। स्वामी विवेकानन्द उसमें भारत के प्रतिनिधि के रूप में पहुँचे।वहाँ के उनके द्वारा प्रदत्त व्याख्यान से अमेरिका की मीडिया ने उन्हें साइक्लोनिक हिन्दू का नाम दिया। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना कार्य कर रही है। भारत में विवेकानन्द जी को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात एवं प्रभावशाली गुरु हैं। वे युवाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरणास्त्रोत हैं। 04 जुलाई सन 1902 को मात्र 39 वर्ष की उम्र में बेलूर मठ में ध्यानावस्था में ही महासमाधि ले ली। इस अवसर पर कु प्रियंका, सिमरन, सुहानी, निधि, लवली, नीलेश आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में शिक्षा शास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अल्पी सागर ने बताया कि इंसान को छः चीजें बर्बाद कर




देती है यथा-नींद, गुस्सा, डर, थकान, आलस और काम। प्रियंका ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया और कहा कि खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है इसके अतिरिक्त लक्ष्मी, अपूर्वा ,निशा, डौली, खुशबू आदि ने विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक घटनाओं पर भी प्रकाश डाला। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर अंजु गोयल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विवेकानंद जी के धर्म और दर्शन पर विस्तृत चर्चा की। शालिनी गुप्ता ने बताया कि यह दिन युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, उत्तम चरित्र और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। सरिता शर्मा ने कहा कि सोच भले ही नई हो मगर संस्कार हमेशा पुराने होने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रंजन राजपूत ने की।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो०विनीता गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन अंजना गौतम, सरिता शर्मा एवं शालिनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया तथा वहीं डॉ अंजू गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन की परंपरा का निर्वहन कर सभी के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर प्रोफेसर विनीता यादव, डॉ इंद्रा रानी गुप्ता, डॉ शमा बी, डॉ नम्रता वर्मा, डॉ ममता अग्रवाल, सुश्री तरन्नुम निसा एवं साक्षी मिश्रा सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार दो डाक्टर गम्भीर रूप से घायल,102 एंबुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 के बाईपास के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने कार सवारों को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार दो डाक्टर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उपचार के बाद हालात गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ जनपद के पिंजौर थानां क्षेत्र के कालका मोहल्ला निवासी सुरेंद्र कुमार का 35 वर्षीय पुत्र डॉ मनीष और सरोज कुमार की 22 वर्षीय पुत्री डॉ पल्लवी दोनो चार पहिया वाहन से चंडीगढ़ से बनारस जा रहे थे। जब उनकी कार थरियांव ओवर ब्रिज के समीप पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार दोनो डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादशे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने 102 सरकारी एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। एंबुलेंस के ईएमटी नीलू देवी व पायलट सुकेश ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# मधु मक्खियों के हमले से आरा मशीन कारीगर गंभीर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब मोहल्ले में आरा मशीन में लकड़ी की चिराई कर रहे कारीगर पर मधु मक्खियो के झुंड ने हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। हादसे की जानकारी मौजूद लोगों को हुई तो तुरंत आग जलाकर मधु मक्खियो के चंगुल से मुक्त करा उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कालकन रोड मसवानी मोहल्ला निवासी स्व. अनंत राम मिश्रा का 62 वर्षीय पुत्र राम जी मिश्रा आज दोपहर में कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब मोहल्ले में आरा मशीन में लकड़ी की चिराई कर रहा था। तभी मधु मक्खियो के झुंड ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। जिसकी जानकारी वहां मौजूद लोगों को हुई तो आग जलाकर मधु मक्खियो के चंगुल से मुक्त करा हादसे की सूचना उसके परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसको अपने वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। राम जी के साथ अस्पताल पहुंची उसकी पत्नी सावित्री देवी ने घटना की जानकारी दिया।

# साइकिल सवार से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगांम थाना क्षेत्र के कुंभीपुर गांव के समीप साइकिल सवार से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के बबेरू थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रामानंद सिंह का 20 वर्षीय पुत्र जितेंद्र सिंह बाइक पर सवार होकर हथगांम थाना क्षेत्र के कुंभीपुर गांव अपनी ननिहाल आया था। तभी गांव के समीप साइकिल सवार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी रामू वर्मा व पायलट चरण सिंह के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके भाई दीपक सिंह ने बताया की जितेंद्र सिंह अपनी नानी के घर आया था। तभी साइकिल सवार से टकराकर घायल हो गया है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस को 105वें स्कॉच समिट में 'गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित

**समाज जागरण नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 'सेवा, सुरक्षा और स्मार्ट पुलिसिंग' के नए मानक स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में नई दिल्ली में आयोजित 105वें स्कॉच समिट में महाकुम्भ-25 के दौरान




स्थापित आईसीसीसी और यूपी पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की 'मेटा सुसाइडल अलर्ट' पहल को वर्ष-2025 के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड (गोल्ड) से सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन के प्राणों की रक्षा का अनूठा और मानवीय प्रयोग करके विश्व की पहली पुलिस एजेंसी के रूप में इतिहास रचा है। इसके साथ ही, स्कॉच अवार्ड की दो अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित होने वाला देश का एकमात्र पुलिस बल बनकर यूपी पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रदेश वासियों और समस्त उत्तर प्रदेश पुलिस कार्मिकों को हार्दिक बधाई दी गई है।


# कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 1486/पी०डब्ल्यू०डी०/ ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 12/01/2026

## -: ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा राज्य वित्त आयोग / निगम निधि के अन्तर्गत कुल 04 कार्यो हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार डबल बिड पद्धति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित कार्य हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर निम्नांनुसार आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 13-01-2026 |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 13-01-2026 |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 20-01-2026 03:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 20-01-2026 04:00 PM |

**नोटः-** शेष नियम व शर्तें www. etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद

# पाली पुलिस की सख्त कार्रवाई, होटल-ढाबों में अवैध शराब पिलाने वालों पर कसा शिकंजा

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली---नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से नगर निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पाली पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार की रात पाली के अस्थायी बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित होटल-ढाबों पर पुलिस ने औचक निरीक्षण किया।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बीनस होटल, गुरुनानक होटल एवं महंता ढाबा का निरीक्षण किया। इस दौरान बीनस होटल में ग्राहकों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाए जाने का मामला सामने आया, जिस पर पुलिस ने मौके पर ही मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 36 के तहत संबंधित होटल संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक बीरेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक महेश मिश्रा एवं आरक्षक अजीत कुमार सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं गुरुनानक होटल एवं महंता ढाबा में भी पुलिस द्वारा काउंटर, रसोईघर एवं बैठने की व्यवस्था की गहन जांच की गई तथा संचालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। पाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नगर क्षेत्र में किसी भी होटल या ढाबे में अवैध शराब पिलाने, नियमों के उल्लंघन एवं अनैतिक गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की औचक चेकिंग और सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई से होटल-ढाबा संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बाणगंगा मैदान में आयोजित होगा 7 दिवसीय मेला

## मेले में स्थानीय, बुन्देलखंडी, राजस्थानी एवं छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी आकर्षण का केन्द्र

### मेले के व्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

शहडोल- आस्था, संस्कृति एवं परंपरा पर आधारित जिला मुख्यालय स्थित बाणगंगा मैदान में मकर संक्रांति 14 जनवरी से 07 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न स्थानों से आए व्यापारी अपना व्यवसाय कर सकेंगे। परंपरागत रूप से लगने वाले बाणगंगा मेले के व्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में मेला आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष श्री धनश्याम जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, एसडीएम, जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर, अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा, श्री गैलेक्सी नागपुरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सीएसपी राघवेन्द्र द्विवेदी, नगर निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय, श्री राघवेन्द्र तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी विद्युत मण्डल, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि मेला स्थल का भ्रमण कर रुट चार्ट को व्यवस्थित स्वरूप दिया जाए जिससे मेले में आने वाले लोगों तथा व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मेले के प्रथम दिन मकर संक्रान्ति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रातःकाल कुण्ड में स्नान करते हैं। कुण्ड में महिला एवं पुरूषों के नहाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाए तथा नहाने के बाद कपड़ा बदलने की भी व्यवस्था रहे। कपड़ा धोने के लिए पृथक व्यवस्था की जाए। कुण्ड की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। मेले में आने वाले व्यापारियों एवं आम जन के लिए सुलभ शौचालय की व्यवस्था रहे। बताया गया कि मेले में 800 दुकानदार अपनी दुकान लगाते हैं। दुकानों का लेआउट देकर व्यवस्थित रूप से दुकान लगाई जाएं। मेले के अंतिम छोर में झूलों की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कहा कि मेले में पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, कंट्रोल रूम तथा मीडिया एवं पुलिस के लिए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला स्थल में निर्वाध रूप से विद्युत व्यवस्था रखी जाए तथा पूर्व से ही यह परीक्षण कर लिया जाए कि विद्युत तार झूलते हुए नहीं रहें। मेले मे जहां से लोग प्रवेश करते हैं वहां इन्ट्री प्वाइंट पर बोर्ड लगाए जाएं। आमजन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए। साथ ही खोया-पाया कक्ष स्थापित किया जाए। स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एम्बुलेंश की व्यवस्था की जाए। मेले में ओरिएंट पेपर मिल, एसईसीएल एवं रिलायंश द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाए। आम जन को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए रात्रि कालीन अलाव की व्यवस्था की जाए। नगर पालिका अध्यक्ष श्री धनश्याम जायसवाल ने बताया कि 7 दिवसीय मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन शायं 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही आर्केस्ट्रा, बुंदेलखण्डी, राज स्थानी तथा छत्ती सगढ़ी कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केन्द्र होगा।

# अनिष्का ने ओलंमपियेड सेशन टू में प्रथम स्थान अर्जित कर परिवार का नाम किया

**समाज जागरण**



शहडोल- नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई मनोज ट्रेडिंग कंपनी एवं मनोज टीवीएस के संचालक श्री मनोज गुप्ता जी के भतीजे योगेश रुचि गुप्ता मिंकु जी की पुत्री अनिष्का गुप्ता ने विचारपुर स्थित बेलवेदर स्कूल आयोजित ओलंमपियेड सेशन 2 में प्रथम स्थान अर्जित कर परिवार का नाम किया रोशन अनिष्का गुप्ता कि इस उपलब्धि पर इनके दादा हनुमान गुप्ता रिटायर्ड शिक्षक, समाजसेवी व्यवसाई राजेश गुप्ता दादा जी, मनोज टीवीएस के संचालक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता दादा जी, दादी श्रीमती सुनीता गुप्ता, दादी श्रीमती वर्षा गुप्ता, एवं वार्ड नंबर 27 की पार्षद श्रीमती आरती गुप्ता दादी जी, चाचा हिमांशु गुप्ता प्रखर गुप्ता रूपांश गुप्ता अमित गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्यों एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी ने प्रथम स्थान अर्जित करने पर बिटिया रानी अनिष्का को बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नशे में युवक चढ़ा 400 केवी हाई टेंशन टावर पर, 4 घंटे चला रेस्क्यू

**समाज जागरण अनूपपुर।**

जिले में रविवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई, जब राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम दूधमनिया में शराब के नशे में एक युवक 400 केवी के हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जैसे ही युवक को टावर पर चढ़ते देखा, तत्काल 112 पुलिस हेल्प लाइन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग, पावर ग्रिड एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय केदार सिंह, निवासी दूधमनिया, जैतहरी मोजर बेयर पावर प्लांट से जबलपुर जाने वाली 400 केवी विद्युत लाइन के टावर पर दोपहर लगभग 1 बजे चढ़ गया था। युवक के टावर पर चढ़े होने की जानकारी मिलते ही जबलपुर एवं जैतहरी से विद्युत आपूर्ति एहतियातन बंद कराई गई। लगभग चार घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान विद्युत विभाग एवं पावर ग्रिड के अधिकारियों ने टावर पर चढ़कर कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद उसे तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक जांच के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र कोल ने बताया कि युवक शराब के नशे में था और उसने स्वीकार किया कि नशे की हालत में उसे यह भी पता नहीं चला कि वह ऐसा खतरनाक कदम क्यों उठा बैठा। समय रहते विद्युत आपूर्ति बंद कर रेस्क्यू किए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# एसडीएम जयसिंहनगर ने उपार्जन केन्द्र सन्नौसी का किया औचक निरीक्षण

## सर्वेयर के अनुपस्थित रहने पर जारी किया एससीएन

**समाज जागरण**

शहडोल -कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा जिले में किए जा रहे धान उपार्जन कार्य की नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। निर्देश के परिपालन में एसडीएम जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह ने उपार्जन केन्द्र सन्नौसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर उपार्जन के संबंध में मिल रही सुविधाओं एवं परेशानियों की जानकारी प्राप्त की। मौके पर उर्पाजित धान की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया तथा बोरियों के वजन का भी परीक्षण कराया। केन्द्र द्वारा उपार्जित धान की मात्रा परिवहन तथा भुगतान की जानकारी प्रबंधक से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि परिवहन कार्य में तेजी लाकर किसानों का भुगतान शीघ्रता से किया जाए। निरीक्षण के समय सर्वेयर के अनुपस्थित रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# योग की अलख घर घर जगाने हेतु बनी ठोस रणनीति

(पतंजलि योग पीठ के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न)

**समाज जागरण**



कटनी/पंतजलि योगपीठ की बैठक राज्य प्रभारी अभिलाष गौतम के निज निवास छपरवाह में आयोजित हुई। जिसमें युवा भारत,भारत स्वाभिमान से लेकर किसान सेवा समिति तक के प्रमुख्य पदाधिकारियों की गरिमा मयी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिलाष गौतम तथा मुख्य अतिथि की भूमिका में युवा भारत के नवनियुक्त प्रांतीय प्रभारी लखन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रांतीय प्रभारी द्वय ने उपस्थित सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों को सख्त लहजे में हिदायात देते हुए, चेतावनी दिये कि स्वामी जी के सख्त निर्देश हैं, कि योग को घर घर तक पहुँचाने हेतु पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जमीनी स्तर पर योग पीठ में सम्मलित सभी पांचो संगठनों को सक्रिय रूप से कार्य करने से ही उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी।उन्होंने स्पष्ट किये कि बिमारीयों के कोहराम को रोकने हेतु अब योग और आयुर्वेद ही एक मात्र ऐसा विकल्प है, जो लोगों को स्वस्थ्य रखने में मददगार सिद्ध हो सकता है।अतः योग का प्रचार-प्रसार खुले मन से करने और इसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करना वर्तमान समय की ज्वलंत आवश्यकता है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह अपने जिले में भी अधिक से अधिक योग कक्षाओं के संचालन हेतु उपस्थित पदाधिकारियों को बैठक में जिम्मे दारीयां सौंपी गयीं।बैठक में निर्णय लिया गया कि, प्रत्येक प्रभारी जिलेकी सभी तहसीलों का नियमित दौरा कर,सुस्त पड़ी योग की कक्षाओं में जान फूँकने का कार्य करें।तथा जो योग शिक्षक योग में रूचि नहीं ले रहे तथा नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं कर रहे, उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर, काम करने वालों को योग कक्षाओं का दायित्व सौंपा जावे। कार्यक्रम का संचालन गायत्री मंत्र के उच्चारण से पतंजलि योग पीठ के सहप्रभारी पंकज शर्मा द्वारा किया गया तथा विधिवत शांति पाठ के साथ बैठक का समापन सुरेश प्रसाद मिश्रा द्वारा कराया गया।इस अवसर पर प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष शिवकुमार सोलंकी, लखन साहू, सुरेश प्रसाद मिश्रा, शुभम तिवारी, प्रकाश गेंडे, ओम प्रकाश नायक, कुशकेत परिहार, मुकेश, शिवरतन महोबिया,मोहन सिंह झारिया, विजय कुशवाहा,अमित साहू,पंकज शर्मा और आयुष साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# RSS शताब्दी वर्ष पर अनूपपुर में भव्य हिन्दू युवा सम्मेलन, 1200 युवाओं ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

**समाज जागरण अनूपपुर।**



चरित्र की दृढ़ता, विचारों की पवित्रता और कर्म की शुचिता ही युवाओं में सच्चे संस्कारों का निर्माण करती है– यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख नागेन्द्र जी ने व्यक्त किए। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिन्दू युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा निर्धारित सात आयामों में से एक हिन्दू युवा सम्मेलन का आयोजन दिनांक 11 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय अनूपपुर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में किया गया। इस सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 1200 युवाओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय भावना का विकास, राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध तथा उन्हें संगठित, अनुशासित और संस्कारित नागरिक के रूप में तैयार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती की प्रार्थना के साथ हुआ। इसके उपरांत युवाओं को विभिन्न प्रकार के खेलों में सहभागिता कराई गई। तत्पश्चात गण शिक्षकों द्वारा मंडल निर्माण कर युवाओं को एकजुटता, अनुशासन, मोबाइल से दूरी, सामाजिक समरसता तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों पर चर्चा के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जनक सारिवान उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख नागेन्द्र जी ने युवाओं को संबोधित किया। वहीं विभाग सह कारवाह रामपाल जी ने युवाओं को साहित्य के अध्ययन एवं पठन-पाठन के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दू युवा सम्मेलन के जिला संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। सम्मेलन का समापन राष्ट्रभक्ति एवं संगठनात्मक एकता के संकल्प के साथ हुआ।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर 'मंत्री प्रीमियर लीग' (MPL) का भव्य आगाज

## दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ

**समाज जागरण गौरव द्विवेदी**



बिजुरी-राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जन्मजयंती के पावन अवसर पर सोमवार को नगर के राजीव रत्न क्रीड़ांगन में 'मंत्री प्रीमियर लीग' (MPL) क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रगान के साथ मैच की विधिवत शुरूआत की।

**पूल-ए के बीच हुए रोमांचक मुकाबले**

टूनार्मेंट के पहले दिन 'पूल-ए' की टीमों के बीच तीन मुकाबले संपन्न हुए। पहला मैच वार्ड नंबर-7 इ और रॉयल इलेवन-2 के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड नंबर -7 टीम विजेता रही जिसमे सचिन सोनवानी ने बतौर बालर हैट्रिक विकेट लेकर मंत्री जी के द्वारा 5100 की नगद राशि प्राप्त की इसके बाद दूसरा मुकाबला वार्ड नंबर-06 बनाम रामनगर इलेवन डोला जिसमे रामनगर डोला ने जीत हासिल की और तीसरा मैच वार्ड नंबर-12 बनाम वार्ड नंबर-13 के बीच संपन्न हुआ जिसमे वार्ड नंबर -12 ने जीत हासिल की! पूरे मैच में प्रमुख रूप से अंपायरिंग में विशाल सिंह नीरज सिंह संजय सिंह सचिन पांडेय वोही स्कोरर मे निशांत, सरद एवं कमेंट्री मे सचिन पांडेय,नन्द किशोर की प्रमुख भूमिका रही!

**मंत्री का ओजस्वी संदेश -खिलाड़ी कभी हारता नहीं**

मंत्री दिलीप जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत बनाने के लिए युवाओं का स्वस्थ और अनुशासित होना जरूरी है। हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं महत्वपूर्ण यह है कि आप मैदान में कितनी ईमानदारी से लड़ते हैं।मेरा मानना है कि मैदान पर पसीना बहाने वाला युवा न केवल अपना भविष्य गढ़ता है बल्कि देश की उन्नति में भी योगदान देता है।यह टूनार्मेंट सिर्फ हार-जीत का खेल नहीं है, बल्कि यह अनुशासन भाईचारे और टीम भावना का उत्सव है। हमारी सरकार की मंशा है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को ऐसा ही मंच मिले जहाँ से वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।मैं सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ। मैदान पर खेल की भावना के साथ खेलें क्योंकि एक सच्चा खिलाड़ी वही है जो जीत में विनम्र और हार में संघर्षशील रहे।

**जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति**

इस खेल महाकुंभ के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीती सतीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा व कैलाश कोल युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, सतीश शर्मा, पिंटू रजक, सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी बिजुरी मंडल के सभी वरिष्ठ नेतागण, समस्त वार्डों के पार्षदगण, प्रशास निक अधिकारी, मंडल एवं मोर्चो पदाधिकारी, वी.सी.सी. क्रिकेट क्लब के सदस्य सहित प्रिंट एवं इले क्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ ने डिप्टी कलेक्टर से दिव्यांग नेतृत्व को दिलाया सम्मान

**समाज जागरण**



कटनी /लघु वेतन कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु निरंतर संघर्ष करने वाले अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत का सम्मान डिप्टी कलेक्टर द्वय द्वारा संगठन हित में उनके द्वारा अपनाई जा रही कर्मचारी हित में सक्रियता के चलते स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारेऔर प्रदीप मिश्रा के कर कमलों से सेवा निवृत्त शिक्षक को उनके उत्कृष्ट सेवा सम्मान को चिन्हित करने को उन्होंने जिले के प्रशासनिक अधिकारीयों की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताये हैं।किये गये सम्मान से बढ़े अपने मनोबल को उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अत्यंत उत्साह बढ़ाने वाला साहसिक और सामाजिक कदम बताया गया है। अपने उद्बोधन में डिप्टी कलेक्टर द्वय द्वारा दिव्यांग नेतृत्व को वास्तविक पुरुस्कार का हकदार निरुपित करते हुए, उनके परिश्रम की सराहना की गयी है। लघु वेतन कर्मचारियों के बीच सम्मानित हुए,श्री राजपूत ने भी अपने उद्बोधन में हर अल्प वेतन भोगी, पीड़ित और जरूरतमंद कर्मचारियों की आवाज बनकर उनके हक की लड़ाई निरंतर जारी रखकर उन्हें न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता को दशार्ये।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लघुवेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष पुर्णेश उइके और आभार प्रदर्शन अनिल पाण्डेय द्वारा किया गया।

# रेत माफिया ने किया वन अमले पर पथराव, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, डंपर छुड़ा ले गए

**समाज जागरण**

श्योपुर/शहडोल। मध्य प्रदेश में खनन माफिया बेलगाम हैं प्रदेश के हर कोने से खनन माफिया द्वारा हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला श्योपुर का है। वीरपुर में रेत माफिया का आतंक है। माफिया के गुर्गों ने वन विभाग की टीम पर उस समय हमला कर दिया, जब टीम ने रेत से भरा डंपर को पकड़ने की कोशिश की डंपर को रेत माफिया ने छुड़ाया और शासकीय वाहन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की हमले में वन अमले के कर्मचारी घायल हुए हैं

**श्योपुर के श्यामपुर की घटना-:**

वन अमले पर हमले की घटना रविवार की है मुरैना-श्योपुर रोड़ पर गौशाला के पीछे श्यामपुर क्षेत्र में यह घटना हुई फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर दीपक शर्मो ने बताया "वह गश्त कर रहे थे गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि रेत से भरा डंपर जा रहा है। उन्होंने टीम के साथ डंपर का पीछा किया और रोकने की काफी कोशिश की रेंजर दीपक शर्मो के अनुसार "डंपर चालक तेजी से वाहन को लेकर भागा इसी दौरान मुरैना के रहने वाले हेमेंद्र रावत, रविंद्र रावत, छोटे रावत, हरकेश रावत और धारा सिंह रावत मौके पर पहुंच गए। रेत माफिया ने वन विभाग की टीम पर पथराव करना शुरू कर दिया वीरपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मो का कहना है "5 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 132 और 324 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**शहडोल में पुलिस हिरासत से भागा बदमाश-:**

शहडोल में एक आरोपी को पुलिस कोर्ट लेकर जा रही थी इसी दौरान वह पुलिस को ही चकमा देकर फरार हो गया। एसपी ने लापरवाही करने पर दो आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया है मामला सोहागपुर थाना क्षेत्र का है। यहां अमरजीत बैगा पर कबाड़ चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश करने के लिए पुलिस अभिरक्षा में ले जाया जा रहा था इसी दौरान कोर्ट परिसर में मौका पाते ही आरोपी फरार हो गया। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक मनोज बैग और हनुमान सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड भी कर दिया गया है। शहडोल एसपी राम जी श्रीवास्तवे का कहना है "लापरवाही पर दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

# युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत ने दिखाये हिंदू दर्शन

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती प्रतिवर्ष की तरह " भारतीय राष्ट्रीय युवा दिवस" को सर स्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रकाश नगर मे सामूहिक योग एवं सूर्य नमस्कार का उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि श्रीमती आशा उपाध्याय जी ने योगासन के विभिन्न पहलुओं से भैया बहनों को अवगत कराया। योग जीवन में एवं योग से जीवन के सारांश को विशिष्ट अतिथि श्री राम जी सोनी जी ने युवा मंच पर भारत दर्शन प्रस्तुत कर कहां की स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनके आदर्श ही भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हो सकता है। विद्यालय समिति के पूर्व व्यवस्थापक श्री राम बहादुर सिंह जी ने सूर्य नमस्कार को सामूहिक प्रदर्शन एवं उत्साह के साथ उपस्थित सभी भैया बहनों की प्रशंसा की। युवा दिवस में मंचासीन श्री आर आर विश्वकर्मा जी उपाध्यक्ष विद्या भारती प्रकाश नगर, स्थानीय समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमान सी पी विश्वकर्मा जी, अभिभावक बंधुवरों आगंतुकों का युवा दिवस में सम्मिलित होने हेतु आभार विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश तिवारी जी द्वारा व्यक्त किया गया।

# देवास में अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान झुलसी महिला की 19वें दिन सांसें टूटी, खुद को पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

**समाज जागरण**

देवास। अंचल के नगर सतवास में मकान निर्माण के दौरान नाली बंद होने की शिकायत के बाद अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व व नगर परिषद की टीम से कहासुनी के बाद मकान मालिक दंपती संतोष व्यास व जयश्री व्यास ने स्वयं पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास 24 दिसंबर को किया था। इस घटना में जयश्री व्यास 60 प्रतिशत से अधिक व संतोष करीब 40 प्रतिशत झुलस गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को इंदौर रेफर किया गया था। वहां एक निजी अस्पताल में दोनों का उपचार चल रहा था। महिला को कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया, सर्जरी भी की गई, हालत में सुधार भी हुआ लेकिन घटना के 19वें दिन रविवार को जयश्री की सांसें टूट गईं। आग से झुलसे संतोष स्वस्थ हैं, उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।



**तहसीलदार व नप सीएमओ किए गए थे निलंबित-:**

घटना के बाद सतवास में विरोध प्रदर्शन हुआ था। आक्रोशित लोगों ने सतवास के मुख्य मार्ग पर पांच घंटे से अधिक तक रास्ता जाम किया था। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने घटना वाले दिन ही तहसीलदार अरविंद दिवाकर व नप सीएमओ चुन्नीलाल जूनवाल को निलंबित कर दिया था। मामले जांच के लिए प्रशासन द्वारा समिति बनाई गई थी।

**महिला ने की थी हवाई फायरिंग-:**

आत्मदाह के प्रयास की घटना के बाद घटनाक्रम से सीधे नहीं जुड़े एक व्यक्ति के यहां परिवार की महिला द्वारा हवाई फायरिंग की गई थी। बाद में महिला ने बंदूक पुलिस के सुपुर्द कर दी थी। इस मामले में सतवास पुलिस ने आरोपित रानी सोनी, नारायण सोनी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था।

**जांच जल्द पूरी कर दिलाएं न्याय, ज्ञापन सौंपा-:**

सतवास में रविवार शाम को जयश्री की शवयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, नगरवासी शामिल हुए।

इस दौरान पुलिस बल, तहसीलदार आदि मौजूद रहे। इससे पहले लोगों ने तहसीलदार हरिओम ठाकुर को ज्ञापन सौंपा जिसमें मामले की जांच जल्द पूरी करके न्याय दिलाने की मांग की गई। -मामले में मर्ग डायरी इंदौर से आने के बाद मर्ग कायम करके जांच की जाएगी। जांच के हिसाब से आगे कार्यवाही की जाएगी -आदित्य तिवारी, एसडी ओपी कन्नौद।

# उत्तर प्रदेश दिवस का जनपद में भव्य व दिव्य तरीके से होगा आयोजन- जिलाधिकारी

## विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित लगायी जायेगी प्रदर्शनी- जिलाधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 जनपद में भव्य व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तैयारी के सम्बन्ध में बैठक किये। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी, 2026 उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन जनपद में भव्य तरीके से किया जायेगा, जिसमें मा0 प्रभारी मंत्री जी, मा0 जनप्रतिनिधिगण प्रतिभाग करेंगें , प्रशासनिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाये एवं सम्मानित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस 2026 की थीम विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये, जनपद में उत्तर प्रदेश की यात्रा से सम्बन्धित संकलित अभिलेखों की विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के थीम पर प्रदर्शनी लगायी जाये। 23 जनवरी,2026 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर सायं 06.00 बजे पुलिस लाईन चुर्क में मार्कड्रिल का आयोजन किया जायेग, जिसमें नागरिक सुरक्षा के लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, 24 जनवरी,2026 को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन, 25 जनवरी, 2026 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस और राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा तथा 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूक करने एवं लाभ पहुंचाने के लिए स्टाल लगाए जाये, जनपद में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2025-26 का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया जायेगा, इस हेतु तहसील/ ब्लॉक/ जनपद एवं मण्डल स्तर पर गायन/ वादन/नृत्य/ नाट्य एवं काव्य सम्मेलन/ संगोष्ठी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये, एक जनपद-एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद के शिल्पकारों के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय, ट्रेड शो की तर्ज पर जी0आई0 टैग्ड ओ0डी0ओ0पी0 के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय। विभिन्न विभागों द्वारा युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय, पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाये। युवा पर्यटन क्लब के विजेताओं का सम्मान किया जाये, स्वयं सहायता समूहों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मानित किया जाये, संस्कृति एवं कला जगत से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित किया जाये, खेल विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाये, नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 12 से 23 जनवरी,2026 की अवधि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में साफ-सफाई से सम्बन्धित कार्य कराये जायें। युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 12 से 23 जनवरी,2026 के मध्यम विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं कराते हुए उन्हें पुरस्कृत किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी राजेश भारती, पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, उपायुक्त उद्योग बिनोद चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अधि कारीगण उपस्थित रहें।

# किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने स्वामी विवेकानंद कि मनाई जयंती

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। राष्ट्रीय युवा दिवस पर घोरावल विधानसभा के डोहरी में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने स्वामी विवेकानन्द जी के 163 वे जन्मदिन पर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित कर मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र ने उपस्थित नौजवानो से कहा कि आप ही इस देश के भविष्य हो आप के कन्धे पर देश को शक्तिशाली बनाने की जिम्मेदारी है इसलिए सभी नौजवान एक लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जी जान लगाकर परिश्रम करिए जब तक की लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय इसलिए ही स्वामी विवेकानंद जी कहते थे उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय आज हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढे साथ ही उनके नाम को हम तभी चरितार्थ कर पाएंगे। जब हम विकेकशील होकर कार्य करेन्गे तो हमे आनन्द की प्राप्ति होगीइसलिए हम सब यहाँ से एक संकल्प लेकर जायेन्गे कि अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त करेन्गे आज के कार्यक्रम में आकाश चौहान विजय चौहान विवेक जाटव रवि गोलू दिने मौर्य महेश आनन्द केशरी व सैकड़ों नौजवान उपस्थित रहे

# सोनभद्र पुलिस ने 98 वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चला विशेष अभियान

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर 98 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में 11 जनवरी 2026 को 24 घंटे के भीतर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए गए इस सघन अभियान में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने प्रभावी कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने सर्वाधिक 19 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। जनपद के अन्य थानों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता दिखाते हुए वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी कामयाबी, दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर, अनुमानित कीमत एक करोड़ दस लाख का गांजा किया जब्त

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



हाथीनाला/ सोनभद्र। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 442.5 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। आगामी त्योहारों और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए एसओजी और थाना हाथीनाला पुलिस की संयुक्त टीम सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में 11 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से आ रहे एक आयशर डीसीएम वाहन (संख्या TG-13-T-1226) में शीशे के बीच अवैध गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने थाना हाथीनाला क्षेत्र के हथवानी मोड़ पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। कुछ देर बाद रेनुकूट की ओर से उक्त वाहन आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया। वाहन रुकते ही उसमें सवार व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर शीशे की बोरियों के बीच छिपाकर रखी गई 19 प्लास्टिक बोरियों में कुल 442.500 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना हाथीनाला में मु0अ0सं0-04/2026, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि गांजे को शीशे की बोरियों के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा था। वाहन को पहले हैदराबाद से वारदाना (खाली बोरे) लोड कर भुवनेश्वर भेजा गया था। 3 जनवरी 2026 को वाहन खाली होने के बाद, गाड़ी मालिक के निर्देश पर इसे भुवनेश्वर से आगे खुर्दा स्थित मदीना होटल पर रुकने को कहा गया। 6 जनवरी 2026 को एक अन्य व्यक्ति वाहन लेकर आया और बताया कि शीशे के साथ अन्य सामान भी लोड है। शीशे की बिल्टी देकर उन्हें फिरोजाबाद के लिए रवाना किया गया। 8 जनवरी 2026 की रात को फोन से बताया गया कि आगरा के बाद फिरोजाबाद जाना है। गांजे का भुगतान आमतौर पर ऑनलाइन किया जाता था, हालांकि कभी-कभी नकद भी दिया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जावेद बाबूलाल महबूब शेख (पुत्र बाबूलाल महबूब शेख, निवासी नलदुर्ग, तहसील तुलजापुर, थाना नलदुर्ग, जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र, उम्र लगभग 43 वर्ष) और इस्माइल हजरत जमादार (पुत्र हजरत खासिम जमादार, निवासी अम्बेडकर नगर, फैार रोड, शिवसेना कार्यालय के पास, तुर्भे नाका, थाना MIDC तुर्भे, जिला ठाणे, नवी मुंबई, उम्र लगभग 36 वर्ष) के रूप में हुई है। बरामदगी में 19 प्लास्टिक बोरियों में कुल 442.500 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपये), एक आयशर डीसीएम वाहन (अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये ), दो मोबाइल फोन और 1,390 रुपये नकद शामिल हैं। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नागेश कुमार सिंह (थाना हाथीनाला), उपनिरीक्षक राजेश जी चौबे (प्रभारी एसओजी सोनभद्र), उपनिरीक्षक राजनारायण यादव (थाना हाथीनाला), उपनि रीक्षक सुरेश राम यादव (थाना हाथी नाला), उपनिरीक्षक वंश नारायण राय (चौकी प्रभारी बागे सोती), हेड कांस्टेबल सतीश कुमार सिंह (एसओजी), कांस्टेबल रितेश सिंह पटेल ( एसओजी), कांस्टेबल सत्यम पाण्डेय (एसओजी), कांस्टेबल अजीत यादव (एस ओजी), हेड कांस्टेबल मनोज कुमार शर्मा (थाना हाथीनाला), हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव (थाना हाथी नाला) और कांस्टेबल अनुराग कुमार (थाना हाथीनाला) शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की दो टूक उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा सोनभद्र में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कठोर कार्यवाही जारी रहेगी। जनपद को नशामुक्त एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे।

# ओबरा नगर पंचायत कार्यालय में नवागत अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

**समाज जागरण**

ओबरा। ओबरा नगर पंचायत कार्यालय में नवागत अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह कार्यभार ग्रहण करने हेतु 12 जनवरी दिन सोमवार को पहुँचे। नियमानुसार कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन चांदनी देवी को आमंत्रित किया गया दूरभाष पर संपर्क किए जाने पर चेयरमैन महोदया ने अवगत कराया कि वह वर्तमान में जनपद से बाहर हैं। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए तथा नगर की जनता एवं शासकीय कार्य प्रभावित न हों इसे ध्यान में रखते हुए अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत कर कार्यभार ग्रहण किया गया।साथ ही इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव, निदेशक एवं जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी, चेयरमैन को आवश्यक सूचना प्रेषित की गई पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि चेयरमैन की अनुपस्थिति के कारण शासनादेश के अनुसार कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। पूर्व ईओ मधुसूदन जायसवाल नगर पंचायत ओबरा को शासन द्वारा 6 जनवरी तत्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुए नगर पंचायत निधौली कला जनपद एटा में अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद पर भेज दिया गया हैं।



# दुष्कर्म के दोषी द्वारिका धरिकार को 20 वर्ष की कठोर कैद

**- अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी**

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी द्वारिका धांगर को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 40 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।
अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 26 जुलाई 2019 को म्योरपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर द्वारिका धरिकार पुत्र श्री राम धरिकार निवासी खैराही, थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र 16 जुलाई 2019 को रात्रि 8 बजे कहीं भगा ले गया। इस तहरीर पर म्योरपुर पुलिस ने 26 जुलाई 2019 को अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा की बढोत्तरी हुई।पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने द्वारिका धरिकार के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी द्वारिका धरिकार (30) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 40 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# कांग्रेसियों ने मनाया सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन, कार्यकताओं में खुशी की लहर

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोन के बैनर तले काँग्रेसियों ने सांसद प्रियंका गांधी का जन्म दिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा बचाओ पर विशेष चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता ने किया। इसी क्रम में जिला सचिव राजेश त्रिपाठी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रियंका गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मनरेगा बचाओ पर चर्चा किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी की नितियों पर चर्चा करते हुए सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभा का समापन किया। इस मौके पर ब्लॉक महासचिव विजय कनौजिया, कचनरवा न्याय पंचायत अध्यक्ष अखलेश शर्मा, संजय, रविंद्र गुप्ता, श्रवण यादव, मनोज यादव, अमरनाथ चेरो, मनोज, कुंदन बैठा, रमेश चंद्र सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में श्रावणी मेला समिति ने जरूरतमंदों को बांटे सैकड़ों कंबल

**कड़ाके की ठंड को देखते समिति का सराहनीय पहल- जेपी कटियार**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना के कॉलोनी परिसर स्थित रामलीला मैदान में कड़ाके की ठंड के बीच सोमवार को जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्री रामलीला एवं श्रावणी मेला समिति, अनपरा तापीय परियोजना के सकारात्मक पहल से संपन्न हुआ, जिसमें आस पास के सैकड़ों गरीब, बुजुर्ग और असहाय लोगों को राहत मिली। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अनपरा तापीय परियोजना इं जेपी कटियार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक 'अ' एवं 'ब' ताप इं दूधनाथ, महाप्रबंधक (जनपद) इं राजीव कुमार, महाप्रबंधक (प्रशासन) इं निखिल चतुर्वेदी, महाप्रबंधक 'द' ताप इं प्रशांत त्रिपाठी उपस्थित रहे तथा स्वयं कंबल वितरण कर मानवता का मिसाल पेश की। मेला अध्यक्ष वीके आनंद व सचिव,अभिषेक सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक कार्य के तहत जनवरी माह में बढ़ती कड़ाके ठंड को देखते हुए यह आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि रामलीला मैदान में कंबल वितरण का यह कार्यक्रम वर्तमान समिति द्वारा सर्दी के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाने का सराहनीय कदम है, समिति ने आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की बात कही। ऊनी कंबल लेने के लिए गांव व आस पास की सैकड़ों महिलाएं और बुजुर्ग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सभी लाभार्थियों को नाम पुकारकर पूरी व्यवस्था और पारदर्शिता के साथ कंबल वितरित किए गए, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हुई।स्थानीय लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बताया। लाभार्थियों ने भी समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान इं एसपी यादव, इं कर्मेंद्र सिंह, इं आरपी मल्ल, इं महेंद्र सिंह, इं अदालत वर्मा, इं बीआर पटेल, इं सुभाष चंद्र पटेल,इं भरत यादव, इं रमेश कुमार, इं अजय सिंह, इं ज्ञानेंद्र सिंह, इं राजकुमार सिंह, इंद्र कुमार सिंह, बृज बिहारी यादव, राजेंद्र प्रसाद सिंह, श्याम बिहारी सिंह, राजकुमार यादव, सीलियम मसीह, मुकेश जायसवाल, राकेश जय सवाल, जितेंद्र जायसवाल, कैलाश चंद्र पाल, सुरजन सिंह, रविकांत गोंड, अखिलेश कुमार, प्रभाकर सिंह, शिव प्रकाश उर्फ श्री, एसी सिंह, योगेंद्र मिश्रा, अंकुर वर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# चोपन स्थित ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**




चोपन/ सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चोपन में ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर पंचायत चोपन द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके। नगर पंचायत अंतर्गत हाईडील कॉलोनी के समीप सोन नदी के तट पर स्थित ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा का यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुरादें अवश्य पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते वार्षिकोत्सव के अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा मंदिर परिसर, रास्तों तथा आसपास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तैयारियां भी की जा रही हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 13 तारीख से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा उसके पश्चात पूजा-पाठ, हवन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि श्री लाखन वीर बाबा के प्रति क्षेत्र में गहरी आस्था है और वार्षिकोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुका है। प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों से लोगों में प्रसन्नता है और सभी को एक सफल आयोजन की उम्मीद है।

# विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम में भिखारी बाबा कराएंगे विराट रूद्र महायज्ञ

**14 जनवरी को निकलेगी कलश यात्रा, नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ होगी शुरू**

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। अब विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में भिखारी बाबा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ कराएंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है। 14 जनवरी को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के साथ ही रूद्र महायज्ञ शुरू हो जाएगी। प्रतिदिन रामकथा, रात्रि में रासलीला के साथ ही विशाल भंडारा भी चलेगा। 22 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।
भिक्षुक भिखारी बाबा उर्फ जंगली दास उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्र विजयगढ़ स्थित ग्रामसभा केवटम के झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ 14 जनवरी को कलश यात्रा के बाद कलश स्थापना के साथ शुरू होगी और 22 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। प्रतिदिन रामकथा होगी, रात्रि में वृंदावन से आयी रासलीला मंडली के जरिए रासलीला होगी तथा रोज विशाल भंडारा भी चलेगा। भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में पहली बार विराट रूद्र महायज्ञ होने जा रही है। आचार्य राधेकृष्ण तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयगढ़ राजा चंद्र विक्रम पद्म शरण शाह हैं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ रहेंगे। संरक्षक घोरावल विधायक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, छात्रशक्ति रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह व सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार पाठक, हरीश अग्रवाल, भरत सिंह, अजय सिंह, बिरजू दास, दाऊ दयाल, कार्यक्रम अध्यक्ष भोला सिंह, मुख्य यजमान दिनेश सिंह मौर्य, आनंद सिंह, मनोज केशरी, शिवशक्ति महिला मंडल संरक्षिका सुशीला पाठक, चिंता मौर्य, किरन मोदनवाल,

समाजसेवी सालिक राम साहू, रेवती रमण तिवारी, श्री राम, संदीप कुमार, बाबूलाल, पन्नालाल पासवान, बलिराम, रामसूरत आदि का विशेष योगदान है। भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम में गुफा के अंदर महादेव विराजमान हैं। यहां जो भी भक्त आता है उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। यहां पर मेला भी लगती है। यहां पर पहाड़ी में निर्मल जल बारहों महीने बहता रहता है।

जिसका उपयोग आदिवासी लोगों के पीने, नहाने, पशुओं के लिए उपयोगी है। मान्यता यह भी है कि इस जल से स्नान करने पर चर्म रोग से निजात मिल जाती है। भिखारी बाबा ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से झरियवां धाम का सुंदरीकरण कराने के साथ ही मंदिर का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# गमछा के सहारे महुआ के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत टोला जडंगाखाडी में एक युवक का पेड़ के सहारे लटकते शव मिलने से परिजनों में हड़कंप जांच में जुटी पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को देर शाम लगभग साढ़े छः बजे चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला जडंगा खाडी में घर लगभग पांच मीटर दूरी पर स्थित महुआ के पेड़ में गमछा के सहारे टिंकू कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र छोटे लाल पठारी लटका हुआ था , जिसे देख परिजन भौचक्के हो गए और आनन फानन में चोपन पुलिस को सूचना दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और तत्काल चोपन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया जिसके उपरांत स्वजनों के तहरीर पर चोपन पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल भेज दिया वहीं मृतक के पिता ने बताया कि घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था वह क्यों ऐसा कदम उठाया है इसका पता लगाया जा रहा था वह हाई स्कूल में पढ़ाई करता था।

# ठंडी के छुट्टी के बाद खुले स्कूल बच्चो ने धूप में की मस्ती

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। ठंड और शीतलहर की लगभग 20 दिनों की छुट्‌टियों के बाद स्कूल खुले। लंबी छुट्टियों का बाद स्कूल का पहला दिन खास होता है। बच्चे सुबह उत्साहित होकर स्कूल पहुंचे। तो वहीं पेरेंट्स में भी एक जोश था। स्कूल में बच्चों ने अपने दोस्तों के साथ अपनी छुट्टियों की बातें शेयर की। हालांकि छोटे बच्चों को एडजस्ट होने में थोड़ा समय लगा। कई



स्कूलों में पहले दिन जल्दी छुट्‌टी हो गई थी, तो कई स्कूलों ने पूरा टाइम किया। पहले दिन स्कूलों में अलग ही माहौल था। बड़े बच्चे जहां अपने दोस्तों के साथ मिलने के बेताब थे, तो वहीं छोटे बच्चे मस्ती के मूड में थे। टीचर्स ने पहले दिन वेकेशन होमवर्क की जानकारी ली, लेकिन सख्ती नहीं दिखाई।वही क्षेत्र के डी आर एस पब्लिक स्कूल खेवली के प्रबंधक शुभम सिंह ने बताया रोज के अपेक्षा बच्चो की उपस्थित कम रही लेकिन जो बच्चे स्कूल आए वह पढ़ाई के साथ साथ मस्ती करते ज्यादा दिखे।आगे मकर संक्रांति के अवकाश के बाद बच्चो की उपस्थित अच्छी दिखने लगेगी।बच्चो ने बताया छुट्टी में घर और रिश्तेदारों के घर जा कर खूब मस्ती की जिसके वजह से मिले होमवर्क पूरा नहीं हो पाया।

# वैदिक काशी युवा महोत्सव हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। वैदिक फाउंडेशन काशी परिवार द्वारा सोमवार को कमिश्नरी सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित काशी युवा महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दयाशंकर मिश्र दयालू गुरु आयुष मंत्री स्वतंत्र




प्रभार श्रीमती सीमा द्विवेदी सांसद राज्यसभा.श्रीमती मीना चौबे प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्रीराम प्रकाश दुबे रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेंद्र पाण्डेय ने किया इस अवसर पर बच्चों ने कई तरीके से संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस अवसर पर सैकड़ो बच्चों को सर्टिफिकेट और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके साथ-साथ ही पूरे भारत में अपने विशेष योगदान के लिए अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को काशी हुआ युवारत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया वैदिक फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि वैदिक फाउंडेशन काशी परिवार पिछले 8 वर्षों से लगातार स्वामी विवेकानंद की जयंती पर काशी युवा महोत्सव के रूप में आयोजित करता है और इस अवसर पर स्वामी जी के विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयास करता है

कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर बिना सिंह ने वैदिक फाउंडेशन के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने बताया कि यह संगठन राष्ट्रीय स्तर का संगठन है जिसमें वर्षभर शिक्षा और रोजगार को लेकर तरह-तरह के महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं जिसे समाज के अनेक लोग जुड़े हुए हैं जिनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है वैदिक फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर सुधीर मिश्रा ने वैदिक फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष कुछ नए विचारों और कार्यों को लेकर आगे बढ़ने पर जोर दिया और युवाओं को विवेकानंद जी के विचार को आत्मसात करने की बात कही कार्यक्रम में वैदिक फाउंडेशन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा शर्मा ने बच्चों को हमेशा इमानदारी से और मेहनत से आगे बढ़ाने की बात पर जोर दिया इस अवसर पर हजारों लोकसभागार में उपस्थित रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुनीत शर्मा कोषाध्यक्ष मधुलिका पांडे पूनम सिंह, सुषमा शुक्ला, विकास शुक्ला ,आलोक कुमार गुप्ता प्रियांशु आकृति आनंद कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वैदिक फाउंडेशन के अध्यक्ष शारदा मिश्रा ने किया।

# बगही गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोमवार को विकासखंड नरायनपुर के बगही गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। अभिनव मिश्रा ने किसानों को



जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ. कौशल सिंह पटेल ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# दिव्यांगो, गरीबों, जरूरत मन्दों में किया कम्बल वितरण

**समाज जागरण**

वाराणसी।आज सोमवार को निज आवास कंचनपुर वाराणसी में दिब्यांग जनो व विभिन्न गावों से आये गरीब व असहाय लोगों में सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने सैकड़ों कम्बल वितरण किया।



उक्त अवसर पर विनय मौर्या,राम मिलन मौर्या,बचाऊ पटेल प्रधान ,महेश प्रजापति,सुधीर वर्मा राजू,रमेश विश्वकर्मा,राजकुमार विश्वकर्मा, दीपक, सुनील आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद जी को नमन कर राष्ट्रीय युवा दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि दी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज सोमवार को राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज बैजलपट्टी तथा एस0 आर0प्लेटिनम स्कूल के सभागार में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर नमन करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चेतना की पहचान तेजस्वी वक्ता, प्रखर विद्वान , सच्चे संत स्वामी विवेकानंद युगों युगों तक याद किए जाएंगे। मेहनत करने वालों की सफलता पक्की होती है , युवाओं के हाथ में देश की तरक्की होती है क्योंकि युवा शक्ति राष्ट्र की मजबूत



शक्ति होती है।

'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' सन्देश पर आधारित छात्र -छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की।

इस अवसर पर सतीश पांडेय, आशा यादव, निशा उपाध्याय, हरविंदर कौर , संजू और सुनीता गुप्ता ने स्वस्थ शरीर एवम स्वस्थ विचारों से ही राष्ट्र निर्माण हो सकता है, मानवता की सेवा करो,अपने भीतर की शक्ति को पहचानो जैसे भावों पर विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया।

# स्वामी जी के जयंती पर दो दिवसीय हार्टफुलनेश कार्यशाला का हरहुआ में हुआ शुभारम्भ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।"युवा शक्ति" रामचंद्र मिशन हैदराबाद स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एस. आर.प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ में हार्टफुलनेस प्रोग्राम के तत्वाधान में प्रारंभ हुआ।



कार्यशाला का शुभारंभ स्वामीजी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि स्वामी जी का जन्मदिवस युवा शक्ति का जागरण दिवस है। यह हमें याद दिलाता है कि उनके विचार केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व को आत्मा बल,चरित्र और सेवा का मार्ग दशार्या।

उन्होंने कहा था कि हमारे महान उद्देश्य स्पष्ट हो तो महानता परिस्थितियों से नहीं हमारी सोच से जन्म लेती है। इस अवसर पर हम संकल्प ले कि युवा केवल भविष्य नहीं वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। आइए इस शक्ति कोआत्मबल, संस्कार और सेवा के माध्यम से इस शक्ति को सही दिशा दे। युवा जागेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर डॉ0 दीपक जायसवाल , रवि शुक्ला और अमित कुमार राय उपस्थित रहे।100 से अधिक अध्यापक व अध्यापिकाओं ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया ' प्रमुख विद्यालय में मां शारदा महिला महाविद्यालय ,कैथोली बाबतपुर, राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज बैजलपट्टी हरहुआ एवं एस. आर.प्लेटिनम. इंग्लिश स्कूल हरहुआ ,शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज पुआरी खुर्द की संस्थाएं प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।

# वर्ल्ड सिटी एक्सपो के लिए भूमि अधिग्रहण पर ग्रामीणों का विरोध, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। रिंग रोड के किनारे प्रस्तावित वर्ल्ड सिटी एक्सपो परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। करीब 377 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया के खिलाफ 10 ग्राम सभाओं के ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। प्रभावित गांवों में वाजिदपुर, बझिया, बिशुनपुर, देवनाथपुर, हरहुआ, रामसिंहपुर और सिंहापुर सहित अन्य गांव शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्राम सभा की सहमति और उचित परामर्श के जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। इसी को



लेकर वाजिदपुर के पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में सोमवार को ग्रामीणों ने सांसद वीरेंद्र सिंह को एक पत्र सौंपा और अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यह भूमि उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। इस दौरान मास्टर यादव, सुभाष सिंह, नारायण यादव, सुरेन्द्र यादव, पंचम यादव, धर्मेन्द्र सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में भारी पड़ रहा भ्रष्टाचार

## मनमाने तौर पर गिट्टी पर मौरंग का इस्तेमाल, ग्रामीणों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के कूड़ी में सोमवार को सड़क निर्माण में बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (RED) द्वारा बनाई जा रही इस सड़क में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

कूड़ी गांव में निमार्णाधीन सड़क में सोलिंग (गिट्टी की परत) के ऊपर पत्थर के पाउडर या बालू के बजाय मोरंग का प्रयोग किया जा रहा है। जो अवैध है।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार लागत बचाने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता कर रहा है। सड़क निर्माण का वीडियो हो रहा वायरस। सड़क निर्माण किस तरह नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता आनंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण के मानकों में सोलिंग के ऊपर



मोरंग डालने का कोई प्रावधान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया जा रहा है, तो यह पूरी तरह से गलत है।

ग्राम प्रधान गुलाब मौर्या ने पुष्टि की कि सड़क का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण की गुणवत्ता की जिम्मेदारी विभाग की है। ग्रामीणों में इस निर्माण को लेकर रोष है। उनका कहना है कि ऐसी सड़क पहली ही बारिश में उखड़ जाएगी, जिससे सरकारी पैसे की बबादीं होगी। तकनीकी रूप से सोलिंग के छिद्रों को भरने के लिए स्टोन डस्ट या महीन बजरी का उपयोग होना। भ्रष्टाचार की भेट चल रहा ग्रामीण इलाकों की सड़क। अवर अभियंता के बयान से यह साफ है कि कार्य मानक के विपरीत हो रहा है। अब देखना यह है कि क्या विभाग इस पर संज्ञान लेकर निर्माण कार्य को रुकवाता है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करता है, या फिर यह सड़क ऐसे ही पूरी कर दी जाएगी। ग्रामीण इलाकों की सड़क जब भी बनती है कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं जाता है और ठेकेदार मनमाने तरीके से सड़क बना देते हैं जिससे ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई, किया गया नमन

**समाज जागरण**

वाराणसी। आज सोमवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह ने संस्थापक महाराज, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह दर्शनशास्त्र विभाग ने अपने उद्बोधन में स्वामी जी को युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताया उनका कहना था कि स्वामी जी का विश्वास था कि भारत एक पवित्र भूमि है यह त्याग, तपस्या व निष्काम कर्म की




भूमि है। कार्यक्रम को प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, अंगद प्रसाद यादव ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलानन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ0 आशा सिंह ,डॉ0 अरशद, डॉ0 महेंद्र कुमार, डॉ0 ममता, डॉ0 पूनम, डॉ0 प्रियंका कंचन वर्मा एवं समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# हरहुआ बाजार में अनियंत्रित ट्रेलर से बिजली का हाईटेंशन पोल टूटा, लाखों का नुकसान

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी के समीप बीती रात करीब 12 बजे जौनपुर से वाराणसी की ओर जा रहा एक ट्रेलर ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने रैंप से नाले पर चढ़ते हुए नाले के पास लगी स्ट्रीट लाइट तथा बिजली के हाईटेंशन पोल को तोड़ता हुआ एक मार्बल की दुकान के बाहर रखे महंगे मार्बल को क्षतिग्रस्त कर गड्ढे में जाकर रुक गया।

हादसे से जोरदार आवाज और चिंगारियां निकलने लगीं। आसपास के लोगों ने तत्काल बिजली सब स्टेशन पर फोन कर सप्लाई बंद करवाई।

बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक रामनरेश यादव (28 वर्ष), निवासी भुल्टिया टोला, थाना गढ़वा, सिंगरौली तथा खलासी श्रवण कुमार



विश्वकर्मा (22 वर्ष) उपरोक्त पते के निवासी हैं। हादसे में चालक को हल्की चोट आई है, जबकि खलासी के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। दोनों को हरहुआ बाजार स्थित एक निजी चिकित्सालय मे इलाज चल रहा है।

ट्रेलर चालक ने बताया कि वह जौनपुर से बालू उतारकर बिहार जा रहा था। जैसे ही हरहुआ बाजार पहुंचा, उसे झपकी आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे को तोड़ते हुए गड्ढे में फंस गया। चालक ने कहा कि स्थानीय लोगों की तत्परता से उनकी जान बच सकी।

टाइल्स एवं मार्बल के दुकानदार का कहना है कि करीब पांच लाख रुपये मूल्य के मार्बल टूट गए हैं। हरहुआ पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दी जाएगी। घटना के बाद हरहुआ क्षेत्र की बिजली लगभग सुबह 10 बजे तक प्रभावित रही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए दूसरे फिटर से लाइन जोड़कर प्रभावित गांवों को बिजली सप्लाई चालू कर दी है वहीं हरहुआ बाजार की बिजली अभी भी प्रभावित है।

# पिंडरा ,हरहुआ ब्लाक से एक -एक प्रधान पतंग महोत्सव में एयर इंडिया विमान से अहमदाबाद हुए रवाना

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पिंडरा ब्लाक से रसुलपुर के प्रधान कैलाश यादव व हरहुआ ब्लाक से अनौरा प्रधान दीपक चौहान अहमदाबाद में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय'पतंग महोत्सव' में शामिल होने के लिए एयर इंडिया विमान से रवाना हुए।यह आमंत्रण ग्रामीण विकास में उनके उत्कृष्ट कार्यो की पहचान है।

प्रधान कैलाश यादव ने अपने ग्राम पंचायत में शिक्षा,स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण ,अमृत सरोवर ,बारात घर व धार्मिक धरोहर के निर्माण व संरक्षण ,हर घर नल जल पहुंचाने, आदर्श ग्राम सचिवालय विशेष निर्माण सहित कल्याणकारी योजनाओं का पात्र परिवारों में घर-घर लाभ सहित बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किया है जिन्हें सरकारी व्यय पर यह चौथा आमंत्रण जहाज से जाने का मिला है।



कैलाश यादव प्रधान रसुलपुर ब्लाक पिंडरा।



दीपक चौहान प्रधान अनौरा ,ब्लाक हरहुआ।

प्राप्त जानकारी के आधार पर वाराणसी विभाग से डीडीओ वाराणसी विजय जायसवाल,सेवापुरी ब्लाक के भीषमपुर से राकेश कुमार सिंह, आराजीलाइन ब्लाक के ढोलापुर ग्राम पंचायत से अजय कुमार दुबे,बड़ागाँव ब्लाक के बलरामपुर से ओमप्रकाश पालआज सोमवार को शाम 4 बजकर 25 मिनट पर बाबतपुर हवाई अड्डे से विमान द्वारा अहमदाबाद के लिए रवाना हुए।

ज्ञातव्य हो कि अहमदाबाद का यह अंर्तराष्ट्रीय पतंग महोत्सव विश्व प्रसिद्ध है।महोत्सव के साथ एक कांफ्रेंस आयोजित होगी जिसमें देश भर से चुनिंदा विकास अधिकारी समझेंगे और वाराणसी ग्रामीण क्षेत्र में लागू किये गए सफल प्रयोगों को साझा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व मिलने से उनके क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और पहचान मिलेगी।आदर्श ग्राम पंचायतें प्रेरणा के केंद्र बनेंगे।

# विकलांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल मिलने पर मिली खुशी ग्रामीणों में बांटे गए कंबल

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ राजगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा रैकरी में ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए मानवता की मिसाल देखने को मिली। ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ाके की ठंड में 60 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। जिनके लिए सर्द रातें किसी संघर्ष से कम नहीं होतीं।

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब विकलांग व्यक्ति पतालु को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। वर्षों से चलने-फिरने में असमर्थ पतालु की आंखों में उस वक्त उम्मीद की चमक साफ दिखाई दी, जब उसने अपने सपनों को पंख देने वाली ट्राइसाइकिल को छुआ। ग्रामीणों की तालियों और भावुक निगाहों के बीच यह पल कई दिलों को छू गया।

ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना ही



सच्ची सेवा है। ठंड में कोई भी असहाय न रहे, यही हमारा प्रयास है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी जरूरतमंदों मे आगे भी कंबल वितरण किया जाएगा जिससे कंबल पाने वालों को राहत मिल सके गलन भरी ठंड में कंबल प्रकार असहाय वृद्धि विकलांग सभी को राहत मिले। राजस्व लेखपाल मनोज कुमार सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकेश, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कंबल प्राप्त करने वालों में केशरी, दुनियाराम, श्रीपति, दयाराम समेत कई जरूरतमंद शामिल रहे। कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे पर राहत और मुस्कान साफ झलक रही थी।

गांव की गलियों में जब कंबलों की गर्माहट फैली। ठंड और गलन को देखते हुए आगे भी ग्रामीणों में वृद्ध असहाय विकलांग कंबल वितरण किया जाएगा जिससे उन्हें राहत मिले।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2026 की अधिसूचना

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के तहत राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2026 को अधिसूचित किया है।

इन नियमों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शामिल करने, महासभा और कार्यकारी समिति की संरचना, चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय खेल निकायों तथा क्षेत्रीय खेल संघों के सदस्यों के लिए अयोग्यता मानदंडों के लिए ढांचा प्रदान किए गए हैं।

नियमों में राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के लिए प्रावधानों की रूपरेखा भी दी गई है और राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ संबद्ध इकाइयों के पंजीकरण और आवधिक अद्यतन के लिए प्रक्रियाओं को भी निर्दिष्ट किया गया है।

इन नियमों के प्रमुख प्रावधानों में से एक यह है कि राष्ट्रीय खेल निकायों की महासभाओं में कम से कम चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों (एसओएम) को शामिल किया जाना चाहिए। महासभा में महिला एसओएम के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए, नियमों में विशेष रूप से महासभा में पचास प्रतिशत महिला एसओएम का प्रावधान किया गया है।

राष्ट्रीय खेल निकायों की कार्यकारी समिति में कम से कम चार महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए नियमों में यह प्रावधान है कि प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय अपने उपनियमों के माध्यम से कार्यकारी समिति में महिलाओं के लिए विशिष्ट पद आरक्षित कर सकता है, जैसा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 में अनिवार्य किया गया है।

नियमों में राष्ट्रीय खेल निकायों की महासभा और कार्यकारी समिति में एसओएम के प्रतिनिधित्व के लिए सामान्य पात्रता मानदंड और स्तरित मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं।

एसओएम के रूप में नामित होने के लिए आवेदन करने वाले खिलाड़ियों की आयु पच्चीस वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए और उन्हें सक्रिय खेलों से सेवानिवृत्त होना चाहिए तथा आवेदन की तिथि से कम से कम एक वर्ष पहले तक किसी भी ऐसी खेल प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप किसी जिले, राज्य या भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन होता हो।

नियमों में खेलों की प्रकृति और विभिन्न खेल विधाओं में भारतीय खिलाड़ियों की खेल उपलब्धियों के स्तर को ध्यान में रखते हुए, एक स्तरीय मानदंड भी निर्धारित किया गया है। स्तरीय मानदंडों में, 10 स्तर निर्धारित किए गए हैं, जो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों, पैरालंपिक खेलों या शीतकालीन ओलंपिक खेलों में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से लेकर राष्ट्रीय खेलों या राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों तक हैं। विभिन्न खेल विधाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्तरीय मानदंडों को पर्याप्त रूप से व्यापक रखा गया है।

इन नियमों में कार्यकारी समिति के चुनाव की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन किया गया है, जिसमें चुनाव के प्रत्येक चरण के लिए समयसीमा भी शामिल है, जो कि एसओएम बनने के लिए आवेदन जमा करने से लेकर चुनाव कराने, अंतिम मतदाता सूची जारी करने और नामांकन आमंत्रित करने तक की प्रक्रिया को दशार्ती है।

नियमों में राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा या किसी भी समिति के सदस्य होने के लिए अयोग्यताएं भी बताई गई हैं और उन्हें कार्यकारी समिति या एथलीट समिति के चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

नियमों में निर्धारित अयोग्यताओं में से एक यह है कि किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए गए और कारावास की सजा पाए व्यक्ति कार्यकारी समिति या एथलीट समिति के चुनाव में भाग लेने या किसी राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा या किसी भी समिति के सदस्य बनने से वंचित होंगे।

# कुत्ता काटने के मामलों में तय प्रोटोकॉल के तहत इलाज, जिले में एआरवी की पर्याप्त उपलब्धता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कुत्ता काटने की घटनाएँ केवल सामान्य चोट नहीं, बल्कि एक जान लेवा और लगभग असाध्य बीमारी रेबीज का गंभीर खतरा होती हैं। चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार रेबीज के लक्षण प्रकट हो जाने के बाद मरीज के बचने की संभावना न के बराबर रह जाती है। ऐसे में कुत्ता काटने के तुरंत बाद घाव की सफाई, प्राथमिक उपचार और समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाना जीवनरक्षक साबित होता है। हाल ही में बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े एक मामले को लेकर उठे सवालों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि उपचार पूरी तरह तय चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया। रविवार को प्राथमिक उपचार, ओपीडी में एआरवी देना तय प्रक्रिया बहादुरगंज सीएचसी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रिजवाना तबस्सुम ने बताया कि 11 जनवरी (रविवार) को कुत्ता काटने से घायल युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। चूँकि रविवार को ओपीडी सेवा बंद रहती है, इसलिए मरीज को टेटनस का इंजेक्शन, घाव की समुचित सफाई और मरहम लगाया गया तथा अगले कार्यदिवस में ओपीडी में आकर एंटी रेबीज वैक्सीन लेने की सलाह दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआरवी ओपीडी के माध्यम से ही लगाया जाता है, जो स्थापित चिकित्सकीय नियम है। जिले में एआरवी की कोई कमी नहीं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मुनाजिम ने बताया कि किशनगंज जिले में एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान स्टॉक के अनुसार–

सदर अस्पताल, किशनगंज 1200 वायल छत्तरगाछ रेफरल अस्पताल 240 वायल सीएचसी बहादुरगंज 400 वायल सीएचसी ठाकुरगंज 234 वायल सीएचसी पोठिया320वायल सीएचसी कोचाधामन 170 वायल सीएचसी दिघलबैंक 650 वायल सीएचसी टेढ़ागाछ 608 वायल किशनगंज ग्रामीण पीएचसी 280 वायल उन्होंने बताया कि एआरवी स्टॉक की नियमित निगरानी की जाती है, ताकि किसी भी मरीज को टीकाकरण से वंचित न होना पड़े। रेबीजः रोकथाम ही एकमात्र इलाज स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रेबीज एक वायरल संक्रामक रोग है, जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली, बंदर या अन्य जानवरों के काटने, खरोंच या लार के संपर्क से फैलता है। प्रारंभिक लक्षण हल्के होते हैं, लेकिन बाद में पानी से डर, अत्यधिक उत्तेजना, झटके और लकवे जैसे गंभीर लक्षण उभरते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लक्षण प्रकट होने के बाद इलाज संभव नहीं होता, इसलिए समय पर वैक्सीन और आवश्यक होने पर इम्युनोग्लोबुलिन लेना ही एकमात्र उपाय है। कुत्ता काटने पर क्या करें सिविल सर्जन ने बताया कि कुत्ता या अन्य जानवर काट ले तो– घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से 10-15 मिनट तक धोएँ एंटीसेप्टिक लगाएँ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सकीय सलाह लें डॉक्टर द्वारा बताए गए अनुसार पूरा टीकाकरण कोर्स समय पर पूरा करें जन-सहयोग से ही सुदृढ़ होगी स्वास्थ्य व्यवस्था सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएँ तभी प्रभावी होंगी, जब आमजन और स्वास्थ्य कर्मी मिलकर सहयोग करें। अफवाहों से बचें, चिकित्सकों की सलाह का पालन करें और समय पर ओपीडी में पहुँचकर इलाज कराएँ। रेबीज जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता, सहयोग और समय पर इलाज ही सबसे प्रभावी उपाय है।

# सदियों पुरानी परंपरा : खगड़ा मेला का भव्य शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले ऐतिहासिक खगड़ा मेला का विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला धिकारी विशाल राज, अपर जिला दंडाधिकारी अमरेंद्र कुमार पंकज, एमजीएम मेडिकल कॉलेज (माता गुजरी विश्वविद्यालय) के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत तथा जिला परिषद अध्यक्ष रुकैया बेगम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। खगड़ा मेला के संवेदक बबलू शाहा ने बताया कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें झूले, सर्कस, थिएटर, खेल-तमाशे तथा विभिन्न प्रकार की दुकानें प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले का आनंद लेने की अपील की। बताया जाता है कि खगड़ा मेला का इतिहास कई दशकों पुराना है। यह मेला केवल व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक समरसता का प्रतीक भी रहा है। समय के साथ यह मेला जिले की पहचान बन चुका है, जहां दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचकर खरीद-बिक्री के साथ-साथ मनोरंजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि खगड़ा मेला जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इसके संरक्षण तथा सुव्यवस्थित आयोजन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं उपस्थित अधिकारियों ने मेले में स्वच्छता, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। मेले के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी एवं मेला प्रेमी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।

# शराब तस्कर गिरफ्तार, 300 लीटर देशी शराब बरामद दो बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के खपिया गांव में समकालीन अभियान के तहत छापेमारी के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान चितरंजन कुमार पिता



नवल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 150 लीटर चुलाई महुआ शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद की है एक अन्य तस्कर अपनी मोटरसाइकिल और 150 लीटर चुलाई महुआ शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि कुल 300 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब, 2 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले में बताया गया कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई समकालीन अभियान के तहत की गई है। शराब तस्करी के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना में नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के चिपुरा खुर्द गांव में 5 माह पूर्व विवाह के बाद ससुराल में रह रही एक नवविवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। मृतका की पहचान मोहनी कुमारी, पति अभिषेक कुमार, निवासी ग्राम चिपुरा खुर्द, थाना गौरीचक, जिला पटना के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार मोहनी कुमारी की मौत फांसी लगाने से हुई बताई जा रही है। हालांकि मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि मृतका का मायका भी इसी गांव में है जिससे घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर गौरीचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार वर्तमान में इलाके की विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही मोहनी कुमारी के साथ ससुराल में मारपीट की जा रही थी और इसी प्रताड़ना के कारण उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। घटना के बाद मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतका के पति अभिषेक कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# किशनगंज में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारी तेज

**विरेन्द्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



मुख्यमंत्री के संभावित किशनगंज जिला दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा विकासात्मक कार्यों के प्रस्तावित उद्घाटन एवं शिलान्यास पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही बीज निगम परिसर में कृषि विभाग द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने तथा वहीं हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हित करने पर विचार किया गया। ठाकुरगंज बाइपास रोड की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन, कनकपुर को 31 जनवरी तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि भवन का उद्घाटन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग को पंचायत सरकार भवन तक जाने वाले मार्ग की मरम्मत एवं सुदृ ढ़ीकरण शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास से संबंधित योजनाओं की सूची एवं विस्तृत विवरण निर्धारित फॉर्मेट में तैयार कर दो से तीन दिनों के भीतर गोपनीय प्रशाखा में जमा करें। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार पंकज, अपर समाहर्ता सह उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पटना की हॉस्टल में बेहोश मिली छात्रा की हुई इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम हॉस्टल में रहने वाली नीट अभ्यर्थी छात्रा अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पाई गई। काफी देर तक बाहर न निकलने पर हॉस्टल कर्मियों को शक हुआ। दरवाजा तोड़कर जब वे कमरे में दाखिल हुए तो छात्रा अचेत अवस्था में पड़ी थी। बिना देर किए उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार छात्रा 5 जनवरी को अपने घर से लौटकर हॉस्टल आई थी। अगले दिन यानी 6 जनवरी को उसने हॉस्टल की अन्य छात्राओं के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में चली गई। इसके बाद वह बाहर नहीं निकली। शुरूआत में किसी को असामान्य स्थिति का अंदेशा नहीं हुआ, क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं का कमरे में देर तक पढ़ना आम बात मानी जाती है। लेकिन जब काफी समय बीत गया और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब हॉस्टल कर्मियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ने का फैसला किया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजन गहरे सदमे में आ गए। उनका कहना है कि बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे और उन्हें आशंका है कि उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। इसी आधार पर पिता के आवेदन पर चित्रगुप्त नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। परिजनों का तर्क है कि एक स्वस्थ और पढ़ाई में मेहनती छात्रा का इस तरह अचानक दम तोड़ देना कई सवालों को जन्म देता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल की गायनेकोलॉजिस्ट द्वारा किए गए परीक्षण में निजी अंगों पर किसी तरह की चोट या जख्म नहीं पाए गए। हालांकि पुलिस यह भी स्पष्ट कर रही है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर कोई अंतिम निष्कर्ष निकाला जा सकेगा। एएसपी सदर अभिनव कुमार के अनुसार छात्रा के कमरे की तलाशी ली गई, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट या ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे सीधे तौर पर आत्महत्या की बात कही जा सके। हॉस्टल के आसपास रहने वाली अन्य छात्राओं से भी पूछताछ की गई, पर किसी ने कोई संदिग्ध गतिविधि या बाहरी व्यक्ति की मौजूदगी की पुष्टि नहीं की। जांच के दौरान पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन जब्त किया है। मोबाइल की जांच में यह सामने आया है कि उसने नींद की गोलियों से जुड़ी जानकारी सर्च की थी। जैसे नींद की गोली ज्यादा लेने से शरीर पर क्या असर पड़ता है और ओवरडोज से मौत कैसे हो सकती है। इसके अलावा कमरे से नींद की गोलियां भी बरामद की गई हैं। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि छात्रा कब से इन दवाओं का सेवन कर रही थी और उसने इन्हें कहां से खरीदा था।

# पटना में चाकू मारकर एक कि हत्या, दूसरा जख्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ सिटी चौक थाना के हीरानंद शाह गली के पास अपराधियों ने सोमवार की दोपहर 18 वर्षीय युवक बिट्टू कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी है, जबकि साथ रहे ममेरा भाई राकेश कुमार को चाकू से प्रहार कर जख्मी कर दिया है। जख्मी का उपचार श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल मे चल रहा



है। मृतक के मामा नन्हकी राय ने बताया कि हीरानंद शाह स्थित घर से निकल कर दोनो भाई शहीद भगत सिंह चौक पर जा रहा था। इसी दौरान गली के मोड़ पर कुछ युवको ने घेर लिया और मारपीट करते हुए चापर से बिट्टू के गर्दन के पास प्रहार किया। जिससे वो जख्मी हो कर गिर गया। इसी बीच भाई राकेश पर भी प्रहार जो उसके बाह मे लगा। घटना के बाद आरोपी फरार हो गये। इसी बीच सूचना पाकर मौके पर परिवार पहुंचा और दोनो को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया। जहा चिकित्सक ने बिट्टू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौक व खाजेकला थाना की पुलिस मामले मे छानबीन की। पुलिस का कहना है कि मामले मे छानबीन की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्यवाई की जाएगी।

# पटना एयरपोर्ट पर तवियत बिगड़ने से महिला यात्री की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ एयरपोर्ट पर एक महिला यात्री की तबीयत बिगड़ने के बाद समय पर इलाज न मिल पाने के कारण उनकी मौत हो गई। यह घटना पटना एयरपोर्ट पर रविवार की देर शाम की है। बेगूसराय जिले की रहने वाली 61 वर्षीय निर्मला देवी मुंबई जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंची थीं। उन्हें स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी-337 से यात्रा करनी थी। उनकी बोर्डिंग का समय शाम 7 बजे तय था, लेकिन वे दोपहर करीब 3 बजे ही एयरपोर्ट पहुंच गई थीं। शुरूआती कुछ घंटों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन शाम के समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। एयरपोर्ट के पहले तल पर स्थित प्रस्थान क्षेत्र में निर्मला देवी को अचानक बेचैनी महसूस होने लगी। देखते ही देखते उनकी हालत और बिगड़ गई और वे छटपटाने लगीं। आसपास मौजूद यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मियों ने मदद की कोशिश की, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह थी कि मौके पर कोई डॉक्टर या प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं था। स्थिति गंभीर होती देख एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से माइक पर अनाउंसमेंट कराया गया कि यदि कोई यात्री डॉक्टर हों तो तुरंत सहायता के लिए आगे आएं। कुछ समय बाद संयोगवश यात्रा कर रहे एक डॉक्टर मदद के लिए आगे आए। उन्होंने महिला को प्राथमिक उपचार दिया और सीपीआर भी दिया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और महिला की हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी।एयरपोर्ट निदेशक चंद्र प्रताप द्विवेदी के अनुसार, शाम करीब 4:40 बजे निर्मला देवी सीआईएसएफ के शिफ्ट-इन-चार्ज के केबिन के पास बेहोश हो गई थीं। इसके बाद एयरपोर्ट फायर सर्विस को सूचना दी गई और लगभग 4:50 बजे एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। यानी आपात स्थिति के बाद एम्बुलेंस आने में करीब 10 मिनट का समय लग गया। इसके बाद महिला को राजाबाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने महिला का इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने निर्मला देवी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद एयरपोर्ट प्रशासन को भी सफाई देनी पड़ी। एयरपोर्ट निदेशक ने स्वीकार किया कि उस समय पटना एयरपोर्ट पर कोई डॉक्टर या मेडिकल टीम तैनात नहीं थी। उन्होंने बताया कि पहले से चला आ रहा मेडिकल सेवा का करार समाप्त हो चुका था। नया करार मेदांता अस्पताल से किया गया है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से डॉक्टरों की तैनाती शुरू नहीं हो पाई थी। इसी वजह से एयरपोर्ट पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

# कोल्हान पत्रकार एकता मंच ने निभाया सामाजिक दायित्व, टुसू पर्व पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी वितरण

**समाज जागरण संवाददाता परमबीर पात्रों**



पूर्वी सिंहभूमःपत्रकार एकता मंच कोल्हान द्वारा एक बार फिर सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए सोमवार को टुसू पर्व के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन किताडीह सरना मार्शल क्लब परिसर में किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी सह संरक्षक गोविंदा पति ने कहा कि टुसू पर्व झारखंड का प्रमुख लोकपर्व है, जिसे पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। पर्व के दौरान नए वस्त्र पहनने की परंपरा रही है, ऐसे में समाज के गरीब और निचले तबके की महिलाएं इससे वंचित न रहें, इसी उद्देश्य से पत्रकार एकता मंच द्वारा साड़ी वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के महासचिव सुनील पांडे, सलाहकार विजय कुमार चंद्रवंशी, वरीय सदस्य शहजादा खान, जिला प्रभारी मनीष ओझा, आईटी सेल प्रभारी गुणाधर गोप, शिवरंजन, सदस्य कामदेव कुमार, दिनेश मुदी, परमबीर पात्रो उपस्थित रहे। इसके अलावा पश्चिम कीताडीह पंचायत की पंचायत समिति सदस्य द्रोपदी मुंडा, वार्ड सदस्य आशा ईचागढ्ढ, गुड़िया पात्रो, समाजसेवी सरस्वती सामंत, निता सरकार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नबीनगर में खलिहान में आग, 2500 बोझा धान जलकर राख

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना क्षेत्र के देवगना गांव में एक खलिहान में आग लगने से लगभग 2500 बोझा धान जलकर राख हो गया। आग की



सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने ग्रामवासियों के सहयोग से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसानों ने मुआवजा की मांग की है ।आग लगने की घटना नबीनगर थाना क्षेत्र के देवागाना गांव में हुई, जहां धनंजय चौबे, जवाहर साव और चरित्र साव का धान का बोझा जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है ।पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। उन्होंने बताया कि आग लगने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित किसानों को उचित आश्वासन दिया है।

# पटना में गोली मारकर महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक 40 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जिससे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल बन गया। पुलिस इसे आपसी रंजिश से जुड़ा मामला मान रही है, हालांकि हत्या के पीछे की असली वजह जानने के लिए गहन जांच जारी है। यह घटना पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादपुर इलाके की है। रविवार की देर रात अचानक गोली चलने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। कुछ ही देर में यह स्पष्ट हो गया कि एक महिला को गोली मार दी गई है। सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की गई। मृतक महिला की पहचान जहानाबाद निवासी 40 वर्षीय माला देवी के रूप में हुई है। माला देवी का मायका जहानाबाद में है। पुलिस के अनुसार, वह रविवार को अपने मायके से पटना के बभनपुरा इलाके में स्थित ससुराल आई थीं। उनके पति सुबोध शर्मा जानीपुर थाना क्षेत्र के बभनपुरा में एक होटल का संचालन करते हैं। बताया गया है कि माला देवी जिस स्थान पर मृत पाई गईं, वह उनके पति के होटल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर था ।पुलिस ने माला देवी का शव घटनास्थल से बरामद कर अपने कब्जे में लिया। शव मिलने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह और फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स पटना भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह साफ हो सकेगा कि गोली किस दूरी से मारी गई और मौत के समय की परिस्थितियां क्या थीं। हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, जिनमें खोखा, खून के धब्बे और आसपास की गतिविधियों से जुड़े सुराग शामिल हैं। तकनीकी अनुसंधान के तहत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि घटना के समय वहां कौन-कौन मौजूद था और आरोपी किस दिशा में फरार हुआ।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरूआती जांच में दुष्कर्म या लूटपाट जैसी किसी घटना के संकेत नहीं मिले हैं। माला देवी के शरीर पर केवल गोली लगने के निशान पाए गए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने इस मामले को सुलझाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। यह टीम मानवीय और तकनीकी दोनों स्तरों पर अनुसंधान कर रही है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन और पारिवारिक संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस हत्या के पीछे के कारणों और आरोपियों का खुलासा किया जाएगा।

# युवाओं के अंदर समाज में बदलाव लाने की क्षमता:--- निवेदिता सिन्हा

**समाज जागरण**

पटनाः-- राजधानी पटना के एजी कालोनी स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल के तत्वावधान में 'उठो,जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक आगे बढ़ते रहो ' मंत्र के उदगाता स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन सुविख्यात विदूषी, समाजसेविका, राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार प्रांत की सह कार्यवाहिका एवं आर.सी.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी पटना की मार्गदर्शिका बड़ी बहन श्रीमती निवेदिता सिन्हा जी सहित अन्य मातृ-शक्तियों के सौम्य उपस्थिति में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती ज्योति कुमारी जी ने किया जबकि परिचय शिक्षिका श्रीमती निशा कुमारी जी ने कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार मिश्र जी ने कहा कि हम सब जिस श्रेष्ठ महामानव के जयंती समारोह में उपस्थित हैं वे स्वयं में एक विचार थे।आज इस अवसर पर बच्चों के बीच प्रश्नमंच प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से परिचित कराना है। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित श्रीमती निवेदिता सिन्हा जी ने कहा कि हम सब ऐसे महापुरुष की जयंती के अवसर पर उपस्थित हैं जिन्होंने कहा था --'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक आगे बढ़ते रहो '-साथ ही साथ आज की युवा पीढ़ी के संदर्भ में इन्होंने कहा था कि-- 'युवाओं के अंदर समाज में बदलाव लाने की क्षमता है।'

स्वामी विवेकानंद जी के संदर्भ में जितनी चर्चा की जाए वह बहुत ही अत्यल्प होगा। यदि इनके जीवन को समझना है तो ' शिकांगो वक्तृता ' पुस्तक हम सबको पढ़नी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री राम इकबाल सिंह जी एवं उनकी धर्मपत्नी ने भी अपने विचार को रखा।आज आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में चित्रकला हेतु पल्लवी कुमारी, सार्थक श्रीवास्तव एवं अन्नु कुमारी,भाषण प्रतियोगिता हेतु अंशु कुमारी, अराध्या कुमारी एवं आद्या सिंह, प्रश्नमंच प्रतियोगिता हेतु आकांक्षा कुमारी, अपराजिता कुमारी एवं आदर्श सिंह को पुरस्कृत किया गया जबकि स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिरुप आकर्षक झांकी के रूप में सार्थक श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया गया। जयंती समारोह में श्रीमती सविता कुमारी , श्रीमती गुंजा सिंह, श्री राकेश कुमार, श्री रामविनय सिंह, श्री रामनरेश प्रसाद, श्री धर्मेन्द्र कुमार सुधांशु, श्री संदीप कुमार मिश्र, श्री शिव कुमार साहू, श्री राजकुमार दूबे, श्री आर्यन कुमार, सुश्री काजल कुमारी,श्रीमती चंचला कुमारी ने भी अपने विचार को रखा। आभार ज्ञापन करते हुए शिक्षिका श्रीमती अमृता सिन्हा जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आप सबको अपने बीच पाकर अभिभूत हूं।आप सबके आने मात्र से हम सभी शिक्षक बंधु -भगिनी काफी ऊर्जान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सभी को दही- चूड़ा के साथ - साथ स्वादिष्ट व्यंजन का भोज कराया गया।

कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

### चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

### प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



### किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



### दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

### गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




### सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगाड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

### सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

### चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

### खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

### ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेक्सचर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

### अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.